


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 254 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) मार्गशीर्ष शु.5 2081 शुक्रवार, 6 दिसंबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## तमिलनाडु विधानसभा स्पीकर को सुप्रीम कोर्ट से राहत

नई दिल्ली, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ऑल इंडिया अन्नाद्रमुक (एआईएडीएमके) वकील संगठन के संयुक्त सचिव की उस याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने तमिलनाडु विधानसभा स्पीकर के खिलाफ मानहानि के मामले को खोलने की मांग रखी थी। दरअसल, इससे पहले हाईकोर्ट ने एम. बाबू मुरुगवेल की तरफ से स्पीकर एम अप्पावु के खिलाफ दायर मानहानि के मामले को खारिज कर दिया था। इसी के खिलाफ मुरुगवेल सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। जस्टिस ऋषिकेश रॉय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने मद्रास हाईकोर्ट के 25 अक्टूबर, 2023 के उस आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया, जिसमें अप्पावु के खिलाफ मानहानि के मामले को रद्द कर दिया गया था।

# महाराष्ट्र में तीसरी बार फडणवीस सरकार

### ✲ शिंदे ने शपथ के पहले बालासाहेब का नाम लिया ✲ अजित छठी बार डिप्टी सीएम बने

मुंबई, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई के आजाद मैदान में गुरुवार को तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णनन ने उन्हें शपथ दिलाई। उन्होंने मराठी में शपथ ली। महाराष्ट्र में तीसरी बार सीएम बनने वाले वह भाजपा के पहले नेता हैं। फडणवीस के बाद पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने डिप्टी सीएम की शपथ ली। शपथ से पहले उन्होंने बाला साहेब ठाकरे और आनंद दिघे का नाम लिया और पीएम मोदी और अमित शाह को धन्यवाद दिया। शिंदे महाराष्ट्र के दूसरे ऐसे नेता हैं, जो सीएम के बाद डिप्टी सीएम बने। शिंदे की सरकार में फडणवीस डिप्टी सीएम बने थे।




शिंदे के बाद एनसीपी नेता अजित पवार ने डिप्टी सीएम की शपथ ली। वह छठी बार डिप्टी सीएम बने। वह महायुति और महाविकास अघाड़ी की सरकार में डिप्टी सीएम रह चुके हैं। शपथ समारोह में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ समेत कई मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री समेत तमाम नेता कार्यक्रम में मौजूद रहे। सचिन तेंदुलकर, शाहरूख खान, सलमान खान, संजय दत्त, रणबीर कपूर, रणवीर सिंह समेत 200 वीआईपी कार्यक्रम भी पहुंचे।

**मंत्रियों ने शपथ नहीं ली :**

सीएम और दोनों डिप्टी सीएम के अलावा किसी मंत्री को शपथ नहीं दिलाई गई। हालांकि महायुति के बीच कैबिनेट बंटवारे को लेकर 6-1 का फॉर्मूला तय हुआ है। यानी 6 विधायक पर एक मंत्री पद मिलेगा। इसके तहत भाजपा को 20 से 22 मंत्री पद, एकनाथ शिंदे गुट को 12 और अजित पवार गुट को 9 से 10 मंत्री पद दिए जा सकते हैं। शपथ समारोह के बाद महायुती की बैठक होगी। आगे की रणनीति और मंत्रिमंडल के गठन पर चर्चा होगी।

**महायुति ने 230, एमवीए ने 46 सीटें जीतीं**

महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग हुई थी। 23 नवंबर को रिजल्ट आया।

महायुति को 230 सीटें मिलीं। इसमें भाजपा को 132, शिवसेना को 57 और एनसीपी को 41 विधायक जीते। वहीं महाविकास अघाड़ी (एमवीए) को 46 और अन्य को 12 सीटें मिलीं। एमवीए में शिवसेना (यूबीटी) 20, कांग्रेस 16 और शरद पवार की एनसीपी को 10 सीटों पर जीत मिली। बहुमत का आंकड़ा 145 है।

# भारत में निवेश करना लाभदायक

### पीएम मोदी की 'मेक इन इंडिया' पहल की राष्ट्रपति पुतिन ने की तारीफ

मॉस्को, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'इंडिया फर्स्ट' पॉलिसी और 'मेक इन इंडिया' पहल जमकर तारीफ की। उन्होंने भारत में मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशन स्थापित करने की रूस की इच्छा व्यक्त की। मॉस्को में 15वें 'वीटीबी रशिया कॉलिंग इनवेस्टमेंट फोरम' को संबोधित करते हुए प्रेसिडेंट पुतिन ने रूस के 'इंपोर्ट सब्सीट्यूशन प्रोग्राम' और भारत की 'मेक इन इंडिया' पहल के बीच समानताएं बताईं। दो दिवसीय फोरम की शुरूआत बुधवार को मॉस्को में हुई।



रूसी राष्ट्रपति ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के पास भी 'मेक इन इंडिया' नामक एक ऐसा ही प्रोग्राम है। हम भी भारत में अपना मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशन स्थापित करने के लिए तैयार हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार देश को सर्वोपरि रखने की नीति के तहत स्थिर परिस्थितियां बना रही है। हमारा मानना है कि भारत में निवेश करना लाभदायक है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि रूसी तेल दिग्गज रोसनेफ्ट ने हाल ही में भारत में 20 अरब डॉलर का निवेश किया है।

पुतिन ने कहा कि मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने और विदेशी निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से शुरू की गई 'मेक इन इंडिया' पहल ने ग्लोबल इकॉनोमी में भारत की स्थिति मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ता दें 2025 की शुरूआत में रूसी राष्ट्रपति भारत यात्रा पर आने वाले हैं। क्रेमलिन के सहायक यूरी उशाकोव ने पिछले दिनों कहा, आप जानते हैं कि हमारे नेताओं के बीच साल में एक बार एक-दूसरे से मिलने का समझौता है। अब, 2025 में नई दिल्ली या भारत में किसी अन्य स्थान पर जाने की बारी हमारी है।

# 'आप चाहते हैं कि मजदूर भूखे मरें?'

### > प्रदूषण पर सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट की दिल्ली सरकार को फटकार

नई दिल्ली, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। इस दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकरा को फटकार लगाई। साथ ही दिल्ली के मुख्य सचिव से पूछा- क्या आपने हमारे आदेश के बाद निर्माण श्रमिकों को खुद को रजिस्टर्ड कराने के लिए एक भी नोटिस जारी किया? इस पर मुख्य सचिव ने कहा कि वह संबंधित विभाग के सचिव से इस बारे में पूछेंगे। हालांकि आदेश के बाद कोई नोटिस जारी नहीं किया गया।

कोर्ट ने पूछा कि तो फिर क्या रास्ता है? इस पर चीफ सेक्रेटरी ने कहा कि हम नोटिस जारी करेंगे। हमने निर्माण श्रमिकों को रोजगार देने वाली एजेंसियों को सूचित किया है। यूनियनों को सूचित किया गया है। कोर्ट ने पूछा कि कितनी यूनियनों को सूचित किया गया और कब? इसके जवाब में मुख्य सचिव ने कोर्ट से कहा कि 35 यूनियनों को सूचित किया गया और उन्हें कल इन्फॉर्म किया गया है। 2 दिसंबर को हमारी बोर्ड मीटिंग हुई और तब भी उन्हें सूचित किया गया था। मजदूरों को वेरिफाई किया जा रहा है, पोर्टल पर दी गई जानकारी से भी मिलान किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी से पूछा कि क्या हमें आपके बयान को रिकॉर्ड पर लेना चाहिए कि दिल्ली में केवल 90 हजार कंस्ट्रक्शन वर्कर्स हैं? अगर यह झूठा पाया जाता है तो इसका परिणाम आप जानिए। दिल्ली चीफ सेक्रेटरी ने कहा कि हम इसे फिर से वेरिफाई करेंगे।

# हम फिलिस्तीन देश बनाने के फैसले पर कायम : जयशंकर

### बंधकों का मुद्दा कम नहीं आंक सकते, इजराइल हमारी मुसीबत में साथ खड़ा रहा

नई दिल्ली, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आज संसद में एक संप्रभु और आजाद फिलिस्तीनी देश बनाने पर भारत की तरफ से समर्थन जताया है। उन्होंने कहा कि इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष खत्म करने के लिए भारत अपने टू स्टेट सॉल्यूशन यानी अलग फिलिस्तीन देश बनाए जाने के फैसले पर कायम है।

हालांकि विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि इजराइली बंधकों के मुद्दों को भी कम नहीं आंका जा सकता या इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इजराइल के साथ डिफेंस पार्टनरशिप का बचाव करते हुए जयशंकर ने कहा- इजराइल ऐसा देश है जिसके साथ राष्ट्रीय सुरक्षा में सहयोग का हमारा मजबूत रिकॉर्ड है। इजराइल उस वक्त भी हमारे साथ खड़ा रहा है जब हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में थी। जयशंकर ने कहा, हम जब कोई फैसला लेंगे तो बड़े मुद्दों को ध्यान में रखेंगे, लेकिन अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा का हित भी देखेंगे। संसद में प्रश्न काल के दौरान गाजा पर संयुक्त राष्ट्र के सभी प्रस्तावों से भारत के दूरी बनाए जाने को लेकर सवाल उठाया गया। जिसके जवाब में विदेश मंत्री ने कहा, इजराइल-हमास संघर्ष की शुरूआत के बाद से, फिलिस्तीन से जुड़े 13 प्रस्ताव यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली में लाए गए, जिनमें से भारत ने 10 प्रस्तावों के सपोर्ट में वोट किया और तीन प्रस्तावों पर वोटिंग से परहेज किया। जयशंकर से इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, पूर्व रक्षा प्रमुख योव गैलेंट और हमास नेता मोहम्मद दाइफ के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) के गिरफ्तारी वारंट के बारे में भी पूछा गया, जिस पर उन्होंने कहा कि भारत आईसीसी का सदस्य नहीं है। भारत और इजराइल के बीच काफी पुराने रक्षा संबंध रहे हैं। पाकिस्तान और चीन के साथ हुए युद्धों में इजराइल ने भारत की मदद की थी। ये वह दौर था जब भारत को हथियारों की सख्त जरूरत थी। मीडिया हाउस हारेट्ज की रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली हथियारों को खरीदने वाले देशों में भारत टॉप पर है। 2019-2023 के बीच इजराइल के कुल डिफेंस एक्सपोर्ट में भारत की हिस्सेदारी 37 प्रतिशत थी।



## प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली



### 1947 से पहले के पूजास्थलों में बदलाव की इजाजत नहीं-हिंदू पक्ष ने चुनौती दी

नई दिल्ली, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में आज प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 की कानूनी मान्यता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज सुनवाई नहीं हुई। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस मनमोहन की तीन जजों की बेंच मामले की सुनवाई से पहले ही उठ गई। हिंदू पक्ष ने 1991 में बने इस कानून को चुनौती दी है। कानून के मुताबिक, 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। इस मामले में अब तक कुल छह याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट में आज इन सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई होगी। याचिकाकर्ताओं में हिंदू पक्ष की तरफ से विश्वभद्र पुजारी पुरोहित महासंघ, सुब्रह्मण्यन स्वामी और अश्विनी उपाध्याय शामिल हैं। वहीं मुस्लिम पक्ष की ओर से जमीअत उलमा ए हिंद कोर्ट पहुंचे हैं।

## लेटरल एंट्री के जरिए 63 विशेषज्ञों की सरकारी विभागों में हुई नियुक्ति

नई दिल्ली, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार की तरफ से गुरुवार को राज्यसभा को बताया गया कि 2019 से 2023 तक लेटरल एंट्री मोड के माध्यम से केंद्र सरकार के कई विभागों में 63 विशेषज्ञों की नियुक्ति की गई है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने उच्च सदन में एक लिखित उत्तर में कहा कि इनमें से 35 अनुबंध के आधार पर और शेष 28 प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किए गए हैं। राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, विशिष्ट कार्य के लिए व्यक्तियों की नियुक्ति के लिए 2018 से संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के स्तर पर लेटरल भर्ती की गई है, जिसमें डोमेन क्षेत्र में उनके विशेष ज्ञान और विशेषज्ञता को ध्यान में रखा गया है।

# संसद में विपक्ष का हल्लाबोल, 'मोदी-अदाणी एक हैं'

### > लिखी जैकेट पहनकर विरोध करने पहुंचे राहुल-प्रियंका

नई दिल्ली, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। पिछले कुछ दिनों से सड़क से लेकर संसद तक अदाणी से जुड़ा मुद्दा सुर्खियों में है। इसे लेकर सियासी गलियारों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। संसद में विपक्षी दलों के नेता लगातार अदाणी मुद्दे को लेकर सरकार पर सवाल उठा रहे हैं और जांच की मांग की जा रही है। आज एक बार फिर विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी सहित विपक्ष के अन्य नेता शामिल हुए। सभी ने जैकेट पहन रखी थी। इस पर लिखा था 'अदाणी और मोदी' एक हैं।




**इन लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन**

विपक्ष अरबपति गौतम अदाणी के खिलाफ आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की मांग कर रहा है, जिन्हें अमेरिकी अभियोजकों ने रिश्वत धोखाधड़ी के आरोपों में दोषी ठहराया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और उनकी सांसद बहन प्रियंका गांधी सहित विपक्षी सांसदों ने गुरुवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

**राहुल आए अलग नजर:**

इस दौरान अदाणी मुद्दे पर प्रदर्शन करने के लिए स्पेशल जैकेट पहने नजर आए, जिस पर पीछे की तरफ लिखा है, 'मोदी अदाणी एक है, अदाणी सेफ है।' जहां एक तरफ विरोध करने वाले सांसद जैकेट पहने नजर आए, तो वहीं राहुल गांधी अलग ही अंदाज में नजर आए। राहुल हमेशा की तरह सफेद टी-शर्ट पहनकर संसद पहुंचे, लेकिन टी-शर्ट के पीछे की तरफ वही स्लोगन लिखा नजर आया, जो अन्य नेताओं की जैकेट पर लिखा था।

**रिजिजू का तंज, मेघवाल ने भी घेरा**

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने बताया कि वे विपक्षी दलों के व्यवहार से दुखी हैं। उन्होंने विपक्ष पर संसद के अंदर बोलने के बजाय रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर बाहर नाटक करने का आरोप लगाया। रिजिजू ने कहा कि यह संसदीय परंपरा और संसद की गरिमा के अनुरूप नहीं है। किरेन रिजिजू के अलावा केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन सिंह मेघवाल ने भी विपक्ष को घेरा। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गुरुवार को बीआर आंबेडकर को उनका हक नहीं देने और पहले लोकसभा चुनाव में उनकी हार सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने भारतीय रिजर्व बैंक के साथ वित्त आयोग के निर्माण का श्रेय भी आंबेडकर को दिया।

इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि संविधान की बात करने वाली कांग्रेस ने आंबेडकर को कभी वह हक नहीं किया, जिसका वे हकदार थे। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दावा किया कि आंबेडर के समर्थकों से कांग्रेस ने मतपत्र पर दो बार मतदान कराया, जिससे उनका वोट अवैध हो गया और उनकी (आंबेडकर) की हार हो गई।

# 'कृषि क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने में मदद करें'

### राष्ट्रपति मुर्मू का वैज्ञानिकों से आह्वान

भुवनेश्वर, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कृषि क्षेत्र के वैज्ञानिकों से ऐसी तकनीक विकसित करने और प्रसारित करने का आह्वान किया, जो कि प्राकृतिक आपदाओं, जलवायु परिवर्तन के भयानक प्रभावों और संसाधनों के अत्याधिक दोहन की समस्याओं से निपटने में मदद करे।



राष्ट्रपति ने यह टिप्पणी ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 40वें दीक्षांत समारोह में संबोधन के दौरान की। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से अपील की कि वह आगे आकर मृदा, पानी और पर्यावरण को जलवायु परिवर्तन से बचाने के लिए नए विचार लाएं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, कृषि वैज्ञानिकों के पास ऐसे मुद्दों से निपटने की अहम जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, रासायनिक फर्टिलाइजर्स और कीटनाशकों ने इस क्षेत्र के लिए नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। इनका मृदा, पानी और पर्यावरण पर पड़ने वाला प्रभाव हम सभी के लिए चिंता की बात है। युवा वैज्ञानिकों को इन समस्याओं का समाधान ढूंढना होगा। इस बीच राष्ट्रपति ने पिछले एक दशक में कृषि उत्पादन और इसके दूसरे देशों में निर्यात में सफलता को लेकर संतुष्टि जताई। उन्होंने कहा, यह हमारे कृषि वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन और किसानों के कठिन परिश्रम की वजह से संभव हुआ है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था कृषि क्षेत्र, मत्स्य उत्पादन और पशुधन के विकास से मजबूत होग सकती है। राष्ट्रपति ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए छात्रों से नवोन्मेषी विचारों और लक्षित कार्यों के जरिए योगदान देने की अपील की।

# राहुल गांधी का इंडिया गुट में ही विरोध

### ममता के बाद अखिलेश और उद्धव ठाकरे के भी बदले तेवर



नई दिल्ली, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। इंडिया ब्लॉक तो लोकसभा चुनाव से पहले ही लड़खड़ाने लगा था, लेकिन 4 जून को नतीजे आने के बाद अचानक सब कुछ बदल सा गया। राहुल गांधी के साथ पूरा विपक्ष एकजुट नजर आने लगा। राहुल गांधी के साथ-साथ विपक्षी सांसद भी हाथों में संविधान की कॉपी लिये लोकसभा पहुंचे। शपथ के दौरान भी राहुल गांधी के हाथ में संविधान देखा गया और वायनाड से उपचुनाव जीतकर लोकसभा पहुंची प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी परंपरा को कायम रखा। करीब करीब सब ठीक ही चल रहा था, लेकिन अदानी ग्रुप के कारोबार की जेपीसी जांच के मुद्दे पर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस में ठन गई।

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सबसे बड़े मददगार साबित हुए समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव को भी राहुल गांधी का संभल प्लान अच्छा नहीं लगा है और उद्धव ठाकरे के मन की बात भी सामना के जरिये सामने आ चुका है। मुद्दे की बात ये है कि जो राहुल गांधी विपक्षी दलों के नेताओं के बूते ही गुजरात तक जाकर बीजेपी को हराने का दावा कर रहे थे, ऐसा लग रहा है जैसे हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों की हार ने एक झटके में 2019 और 2014 वाली स्थिति में पहुंचा दिया है।

अदानी ग्रुप के कारोबार की जांच का मुद्दा अब बोझ बनता जा रहा है, लेकिन राहुल गांधी का पसंदीदा शगल होने की वजह से कांग्रेस के लिए इसे छोड़ना भी मुश्किल हो रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 25 और 26 नवंबर को इंडिया ब्लॉक की मीटिंग बुलाई थी, लेकिन तृणमूल कांग्रेस का कोई भी नेता शामिल नहीं हुआ- और ये सिलसिला जारी है। 4 दिसंबर को संसद के शीतकालीन सत्र में कांग्रेस की ओर से अदानी का मुद्दा उठाया गया, और उसके बाद कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने सदन से वॉकआउट किया।

### इसरो ने फिर रचा कीर्तिमान

## यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा-3 मिशन को सफलतापूर्वक किया प्रक्षेपित

श्रीहरिकोटा, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी59 रॉकेट लॉन्च किया। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा-3 मिशन को लेकर इसने शाम 4.04 बजे उड़ान भरी। इसरो इस मिशन को बुधवार की शाम 4 बजकर 8 मिनट पर लॉन्च करने वाला था, लेकिन प्रोपल्शन सिस्टम में आई खराबी के कारण इसकी लॉन्चिंग को एक दिन के लिए टाल दिया गया था।

**1,778 करोड़ का आया है खर्च :**

प्रोबा-3, यूरोपीय स्पेस एजेंसी (ईएसओ) के प्रोबा सीरीज का तीसरा सोलर मिशन है। खास बात ये है कि प्रोबा सीरीज के पहले मिशन को भी इसरो ने ही 2001 में लॉन्च किया था। प्रोबा-3 मिशन के लिए स्पेन, बेल्जियम, पोलैंड, इटली और स्विट्जरलैंड की टीमों ने काम किया है। इस पर करीब 20 करोड़ यूरो (करीब 1,778 करोड़ रुपये) का खर्च आया है।

**सूर्य के कोरोना का अध्ययन करेगा प्रोबा-3 :**

प्रोबा-3 मिशन के जरिए वैज्ञानिक सूर्य के अंदरूनी और बाहरी कोरोना के बीच बने काले घेरे का अध्ययन करेंगे। सूर्य के कोरोना का तापमान 20 लाख डिग्री फेरनहाइट तक जाता है। किसी उपकरण की मदद से इसका अध्ययन करना मुमकिन नहीं होता है। प्रोबा-3 के दो सैटेलाइट कोरोनाग्राफ (310 किग्रा) और ऑकल्टर (240 किग्रा) मिलकर सूर्यग्रहण की नकल बनाएंगे। इससे सूर्य से निकलने वाली तीव्र रोशनी को रोका जा सकेगा और ऐसा करने से सूर्य के कोरोना का अध्ययन करना भी आसान हो जाएगा। वैज्ञानिक पता लगाएंगे कि आखिर सूर्य के कोरोना का तापमान उसकी सतह से इतना अधिक क्यों होता है।

# 'ठीक से काम नहीं किया तो बुलडोजर के नीचे डाल देंगे, याद रखना'

### गडकरी की ठेकेदारों को चेतावनी

नई दिल्ली, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा में अपने मंत्रालय से जुड़े कार्यों और सदस्यों के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान गडकरी ने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर रोष जाहिर किया। इतना ही नहीं, उन्होंने सड़क परियोजनाओं में कॉन्ट्रैक्टर्स की लापरवाही से लेकर टोल केंद्रों की संख्या को लेकर भी जवाब दिया।



दरअसल, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के सांसद हनुमान बेनीवाल ने लोकसभा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे की खामिया गिनाईं थीं और 150 से ज्यादा लोगों की मौत की बात कही थी। नागौर से सांसद ने बताया था कि अकेले दौसा में ही 50 से ज्यादा लोगों की मौतें हुई हैं। उन्होंने एक्सप्रेस-वे पर लगाए गए ठेकेदारों और अफसरों पर कार्रवाई और जांच रिपोर्ट को लेकर केंद्रीय मंत्री से जानकारी मांगी थी। इस पर गडकरी ने कहा, यह देश का सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे है और वैश्विक स्तर पर सबसे कम समय में बनाया गया है। इसकी कीमत एक लाख करोड़ रुपये है। केंद्रीय मंत्री ने अपने जवाब में कहा कि लेयर में फर्क आया है, लेकिन मैटेरियल में बदमाशी नहीं हुई है। कुछ जगह पर लेयर जरूर दब गई है, जिसका पता चला। हमने इसको सुधारने के लिए कहा था, जिसे सुधारा गया है। जहां लेयर में फर्क आया है, उसके लिए 4 ठेकेदारों को हमने जिम्मेदार ठहराया और उनको नोटिस देकर कड़ी कार्रवाई करेंगे। जो अधिकारी हैं, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

गडकरी ने कहा, अगर ऐसे क्वालिटी से जुड़ा खराब काम कॉन्ट्रैक्टर करता है तो वो छह महीने तक कोई टेंडर नहीं भर सकेगा। ऐसी नीति हमने बनाई है और अधिकारी जो हैं, उनको भी विशेष रूप से इसमें कार्रवाई कर के नौकरी से सस्पेंड करेंगे। पीएम मोदी के नेतृत्व में मेरे विभाग ने 50 लाख करोड़ के कार्य किए हैं। किसी भी कॉन्ट्रैक्टर को अपने कॉन्ट्रैक्ट के लिए मंत्रालय नहीं आना पड़ा। हम पारदर्शी हैं, समय सीमा को लेकर प्रतिबद्ध हैं और नतीजे चाहते हैं।

# 'शिंदे युग समाप्त, अब वे कभी भी सीएम नहीं बनेंगे

## फडणवीस के मुख्यमंत्री बनने पर संजय राउत का कटाक्ष



मुंबई, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में नए मुख्यमंत्री को लेकर जारी सस्पेंस से पर्दा उठ चुका है। भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस राज्य के अगले मुख्यमंत्री बन गए हैं। महायुति गठबंधन (भाजपा, शिवसेना, राकांपा) द्वारा फडणवीस को सीएम चुने जाने पर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि शिंदे युग समाप्त हो गया। वह अब कभी भी सीएम नहीं बनेंगे। संजय राउत ने यह बयान देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा और निवर्तमान सीएम एकनाथ शिंदे को उपमुख्यमंत्री पद की पेशकश के बाद दी। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने दावा किया कि भाजपा ने शिंदे का इस्तेमाल किया और अब उन्हें किनारे कर दिया गया। संजय राउत ने स्पष्ट बहुमत होने के बावजूद महाराष्ट्र के सीएम का खुलासा करने में देरी पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि महायुति कुछ गड़बड़ है।

**संजय राउत ने दी प्रतिक्रिया**

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा, आज देवेंद्र फडणवीस राज्य के मुख्यमंत्री बनेंगे। उनके पास बहुमत होने के बावजूद वे पिछले 15 दिनों से सरकार नहीं बना पा रहे थे। इसका यह मतलब है कि उनकी पार्टी या महायुति में कुछ गड़बड़ है। यह दिक्कत कल से दिखना शुरू हो जाएगा। बता दें कि देवेंद्र फडणवीस आज मुंबई के आजाद मैदान में शपथ ग्रहण करेंगे। उनके साथ एकनाथ शिंदे और अजित पवार भी महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम पद की शपथ लेंगे। इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाने का फैसला कई दिनों की अटकलों के बाद लिया गया। दरअसल, एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बने रहना चाहते थे, लेकिन भाजपा ने झुकने से इनकार कर दिया था। ऐसे में शिंदे ने कहा कि वह पीएम मोदी के चयन का समर्थन करेंगे।

**महाराष्ट्र में महायुति की जीत**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) का प्रदर्शन अच्छा नहीं था। पार्टी 36 सीटों पर चुनाव लड़ी, लेकिन उन्हें केवल 10 पर ही जीत मिली। भाजपा 132 से ज्यादा सीटें जीती। वहीं अगर भाजपा नीत महायुति के घटक दलों की बात करें तो एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने 57 और अजित पवार की राकांपा 41 सीटें जीतने में कामयाब रही। महाविकास आघाड़ी (कांग्रेस, शिवसेना-यूबीटी, राकांपा-एसपी) ने सिर्फ 46 सीटें जीतीं।

## थाना में फेंका गया ग्रेनेड टूटी खिड़कियां, आतंकी हैप्पी ने ली जिम्मेदारी

अमृतसर, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। अमृतसर में देर रात करीब 11 बजे जिला देहाती में आने वाले थाना मजीठा के अंदर एक अज्ञात शख्स ने हैंड ग्रेनेड फेंक दिया। ग्रेनेड थाने के बिल्कुल अंदर खुली जगह पर फेंका गया, जिसके बाद जबरदस्त धमाका हुआ। हरकत में आई पुलिस ने तुरंत थाने के गेट बंद कर लिए। हैंड ग्रेनेड से हुए हमले की जिम्मेदारी आतंकवादी हैप्पी पसिया ने ली है। हैप्पी पस्सियां ने ही कुछ दिन पहले अजनाला थाने के बाहर आईडी रखवा कर थाने को उड़ाने की योजना बनाई थी धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना मिलने पर एसपी चरणजीत सिंह, डीआईजी सतिंदर सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी।

# पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह संटी आप में हुए शामिल, केजरीवाल ने किया स्वागत



नई दिल्ली, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक और सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के चलते पद्मश्री से सम्मानित जितेंद्र सिंह संटी आज आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी दफ्तर में उन्हें पटका पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। संटी शाहदरा से 2013 में बीजेपी के विधायक रह चुके हैं। संटी, शाहिद भगत सिंह सेवा दल नामक एनजीओ चलते हैं। इस एनजीओ के जरिए वे लावारिश शवों का अंतिम संस्कार करवाते हैं। दिल्ली विधानसभा के वर्तमान स्पीकर राम निवास गोयल शाहदरा से ही विधायक हैं। आज ही रामनिवास गोयल ने चुनावी राजनीति से सन्यास लेने की इच्छा जाहिर की है। जितेंद्र सिंह संटी ने कहा--मैं राजनीति से बहुत दूर हो चुका था, कोविड में दौरान लोगों की सेवा करने का मौका मिला। इसी दौरान मुझे अरविंद जी का फोन आया कि वो भी इस यज्ञ में आहुति देना चाहते हैं। परिवार ने भी कहा की साथ आ जाना चाहिए। अरविंद जी दिल्ली में जीते जी लोगों की सेवा करते हैं और में मरने के बाद। तो दोनों साथ मिल जाए तो जीने से मारने तक लोगों को सम्मान मिलेगा।

## सराफा दुकान से डेढ़ किलो चांदी और नकदी चोरी

### आठ चोर सीसीटीवी में कैद

दमोह, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। दमोह जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र की मुकेश कॉलोनी में बुधवार रात चोरों के एक गिरोह ने सराफा दुकान का शटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर डेढ़ किलो चांदी और 14 हजार रुपये नगद लेकर फरार हो गए। चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, जिसमें 8 चोरों का गिरोह सड़क पार करता नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार, मुकेश कॉलोनी में प्रदीप सोनी की मां ज्वेलर्स नामक दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर प्रवेश किया। दुकान से चांदी के आभूषण और नगदी लेकर चोर भाग गए। वारदात के बाद यह गिरोह सुभाष कॉलोनी की ओर भागता देखा गया। इस दौरान एक ऑटो चालक ने चोरों को देखा और शोर मचाया, जिसके बाद वे फरार हो गए। कोतवाली टीआई आनंद राज ने बताया कि मुकेश कॉलोनी में एक सराफा दुकान में चोरी की वारदात हुई है। सीसीटीवी कैमरों के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है और मामला दर्ज कर लिया गया है।

# नेहरू के आलोचक और प्रशंसक

## उनकी छाया में जी रहे हैं,नेहरू का भारत के विमोचन में बोले जयराम रमेश ?



नई दिल्ली, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली में वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के आलोचक और प्रशंसक दोनों ही उनकी छाया में जी रहे हैं। फिर भी देश के पहले प्रधानमंत्री की सरकार के बारे में 2014 से बहुत सी आलोचनाएं हुईं। बड़े दुर्भाग्य की बात है कि ये अलोचना उनकी हुई, जिन्होंने सबसे ज्यादा सालों तक देश की सत्ता को अपने नेतृत्व में चलाया। लेखक-विद्वान आदित्य मुखर्जी की किताब 'नेहरू का भारत' विमोचन के दौरान उन्होंने कहा कि इस किताब से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। इस किताब से सबसे अहम सीखने वाली बात ये है कि न केवल भारत के विचार बल्कि नेहरू के विचार की भी देश में रक्षा की जानी चाहिए। इस विचारधारा की देश के नए और पुराने आलोचकों से रक्षा की जानी चाहिए। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि हम सभी नेहरू के नेतृत्व में तैयार किए हुए देश में रह रहे हैं। हममें से कई लोगों ने नेहरू को आत्मसात कर लिया है और कुछ उनका विरोध करते हैं। जो लोग नेहरू का विरोध करते हैं, वे भी नेहरू की छाया से बच नहीं सकते। पेंगुइन की ओर से प्रकाशित इस किताब में भारत के सांस्कृतिक अतीत के बारे में नेहरू की समझ पर लिखी हुई है। साथ ही सांप्रदायिकता और धर्मनिरपेक्षता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के बारे में भी इसमें चर्चा की गई है। राज्यसभा में पारित बॉयलर्स बिल, 2024 का उन्होंने उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि 2014 में बनी सरकार ने नेहरू की सबसे ज्यादा आलोचना करने में शामिल है।

## मकान मालिक और उसके बेटों ने 2 लड़कियों को लकड़ी और टायर से पीटा

भुवनेश्वर, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के खारवेल नगर इलाके में एक विवाद के चलते हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। मामला एक मकान मालिक और दो महिला किरायेदारों के बीच का है, जहां झगड़ा इतना बढ़ गया कि बात हाथापाई तक पहुंच गई। मकान मालिक और महिला किरायेदारों के बीच मारपीट का चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। मकान मालिक अपने घर में एक हॉस्टल चला रहा था। मकान मालिक और उसके बेटों ने दो महिला किरायेदारों को लकड़ी और टायर से पीटा। यह पूरा मामला वहां मौजूद किसी शख्स ने मोबाइल रिकॉर्ड कर लिया, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मकान मालिक का आरोप है कि महिलाएं कई महीनों से किराया नहीं दे रही थीं और तो और हॉस्टल छोड़ने से मना भी कर रही थीं। इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आते ही मामला लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। वीडियो में मकान मालिक और उनके बेटे महिला किरायेदारों पर हमला करते हुए साफ नजर आ रहे हैं।

# भाजपा नेता प्रवीण नेट्टारू हत्या केस में एनआईए का एक्शन, 16 जगहों पर छापेमारी



बंगलूरू, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को कर्नाटक में 16 जगहों पर छापेमारी की है। बताया गया है कि एजेंसी की तरफ से यह जांच भाजपा नेता प्रवीण नेट्टारू की हत्या से जुड़े मामले में की जा रही है। भाजपा युवा मोर्चा के सदस्य प्रवीण नेट्टारू की बेल्लारी में 26 जुलाई 2022 में उनकी दुकान के सामने एक वाहन में सवार तीन लोगों ने हत्या कर दी थी। सुलिया तालुक के बेल्लारे गांव में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के 'किलर स्क्वॉड' या सर्विस टीम्स ने कथित तौर पर उनकी हत्या कर दी थी। कर्नाटक सरकार की सिफारिश के बाद तीन अगस्त को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एनआईए को इस मामले की जांच सौंपने का आदेश दिया था। मामले में पहले 27 जुलाई को दक्षिण कन्नड़ जिले के बेल्लारे पुलिस थाने में पहला मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद चार अगस्त को एनआईए ने फिर से मामला दर्ज किया था।

**20 जनवरी को दाखिल की गई थी प्रारंभिक चार्जशीट**

भाजपा नेता प्रवीण नेट्टारू की हत्या के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पिछले साल प्रतिबंधित संगठन पीएफआई के दो कार्यकर्ताओं के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया था। एनआईए के एक प्रवक्ता ने इसके बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि पीएफआई के मास्टर आर्म्स ट्रेनर थुफैल एमएच और मोहम्मद जाबिर के खिलाफ एक विशेष अदालत में आरोप पत्र दायर किया गया है। दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराएं लगाई गई हैं। एनआईए के प्रवक्ता ने आगे बताया था कि फरार चल रहे थुफैल को हाल ही में बंगलूरू में एनआईए की एक टीम ने ट्रैक किया था। जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी की गई थी। इस मामले में अब तक कुल 21 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है।

# धार में इनकम टैक्स का छापा

### बड़े व्यापारियों के 12 ठिकानों पर जांच जारी

धार, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। धार जिले के मनावर में गुरुवार सुबह इनकम टैक्स विभाग की टीम ने 12 स्थानों पर छापा मारा। 28 वाहनों में सवार इनकम टैक्स विभाग के अधिकारी अलसुबह 6:30 बजे पहुंचे कार्रवाई शुरू की। जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई मनावर के बड़े व्यापारी आरसी जैन, प्रॉपर्टी ब्रोकर अमित शर्मा, राजेश शर्मा, कालू उर्फ बब्बू टेलर, जहीर शेख, पंकज गोधा और क्रिकेट सट्टा कारोबार से जुड़े गोलू पहाड़िया के ठिकानों पर की जा रही है। टीम ने घरों, दुकानों, ऑफिस और एक पेट्रोल पंप पर एक साथ छापा मारकर जांच शुरू की। छापेमारी आय से अधिक संपत्ति और कर चोरी की आशंका को लेकर की गई है। सभी स्थानों पर दस्तावेजों की जांच की जा रही है। कार्रवाई को लेकर अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। उनका कहना है कि अभी कार्रवाई जारी है।

# गुजरात: भारतीय कोस्ट गार्ड ने ली पाक एजेंसी की मदद और बचा ली 12 लोगों की जान



पोरबंदर, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय तटरक्षक बल ने देश के एक व्यापारिक जहाज के 12 चालक दल के सदस्यों को बचाया है। यह जहाज गुजरात के पोरबंदर से ईरान के बंदर अब्बास बंदरगाह तक की यात्रा के दौरान उत्तरी अरब सागर में डूब गया था। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यह जहाज 'एमएसवी अल पिरानपीर' बुधवार को भारतीय जलक्षेत्र के बाहर पाकिस्तान के खोज और बचाव क्षेत्र में डूब गया था। इसलिए, भारतीय तटरक्षक बल ने पाकिस्तान समुद्री सुरक्षा एजेंसी (पीएमएसए) के साथ मिलकर बचाव अभियान चलाया। इस बचाव मिशन में भारतीय तटरक्षक बल और पीएमएसए के बीच घनिष्ठ सहयोग देखा गया, जिसमें दोनों देशों के समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) पूरे अभियान के दौरान निरंतर संचार बनाए रखते थे।

**2 दिसंबर को रवाना हुआ था जहाज**

व्यापारी जहाज 2 दिसंबर को सामान्य माल के साथ पोरबंदर से ईरानी बंदरगाह के लिए रवाना हुआ था। सुबह समुद्र में तूफान और बाढ़ के कारण यह डूब गया। भारतीय तटरक्षक बल के एमआरसीसी, मुंबई को एक संकट कॉल प्राप्त हुई, जिसने गांधीनगर में आईसीजी क्षेत्रीय मुख्यालय (उत्तर पश्चिम) को तुरंत सतर्क कर दिया। आईसीजी जहाज सार्थक को तुरंत बताए गए स्थान पर भेज दिया गया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि क्षेत्र में नाविकों को सतर्क करने के लिए एमआरसीसी पाकिस्तान से भी संपर्क किया गया और उनकी सहायता तुरंत प्रदान की गई। बाद में, जहाज सार्थक संभावित स्थान पर पहुंचा और व्यापक खोज अभियान चलाया।

**270 किमी दूर मिले नाविक**

इसमें कहा गया है कि 12 चालक दल के सदस्य, जिन्होंने अपने जहाज को छोड़ दिया था और एक छोटी नाव में शरण ली थी, उन्हें पाकिस्तान के खोज और बचाव क्षेत्र में द्वारका से लगभग 270 किमी पश्चिम में पाया गया और बचाया गया। जीवित बचे लोगों की खोज में पीएमएसए विमान और व्यापारी जहाज एमवी कॉस्को ग्लोरी द्वारा सहायता प्रदान की गई। बचाए गए चालक दल के सदस्यों की सार्थक जहाज पर एक चिकित्सा दल द्वारा जांच की गई और बताया गया कि वे अच्छे स्वास्थ्य में हैं।

## पिट्ठू बैग में 'खजाना' लेकर टहल रहा था लड़का, पुलिस को देख भागने लगा, फिर जो पता चला

यमुनानगर, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के यमुनानगर स्टेशन अंडर ब्रिज पर पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है।स्टेशन अंडर ब्रिज के पास आधी रात को जीआरपी की टीम स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों की चेकिंग में जुटी थी। जीआरपी ने चेकिंग के दौरान युवक को हिरासत में लिया, जिसके पास से 40 लाख 73 हजार 500 रुपये की नकदी बरामद हुई। पुलिस ने युवक को शक के आधार पर पकड़ा था। तलाशी के दौरान मामला निकलकर सामने आया। जब पुलिस ने उससे पूछताछ की, तो वह बार-बार अपने बयान बदलने लगा, जिससे पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। यमुनानगर पुलिस के अनुसार, जीआरपी थाना पुलिस टीम ने रादौर रोड स्थित रेलवे अंडर ब्रिज पुल के पास संदिग्ध युवक को पकड़ा था। युवक पिट्ठू बैग के साथ उस इलाके में काफी देर से घूम रहा था। पुलिस को युवक पर शक हुआ और जब पुलिस उसकी ओर बढ़ी, तो वह युवक पुलिस को देखकर इधर-उधर भागने लगा। शक के आधार पर जीआरपी पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ा और बैग की तलाशी ली, जिसमें पूरी तरह से नोट भरे हुए थे।

# असम में बीफ पर प्रतिबंध: सीएम हिमंत को विपक्ष ने घेरा

## कहा- उन्हें कुछ राजनीतिक ब्राउनी पॉइंट मिलने की उम्मीद





मुंबई, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। गुवाहाटी सरकार ने हाल ही में रेस्तरां, होटल, सार्वजनिक समारोहों और अन्य सामुदायिक स्थानों पर बीफ परोसने और खाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का एलान किया है। अब इस पर सियासी विवाद गहरा गया है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और कांग्रेस ने जमकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को घेरा। उन्होंने कहा कि आरएसएस नेताओं ने कहा है कि इस देश में भोजन पर प्रतिबंध नहीं होना चाहिए। साथ ही पूछा कि अगर उन्होंने असम में प्रतिबंध लगाया है तो गोवा, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मिजोरम, मणिपुर में क्यों नहीं लगाया गया, जहां उनकी सरकारें हैं? शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा, 'मुझे नहीं पता यह क्या फैसला है। मगर, आरएसएस नेताओं ने कहा है कि इस देश में भोजन पर कोई प्रतिबंध नहीं लगना चाहिए। अगर उन्होंने असम में प्रतिबंध लगाया है तो गोवा, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मिजोरम, मणिपुर में क्यों नहीं लगाया गया, जहां उनकी सरकारें हैं? आपने वहां बीफ पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया? कर दो। केवल असम ही क्यों?'शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, 'यह सरकार को फैसला लेना है। इसमें कुछ भी राजनीतिक नहीं है। गौर करने वाली बात यह है कि मुख्यमंत्री को उम्मीद है कि उन्हें विपक्ष पर लगाए गए आरोपों के आधार पर कुछ राजनीतिक ब्राउनी पॉइंट मिलने की उम्मीद है। इसलिए, यह एक विकल्प है

जिसे उन्हें चुनना था और उन्होंने विकल्प बना लिया है। लेकिन अगर वह इससे कोई राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं, तो उन्हें याद रखना चाहिए कि झारखंड के प्रभारी के रूप में, वह सिर्फ एक चुनाव हारने में कामयाब रहे, जब उन्होंने इसे हिंदू बनाम मुस्लिम के बारे में बताया।' कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा, 'झारखंड में, भाजपा को हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। वह अपनी हार और शर्मनाक हार को छिपाने के लिए आज यह साजिश रची जा रही है। मेरा मानना है कि जिस तरह से झारखंड के लोगों ने नफरत और घुसपैठियों की राजनीति को हराया, उसी तरह आने वाले चुनाव में, असम के लोग हिमंत बिस्वा सरमा की भ्रष्ट सरकार को दंडित करेंगे।'

# सोनीपत पहुंची स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव

## ईवीएम को लेकर कांग्रेस पर कसा तंज, विपक्ष से मांगा जवाब



सोनीपत, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। सोनीपत में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश में बीमा सखी योजना के तहत 33 हजार सखी बनाई जाएंगी, ताकि सभी लोगों को बीमा योजना के प्रति जागरूक किया जा सके। सरकार का उद्देश्य है कि बीमा सखी योजना के तहत सभी महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि लोकसभा में भाजपा की सरकार बनी तो ईवीएम में गड़बड़ी नहीं थी, लेकिन विधानसभा चुनाव में ईवीएम में गड़बड़ी थी तो कांग्रेस इस बात का भी जवाब दे। मंत्री आरती सिंह राव 9 दिसंबर को पानीपत में होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर सोनीपत पहुंची। सेक्टर-14 स्थित विधायक निखिल मदान के कार्यालय में उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। यहां पत्रकारों से बातचीत में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने किसानों के दिल्ली कूच के सवाल पर कहा कि किसानों के मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से कमेटी का गठन किया गया है। किसानों की सुनवाई कमेटी के माध्यम से की जाएगी। किसानों की मांग पर पंजाब व हरियाणा के सेवानिवृत्त न्यायाधीश कमेटी का नेतृत्व कर रहे हैं। सरकार किसानों की सभी मांगों पर सुनवाई कर रही है। प्रदेश में सभी 24 फसलों की खरीद एमएसपी के अनुसार ही होती है। आरती सिंह राव ने कहा कि अगर किसान किसी अन्य प्रदेश से हैं तो वह अपने ही प्रदेश में प्रदर्शन करें, हरियाणा से क्यों। किसी भी बात को शांतिपूर्ण तरीके से रखा जा सकता है, सरकार हर बात सुनने को तैयार जिला नागरिक अस्पताल में अव्यवस्था के सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अस्पताल को लेकर विधायक निखिल मदान के साथ काफी चर्चा की गई है।

## मुडा मामले को लेकर प्रियांक का ईडी पर हमला, कहा-कुछ और नहीं, बस गुलाम निदेशालय और बीजेपी की कठपुतली

बंगलूरू, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मंत्री और कांग्रेस नेता प्रियांक खरगे ने एक बार फिर भाजपा सरकार और ईडी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को 'गुलाम निदेशालय' बताया। साथ ही कहा कि ईडी कुछ और नहीं बल्कि 'भाजपा सरकार की असहाय कठपुतली' है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'प्रवर्तन निदेशालय गुलाम निदेशालय बन गया है। वो और कुछ नहीं बल्कि भाजपा सरकार की असहाय और लाचार कठपुतली है। मुडा मामले में सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ ईडी की लीक हुई मनगढ़ंत रिपोर्ट ने फिर से भाजपा द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का राजनीतिक उपकरण के रूप में दुरुपयोग को उजागर किया है।' उन्होंने पूछा, 'ईडी अधिकार क्षेत्र के बिना काम करते हुए जानबूझकर लोकायुक्त के लिए बनाई गई एक रिपोर्ट को मीडिया में लीक कर रहा है जो और कुछ नहीं बल्कि अदालत को गुमराह करने का एक शर्मनाक प्रयास है जो आज सीएम की याचिका पर सुनवाई कर रही है।

# संभल हिंसा की मजिस्ट्रियल जांच में अब नौ दिसंबर को होंगे बयान

## एसडीएम-सीओ समेत कई लोगों के स्टेटमेंट होने हैं दर्ज



संभल, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। संभल हिंसा की मजिस्ट्रियल जांच के लिए नियुक्त डिप्टी कलेक्टर दीपक चौधरी ने अब नौ दिसंबर को पक्ष रखने का दिन निर्धारित किया है। क्योंकि इस प्रकरण में सभी संबंधित अधिकारियों, जिनमें सीओ संभल, एसडीएम, कोतवाल और हल्का उप निरीक्षक को नोटिस जारी कर 30 नवंबर को बहजोई में अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया था। हालांकि, न्यायिक आयोग की टीम के आगमन और अन्य सुरक्षा संबंधी कार्यों के कारण अधिकारी अपना पक्ष नहीं रख सके, जिसके बाद डिप्टी कलेक्टर मुरादाबाद में मंडल आयुक्त की बैठक में शामिल हो गए। जुमे की नमाज होने के कारण अब डिप्टी कलेक्टर ने पक्ष रखने की नई तिथि नौ दिसंबर निर्धारित की है। जांच के दौरान पुलिस रिपोर्ट, हिंसा से जुड़े वीडियो फुटेज और करीब 100 से अधिक व्हाट्सएप वीडियो का अध्ययन किया जा रहा है। हिंसा के दौरान गोली किसने चलाई, वह किसे लगी, और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के तथ्यों का सत्यापन किया जाएगा।

**मृतकों के परिजनों के भी लिए जाएंगे बयान**

डिप्टी कलेक्टर ने सभी पक्षों को दोबारा नोटिस भेजा है और बयान दर्ज करने के बाद मृतक परिवारों के भी बयान लिए जाएंगे। जांच अधिकारी ने निष्पक्ष और गहन जांच का आश्वासन देते हुए कहा कि अखबारों में प्रकाशित खबरों और कटिंग को भी शामिल किया जाएगा ताकि हर पहलू स्पष्ट हो सके और हिंसा से जुड़े हर तथ्य की गहराई से पड़ताल की जा सके। 30 नवंबर को जिन लोगों के लिए पक्ष रखने के लिए कहा गया था, वह व्यस्तता के कारण नहीं आ सके थे न्यायिक आयोग की जांच के चलते भी कामकाज प्रभावित हुआ था।

अब नौ दिसंबर को संबंधित पक्ष को बयान देने के लिए कहा गया है। दीपक चौधरी, डिप्टी कलेक्टर।

**जामा मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट सील बंद लिफाफे में की जाएगी पेश**

संभल की जामा मस्जिद में हरिहर मंदिर होने का दावा अदालत में पेश किए जाने के बाद मस्जिद में दो चरणों में हुए सर्वे की रिपोर्ट 29 नवंबर को दाखिल की जानी थी, लेकिन रिपोर्ट तैयार न हो पाने के कारण अदालत ने दस दिन का समय दिया था। अब एडवोकेट कमिश्नर द्वारा सोमवार तक सील बंद लिफाफे में रिपोर्ट पेश की जाएगी।

19 नवंबर को सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में आठ लोगों की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन द्वारा संभल की जामा मस्जिद में हरिहर मंदिर होने का दावा पेश किया गया था। इसी दिन एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किए गए रमेश सिंह राघव ने दोनों पक्षों की मौजूदगी में मस्जिद का सर्वे किया था। रात होने और भीड़ का दबाव होने के कारण उस दिन सर्वे पूरा नहीं हो सका था।

इसके बाद 24 नवंबर को दोबारा सर्वे किया गया। सर्वे के विरोध में भीड़ हिंसक हो गई। जमकर पथराव फायरिंग की गई, कई वाहन फूंक दिए गए। इस हिंसा में चार लोग मारे गए। इसके बाद कोर्ट में मामले की सुनवाई को 29 नवंबर की तारीख लगी।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

शुक्रवार, 6 दिसंबर, 2024 3

सुविचार

हर दिन में एक गुहरा राज छिपा है, ऐसा आपने कई बार अनुभव किया होगा

# तेलंगाना की उपलब्धि में आरटीसी कर्मचारियों की भूमिका सराहनीय : रेवंत रेड्डी

हैदराबाद, 5 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने आज हैदराबाद में राज्य परिवहन विभाग द्वारा आयोजित 'प्रजा पालना विजयोत्सव' में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन जन सरकार के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर परिवहन विभाग के कर्मचारियों की उपलब्धियों को याद करने के लिए किया गया है। छह गारंटियों के तहत सरकार ने 9 दिसंबर को महिलाओं के लिए मुफ्त आरटीसी बस यात्रा लागू की।

उन्होंने कहा कि मुफ्त बस यात्रा योजना ने टीएसआरटीसी के पुनरुद्धार में मदद की और आरटीसी कर्मचारियों के जीवन में खुशियां लाईं। तेलंगाना राज्य की उपलब्धि में आरटीसी कर्मचारियों की भूमिका सराहनीय है। तेलंगाना राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में केसीआर और मुझे आरटीसी और परिवहन कर्मचारियों की आकांक्षाओं का सम्मान करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से, आरटीसी कर्मचारियों की मृत्यु के बाद भी किसी नेता ने सांत्वना नहीं दी। आज, जन सरकार महत्वपूर्ण मुद्दों से संबंधित समस्याओं को हल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा कि 11 महीने और 20 दिनों में 115 करोड़ महिलाओं ने मुफ्त बस यात्रा सुविधा का लाभ उठाया। हर महिला ने मुफ्त बस यात्रा योजना से कम से कम 5,000 से 7,000 रुपये की बचत की। सरकार गरीबों के लिए 200



यूनिट तक मुफ्त बिजली और 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर भी लागू कर रही है। सभी योजनाएं यह सुनिश्चित करने के लिए लागू की जा रही हैं कि प्रत्येक परिवार को हर महीने 10,000 रुपये का लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले साल में राज्य के 25 लाख 35 हजार किसान परिवारों के 21,000 करोड़ रुपये के कृषि ऋण माफ किए। प्रति क्विंटल बढ़िया किस्म के धान पर 500 रुपये बोनस दिया। तेलंगाना ने इस साल 1 करोड़ 53 लाख मीट्रिक टन धान की पैदावार करके पहले ही देश में रिकॉर्ड बनाया है। लोगों ने मोटा चावल खाना बंद कर दिया है। किसानों से बढ़िया किस्म के धान की खेती करने की अपील की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही राज्य में सरकारी छात्रावासों, राशन की दुकानों और मध्याह्न भोजन के लिए बढ़िया किस्म के चावल की आपूर्ति की जाएगी। सरकार तेलंगाना के लोगों को राज्य में ही पैदा होने वाला चावल ही देगी। चावल रिसाइकिलिंग माफिया को जड़ से उखाड़ फेंके। पिछली सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर भाग जाने के बाद न्यायालयीन मामलों का समाधान करके पहले वर्ष में 55,143 चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र दिए। क्या देश के किसी राज्य में एक वर्ष में 55,000 नौकरियां देने का इतिहास है? तेलंगाना शहीदों के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सरकार ने एक वर्ष में ही 55,000 नौकरियां भरीं। अगर सरकार द्वारा घोषित नौकरी के आंकड़े गलत हैं तो माफी मांगने के लिए तैयार हैं।

शहर में प्रदूषण को नियंत्रित करने में परिवहन विभाग की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि पुराने वाहनों को खत्म करना आपकी जिम्मेदारी है। लोगों को इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। इस बारे में जागरूकता पैदा करना परिवहन विभाग की जिम्मेदारी है। अगले दो वर्षों में 3,000 इलेक्ट्रिक बसें खरीदेंगे और हैदराबाद शहर को प्रदूषण से बचाएंगे। हैदराबाद शहर में इलेक्ट्रिक ऑटो चलाने के लिए प्रोत्साहन देने की योजना तैयार करें। शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने की जिम्मेदारी सरकार की है। गोदावरी को मूसी नदी से जोड़कर मूसी कायाकल्प परियोजना शुरू करेंगे। जरूरत पड़ने पर कड़े फैसले लेकर हैदराबाद को वायु प्रदूषण से मुक्त किया जाना चाहिए। सरकार हैदराबाद को एक वैश्विक शहर के रूप में बढ़ावा देने की योजना पर विचार करेगी।

# हाई कोर्ट ने मध्याह्न भोजन याचिका पर सुनवाई की

## ग्राम पंचायतों के विलय को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज

हैदराबाद, 5 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना हाई कोर्ट ने आज सरकारी स्कूलों में दिए जा रहे मध्याह्न भोजन पर एक याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने निर्देश दिया कि छात्रों को सरकार द्वारा निर्धारित पौष्टिक भोजन दिया जाए।

कोर्ट ने यह स्पष्ट किया है कि भोजन विषाक्तता के कारण छात्रों के बीमार होने के मामलों में रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी चाहिए। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद तय की है। राज्य सरकार की ओर से राज्य के अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएजी) ने कोर्ट को बताया कि भोजन विषाक्तता के मामलों में दो समितियां गठित की गई हैं। कोर्ट के संज्ञान में लाया गया कि भोजन विषाक्तता की घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों को दी जाने वाली राशि में 40 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। दूसरी ओर, याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता चिक्कुडु प्रभाकर ने तर्क दिया कि पीएम पोषण योजना के तहत गांव, मंडल, जिला और राज्य स्तर की समितियां होनी चाहिए और कहा कि समितियों की निगरानी के अभाव में ऐसी घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि समितियों के ठीक से काम करने के लिए निर्देश जारी किए जाने चाहिए। इस पर जवाब देते हुए एएजी ने कहा कि सभी समितियां काम कर रही हैं। हाईकोर्ट ने एएजी द्वारा दिए गए विवरण को दर्ज किया। इसी क्रम में हाईकोर्ट ने ग्राम पंचायतों के नगर पालिकाओं में विलय को चुनौती देने वाली याचिकाओं को भी खारिज कर दिया। इसने कहा कि विलय राज्य सरकार द्वारा जारी अध्यादेश के अनुसार किया गया था और यह स्पष्ट किया कि शासन के हिस्से के रूप में विधानसभा के पास कानून लाने की शक्ति है।

रंगारेड्डी, मेडचल और संगारेड्डी जिलों की 51 ग्राम पंचायतों को हाल ही में आसन्न नगर पालिकाओं में मिला दिया गया था। ग्राम पंचायतों के विलय के खिलाफ कई याचिकाएं दायर की गई हैं। मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए गुरुवार को फैसला सुनाया। इससे ग्राम पंचायतों के नगर पालिकाओं में विलय का रास्ता साफ हो गया।

# राज्यपाल के विशेष मुख्य सचिव को विदाई दी गई



हैदराबाद, 5 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यपाल के विशेष मुख्य सचिव बी. वेंकटेशम को आज राजभवन में भावभीनी विदाई दी गई। अब वे तेलंगाना राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने जा रहे हैं। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने श्री वेंकटेशम की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा की और राजभवन में उनके नौ महीने के कार्यकाल के दौरान उनके द्वारा की गई अनुकरणीय सेवाओं की सराहना की। राज्यपाल ने उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला और सभी कर्मचारियों की ओर से आभार व्यक्त किया, जो उनके समर्पण और नेतृत्व को हमेशा याद रखेंगे। सम्मान के प्रतीक के रूप में, राज्यपाल ने श्री वेंकटेशम को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट किया। विदाई समारोह में राज्यपाल के नए प्रधान सचिव एम. दाना किशोर, राज्यपाल के संयुक्त सचिव जे. भवानी शंकर और राजभवन के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस सरकार की विफलताओं पर भाजपा कल जनसभा करेगी

हैदराबाद, 5 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा के राज्य महासचिव गुज्जुला प्रेमेंद्र रेड्डी ने आज कहा कि वे राज्य में कांग्रेस पार्टी के एक साल के शासन की विफलताओं पर 7 दिसंबर को दोपहर 3 बजे सरूरनगर स्टेडियम में पार्टी की ओर से जनसभा कर रहे हैं। आज यहां एक बयान में उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जनसभा में मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज्य अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी अध्यक्षता करेंगे।

# आरबीआई ने घोटालेबाजों के बारे में सचेत किया

हैदराबाद, 5 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय रिजर्व बैंक ने एक अधिसूचना जारी कर लोगों को साइबर ठगों के बारे में सचेत रहने के लिए आगाह किया है, जो पार्सल और अन्य तरीकों से लोगों की गाढ़ी कमाई हड़पने के लिए धोखाधड़ी कर रहे हैं। लोगों को उन धोखेबाजों के बारे में सचेत रहना चाहिए जो धमकी देते हैं कि उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और लोगों से तुरंत पैसे ट्रांसफर करने के लिए कहते हैं, या धमकी देते हैं कि उनके बैंक खाते या डेबिट/क्रेडिट कार्ड फ्रीज या ब्लॉक कर दिए जाएंगे, और साथ ही आरबीआई/बैंक/सरकारी एजेंसियों और कूरियर कंपनी के अधिकारी होने का दावा करने वाले लोगों से ऑडियो और वीडियो कॉल के बारे में भी सचेत रहना चाहिए। आरबीआई ने लोगों को सलाह दी है कि वे ऐसी धमकियों से न डरें और धोखेबाजों की चालों का शिकार न बनें, किसी को भी व्यक्तिगत/वित्तीय विवरण न दें और भुगतान करने के लिए अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें। आरबीआई ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को घोटालेबाजों ने ठगा है तो उसे तुरंत फोन नंबर 1930 पर कॉल करना चाहिए या सहायता के लिए cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करनी चाहिए।

# श्रीधर शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव नियुक्त

हैदराबाद, 5 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने गुरुवार को वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एन. श्रीधर को शिक्षा विभाग का प्रधान सचिव नियुक्त किया। मुख्य सचिव शांति कुमारी ने उन्हें अतिरिक्त पूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए आदेश जारी किए हैं। अगले आदेश जारी होने तक वे पद पर बने रहेंगे। हाल ही में राज्य सरकार ने शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव बुर्रा वेंकटेशम को तेलंगाना राज्य लोक सेवा आयोग (टीजीएसपीएससी) का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस संदर्भ में सरकार ने वेंकटेशम के स्थान पर एन. श्रीधर को जिम्मेदारी सौंपी है। 1997 बैच के आईएएस अधिकारी श्रीधर ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों में विभिन्न संवर्गों में काम किया है। तेलंगाना के गठन के बाद वे 1 जनवरी 2015 से तेलंगाना में सिंगरेनी कंपनी कोलियरीज लिमिटेड के सीएमडी थे। पिछले साल कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद श्रीधर के स्थान पर बलराम को सीएमडी नियुक्त किया गया था।

# विधायक कौशिक रेड्डी की जान को खतरा : प्रवीण कुमार

हैदराबाद, 5 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस पार्टी नेता आरएस प्रवीण कुमार ने राज्य की कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के खिलाफ तीखी टिप्पणी की है। गुरुवार को तेलंगाना भवन में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी के विधायक पडी कौशिक रेड्डी की जान को खतरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम रेवंत रेड्डी मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी के फोन के साथ-साथ कई बीआरएस पार्टी नेताओं के फोन टैप करवा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि तेलंगाना राज्य में इस समय भयावह स्थिति है। उन्होंने आरोप लगाया कि संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने वाली पुलिस सीएम रेवंत रेड्डी के आदेशों का पालन कर रही है और कहा कि गांधी भवन से आदेश मिलने के बाद ही मामले दर्ज किए जा रहे हैं।

आरएस प्रवीण कुमार ने आरोप लगाया कि सीएम रेवंत रेड्डी के भाई राज्य में संविधान-विरोधी ताकतें बन रहे हैं और कहा कि आदिलाबाद से आलमपुर और कोडंगल से कोडाद तक बीआरएस पार्टी के नेताओं के खिलाफ अवैध मामले दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कैश-फॉर-वोट मामले में जेल गए रेवंत रेड्डी को सीएम और राज्य के गृह मंत्री की सीट पर देखना दर्दनाक है। उन्होंने कहा, यह तेलंगाना के लोगों का दुर्भाग्य है। हरीश राव, जो लोगों और किसानों की ओर से लड़ रहे हैं, उन पर अवैध मामले लगाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जैसे ही हरीश राव ने घोषणा की कि 9 दिसंबर से होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी का सफाया हो जाएगा, गिरफ्तारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि विधायक पाडी कौशिक रेड्डी के खिलाफ मामला हास्यास्पद है। कौशिक रेड्डी ने मुझे कई बार कहा था कि उनकी जान को खतरा है पुलिस ने फोन टैपिंग मामले में कौशिक रेड्डी की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की।

# लर्निंग सेंट केंद्रीय सेवा करने की क्षमता में एक बड़ी छलांग : शिखा गोयल

## > महिला सुरक्षा विंग के लर्निंग-कम-एक्सपीरियंस सेंटर का शिलान्यास

हैदराबाद, 5 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक और मील का पत्थर साबित हुए लर्निंग-कम-एक्सपीरियंस सेंटर का शिलान्यास गुरुवार को हुआ। यह कार्यक्रम पुलिस मुख्यालय के पास निर्धारित स्थल पर हुआ, जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, पेशेवर और हितधारक शामिल हुए। इस कार्यक्रम में शिखा गोयल, डीजीपी, सीआईडी और महिला सुरक्षा विंग, सुश्री मिशेल डोमिनिका, रीमा राजेश्वरी, डीआईजी, महिला सुरक्षा विंग, अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जैसे सुश्री अभिलाषा बिष्ट, निदेशक, टीजीपीए, एस.चंद्र शेखर रेड्डी, आईजीपी, मल्टी जोन-1, श्री एम. रमेश, आईजीपी, पीएंडएल, वी. सत्यनारायण, आईजीपी, मल्टी जोन-II ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह लर्निंग-कम-एक्सपीरियंस सेंटर एक अत्याधुनिक सुविधा है, जिसे भरोसा सोसाइटी की क्षमता और पहुंच बढ़ाने के लिए बनाया गया है, जो तेलंगाना राज्य पुलिस की महिला सुरक्षा विंग के तत्वावधान में संचालित होती है। यह परियोजना तेलंगाना में महिलाओं और बच्चों के लिए सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस महत्वाकांक्षी सुविधा को कई उद्देश्यों की पूर्ति के लिए डिज़ाइन किया गया है। केंद्र में प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए समर्पित स्थान होंगे, जिससे भरोसा केंद्रों, सीडीईडब्ल्यू परिवार परामर्श केंद्रों और महिला सुरक्षा विंग के विभिन्न मॉड्यूलों के कर्मचारियों और हितधारकों को नए कौशल और ज्ञान प्राप्त करने में मदद मिलेगी। एक डिजिटल अनुभव थिएटर पुलिस अधिकारियों, न्यायिक कर्मियों, देश भर के फोरेंसिक मेडिकल प्रोफेशनल को एक व्यापक मंच प्रदान करेगा और साथ ही भरोसा के प्रभावशाली काम और पहलों को प्रदर्शित करते हुए जागरूकता अभियान और इंटरैक्टिव लर्निंग को प्रभावी



ढंग से आगे बढ़ाएगा। इसी क्रम में एक कौशल केंद्र महत्वपूर्ण पेशेवर क्षमताओं का निर्माण करने में मदद करेगा, कर्मचारियों और भागीदारों को अधिक प्रभावी ढंग से सेवाएं प्रदान करने के लिए सशक्त करेगा। प्रशासन, हितधारक जुड़ाव और अंतर-एजेंसी सहयोग के लिए पर्याप्त स्थान के साथ, केंद्र संचालन को सुव्यवस्थित करेगा और महिलाओं और बच्चों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को संबोधित करने के लिए एकजुट प्रयासों को बढ़ावा देगा। इस अवसर पर डीजीपी महिला सुरक्षा विंग शिखा गोयल ने कहा कि लर्निंग-कम-एक्सपीरियंस सेंटर का प्रभाव और विरासत महिला सुरक्षा विंग की मजबूत नींव पर आधारित है, जो वर्तमान में तेलंगाना में 27 भरोसा केंद्र और 27 सीडीईडब्ल्यू परिवार परामर्श केंद्र संचालित करती है। ये पहल हिंसा और दुर्व्यवहार के पीड़ितों को पुलिस सहायता, चिकित्सा देखभाल, कानूनी सहायता और मनोवैज्ञानिक परामर्श सहित समग्र सहायता प्रदान करने में सहायक रही हैं। उन्होंने कहा कि इस लर्निंग सेंटर की स्थापना महिला सुरक्षा विंग की सीखने, वकालत और आउटरीच के लिए एक केंद्रीय केंद्र के रूप में सेवा करने की क्षमता में एक बड़ी छलांग का प्रतिनिधित्व करती है। विश्व स्तरीय उन्नत सुविधाओं को शामिल करके, केंद्र प्रशिक्षण प्रभाव, परिचालन दक्षता बढ़ाएगा, पीड़ित सहायता सेवाओं को बढ़ाएगा और कमजोर समूहों के लिए एक सुरक्षित, अधिक न्यायसंगत समाज को बढ़ावा देगा। शिलान्यास समारोह इस परिवर्तनकारी दृष्टि को साकार करने की दिशा में एक और कदम का प्रतिनिधित्व करता है। एक बार पूरा हो जाने पर, लर्निंग-कम-एक्सपीरियंस सेंटर सशक्तिकरण, सुरक्षा और प्रगति के प्रतीक के रूप में खड़ा होगा, जो महिलाओं और बच्चों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाने की दिशा में तेलंगाना पुलिस की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# पुष्पा 2 की स्क्रीनिंग में गई महिला की जान

## > अल्लू अर्जुन समेत संध्या थिएटर के खिलाफ केस दर्ज

हैदराबाद, 5 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अल्लू अर्जुन के फैन्स के लिए एक परेशान कर देने वाली खबर सामने आ रही है। दरअसल, 4 दिसंबर को हैदराबाद के संध्या थिएटर में फिल्म 'पुष्पा 2' का प्रीमियर शो रखा गया था. वहां, अपने फैन्स से मिलने के लिए अल्लू अर्जुन बिना बताए पहुंचे थे. ऐसे में अपने फेवरेट एक्टर को देखने के लिए लोग ऐसे उमड़े कि वहां पर भगदड़ मच गई. अब इस मामले को गंभीरता से लेते हुए केस फाइल हुआ है, जिसमें आरोपी अल्लू अर्जुन को ठहराया गया है. साथ ही संध्या थिएटर के मैनेजमेंट पर भी केस दर्ज हुआ है. इस मामले में एक महिला की जान जा चुकी है. 9 साल का बच्चा बेहोश हो गया था. जब अल्लू अर्जुन से इस पूरे मामले पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि वो अपने फैंस से बेहद प्यार करते हैं. ये कहकर अल्लू ने अपना पक्ष रखा. आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में फिल्म के मिडनाइट शोज को फैंस ने एंजॉय किया. सोशल मीडिया पर फैंस थियेटर्स के अंदर से फिल्म के सीन्स वायरल कर रहे हैं. अल्लू ने साड़ी पहनकर होश उड़ा देने वाला डांस किया है. क्रिटिक्स ने फिल्म को शानदार रिस्पॉन्स दिया है. फैंस को भरोसा है अल्लू की ये मूवी बंपर कमाई करेगी।



### एसोसिएशन ने जताई नाराजगी

कुछ लोग फिल्म के शोज की टाइमिंग पर आपत्ति जता रहे हैं. सुबह 3 बजे 'पुष्पा 2' के शो हैदराबाद के सिनेमाघरों में रखे गए हैं. इस बात से नाराज होकर कन्नड़ फिल्म प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ने बेंगलुरू डिस्ट्रिक्ट कमिश्नर को लेटर लिखा. सिनेमाघरों में 'पुष्पा 2' के शोज सुबह 3 बजे के लिए रखे गए हैं. साथ ही फिल्म के टिकट के दाम को लेकर भी नाराजगी जताई गई है. मूवी के टिकट का दाम 500, 1000 और 1500 रुपये है. एसोसिएशन का कहना है कि ये दाम भी कानून के खिलाफ हैं. ऐसे में फिल्म के मेकर्स के खिलाफ आवश्यक एक्शन लिया जाना चाहिए।

### क्या था मामला?

बता दें कि जब अल्लू अर्जुन अपने फैन्स से मिलने के लिए संध्या थिएटर पहुंचे तो वहां मौजूद भीड़ बेकाबू हो गई. ऐसे में एक्टर की एक झलक पाने के लिए लोगों के बीच भगदड़ मच गई, जिसमें कई लोग चोटिल भी हो गए. दिलसुखनगर की रहने वाली रेवती (39) अपने पति और दो बच्चों, श्री तेज (9) सान्विका (%) के साथ संध्या थियेटर फिल्म देखने पहुंची थी. जैसे ही अल्लू वहां पर आए एक्टर को देखने के लिए फैंस में हल्ला मचा. पुलिस तुरंत मां-बेटे को विद्यानगर के दुर्गा भाई देशमुख अस्पताल लेकर गई. वहां रेवती को मृत घोषित किया गया. उनके बेटे की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है. उसे बेगमपेट के किम्स अस्पताल में ट्रांसफर किया गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय कॉल को अवैध रूप से स्थानीय कॉल में बदला, एक गिरफ्तार

हैदराबाद, 5 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने गुरुवार को केपीएचबी के एक लोकप्रिय शॉपिंग मॉल में एक फर्म पर छापा मारा और एक व्यक्ति को अंतर्राष्ट्रीय कॉल करने वालों की पहचान छिपाने और वित्तीय लाभ के लिए इसे स्थानीय कॉल में बदलने के आरोप में गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, दूरसंचार विभाग के अधिकारियों की शिकायत के बाद, स्थानीय पुलिस ने शॉपिंग मॉल में कारोबार चला रही आरबी टेक्नोलॉजीज पर छापा मारा और पाया कि कर्मचारी कथित तौर पर एक साइबर कैफे में अंतर्राष्ट्रीय कॉल को स्थानीय कॉल में बदल रहे थे। एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि फर्म के मालिक ने आसानी से पैसा कमाने के लिए इस अवैध गतिविधि का सहारा लिया था। पुलिस सूत्रों ने आतंकी या संदिग्ध मॉड्यूल से किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया है। सभी संभावित पहलुओं की जांच की जा रही है।

CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, PRINKA, Legally Wedded Spouse of CFN JASWANT KUMAR, R/O: DHANGRI, RAJOURI, JAMMU & KASHMIR – 185132, have changed my name from PRINKA to PRINKA SHARMA vide Affidavit dt.04-12-2024.

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

CHANGE OF NAME

I, undersigned SURISETTY JAGADISWARARAO UMAMAHESWARARAO (Old Name) S/o. Surisetty Umamaheswararao, R/o. 22-125, Kanakamahalaxmi Veedhi, Kasimkota, Near Kanakamahalaxmi Temple, Visakhapatnam, 531031, Andhra Pradesh. Changing my name from SURISETTY JAGADISWARARAO UMAMAHESWARARAO (Old Name) to SURISETTY JAGADISWARARAO (New Name) shall hence forth my name being called as SURISETTY JAGADISWARARAO (New Name) S/o. Surisetty Umamaheswararao for all purposes

हरि ॐ हरि ॐ

पाँचवी पुण्यतिथि



स्व. श्री अशोकजी चोयल

सुपुत्र: श्री गमनारामजी चौधरी मरुधर में पनोता (मारवाड़)

स्वर्गवास: 06-12-2019

जीवन के हर पल में, आपकी कमी महसूस करते है हम।
पाँचवी पुण्यतिथि पर हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते है हम।।

: श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता : झमकुदेवी-गमनारामजी (माता-पिता), मांगीलाल (बडे पिताजी), छोगाराम, पेमाराम (काकाजी), दिनेश, शेषाराम, विकास, भावेश, दुर्गेश (भाई), द्वियांशी, सोहन, निशांत एवं समस्त चोयल परिवार

:फर्म:

जय भवानी हार्डवेयर, शापुरनगर, जीडिमेटला

9866855619, 9603757700

P.Solankey

# तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश को लिखा खुला खत

## बीपीएससी अभ्यर्थियों के लिए मांग ली बड़ी चीज

पटना, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। बीपीएससी 70वीं परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों के बीच चल रहे संशय की स्थिति को देखते हुए बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बड़ा कार्ड खेला है। दरअसल तेजस्वी यादव ने बिहार के युवाओं से जुड़ा हुआ मुद्दा उठाकर सीएम नीतीश कुमार से बड़ी मांग करते हुए आंदोलन करने का भी इशारा कर दिया है। दरअसल नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक खुला पत्र लिखा है। इस पत्र के माध्यम से तेजस्वी यादव ने बीपीएससी की 70वी संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा के अभ्यर्थियों की समस्या में की चर्चा की है। साथ ही पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों की समस्या के समाधान को लेकर तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री से कुछ मांग भी की है और मुख्यमंत्री से अपील की गयी कि अभ्यर्थियों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा किए जाए।

### तेजस्वी का खुला पत्र



आदरणीय मुख्यमंत्री जी, मैं बिहार लोक सेवा आयोग की 17वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा में अभ्यर्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए यह पत्र लिख रहा हूं। दरअसल आयोग के सर्वर की खामी के कारण फॉर्म भरने की आखिरी तारीख से 2 दिन पूर्व सरवर के ठीक से कार्य नहीं करने के कारण लाखों अभ्यर्थी फॉर्म भरने से वंचित रह गए थे जो कि उनके भविष्य और सतत परिश्रम के लिए एक आघात है। स्वयं अपनी ही सफलता के लिए आयोग द्वारा फॉर्म भरने में असमर्थ रहे अभ्यर्थियों को उल्टे अगंभीर ठहरा देना अफसरशाही के अहंकार और तानाशाही को प्रदर्शित करता है। इसके अलावा अभ्यर्थियों और अभिभावकों को अभी तक यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि आयोग सामान्य कारण या नॉर्मलाइजेशन लागू करेगा या नहीं। फॉर्म भरवा लेने के बाद भी अभ्यर्थियों को अभी तक पूरी परीक्षा पद्धति की जानकारी नहीं है जो उनके लिए अन्यायपूर्ण है यहां यह उल्लेख करना आवश्यक है कि नॉर्मलाइजेशन की प्रणाली सदैव से असामान्य रूप से विवादित रही है। किसी अभ्यर्थी को अगर कठिन प्रश्न का उत्तर पता है तो उसके लिए वह प्रश्न सरल है किसी को किसी भी प्रश्न का सरल या कठिन होना भारती की तैयारी पर निर्भर करता है। आयोग की इच्छा या बुद्धिमत्ता पर नहीं। इसके अलावा परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाई जाने पर भी अफवाह फैली थी जिसके कारण अभ्यर्थी असमंजस में पड़ गए थे। इन सब को देखते हुए मैं समस्त अभ्यर्थियों के हित में आपके समक्ष निम्नलिखित मांगे रखता हूं 1 परीक्षा फॉर्म भरने के लिए अभ्यर्थियों को पांच अतिरिक्त दिन दिए जाएं ताकि आयोग की नाकामी अथवा सरवर की खामी के कारण जो अभ्यर्थी फॉर्म नहीं भर सके वह भर पाएं। 2। दूसरा आयोग 70वीं बीएससी की प्रारंभिक परीक्षा की तिथि आगे बढ़े ताकि अभ्यर्थियों को पर्याप्त समय मिल सके। 3 तीसरा नॉर्मलाइजेशन पर अपने नीति स्पष्ट की जाए उचित होगा कि नॉर्मलाइजेशन की विवादित और अन्यायपूर्ण प्रक्रिया से बचा जाए। 4 चौथा हमारी मांग है कि परीक्षा एक दिन, एक शिफ्ट, एक पेपर, एक पैटर्न में बिना पेपर लीक के हो। आशा करता हूं कि आप इन मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करेंगे और अभ्यर्थियों की समस्याओं का समाधान करेंगे। सादर, तेजस्वी प्रसाद यादव

### आंदोलन की धमकी

तेजस्वी यादव ने पत्र भेजने के बाद कहा है कि अगर सरकार ने अभ्यर्थियों की मांगों पर विचार नहीं किया तो हम आंदोलनकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनकी लड़ाई लड़ेंगे। एनडीए सरकार छात्रों के भविष्य और सपनों के साथ खिलवाड़ बंद करें।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाउडस्पीकर को लेकर दिए सख्त निर्देश

### लखनऊ में पुलिस ने शुरू किया निरीक्षण



लखनऊ, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाउडस्पीकरों के इस्तेमाल को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप कड़े निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर आवाज़ के प्रदूषण को नियंत्रित करना और धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर की आवाज़ को कानूनी सीमा में रखना है। मुख्यमंत्री के आदेशों के बाद लखनऊ पुलिस ने शहर के विभिन्न हिस्सों में मॉर्निंग भ्रमण शुरू किया। पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर, साथ ही डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी और थाना प्रभारी स्वयं मैदान में उतरे और हजरतगंज, महानगर, पश्चिम क्षेत्र सहित प्रमुख इलाकों में लाउडस्पीकर की स्थिति की जांच की। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर की आवाज़ सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुसार नियंत्रित हो। इस दौरान, पुलिस ने हाई स्पीड बाइकों के खिलाफ भी कार्रवाई की और आम जनता से संवाद करते हुए जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। यह कार्रवाई लखनऊ में कानून व्यवस्था बनाए रखने और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए की गई।

# जीएसटी में नया टैक्स स्लैब लाने पर भड़के अखिलेश यादव

## कहा- एक देश एक टैक्स भी निकला जुमला



लखनऊ, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार जीएसटी में एक नया स्लैब जोड़ने की तैयारी कर रही है, जिसके तहत तंबाकू और कोल्ड ड्रिंक जैसे उत्पादों पर 35 फीसद तक टैक्स लगाया जा सकता है। इसे लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकार बातें एक देश एक टैक्स की करती हैं लेकिन हकीकत में एक टैक्स कई स्लैब का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इसके चक्कर में आम जनता ही पिसेगी। अखिलेश यादव ने जीएसटी में नए स्लैब को लेकर भाजपा पर हमला करते हुए एक्स पर लंबी चौड़ी पोस्ट लिखा और कहा कि 'कहां तो भाजपाई कह रहे थे 'एक देश, एक टैक्स' लेकिन उनकी ये बात भी 'जुमलाई झूठ' निकली क्योंकि अब वो टैक्स की नयी स्लैब ला रहे हैं। जब 'एक टैक्स, कई स्लैब' हैं तो 'एक टैक्स' का नारा सही मायनों में झूठा ही साबित हुआ ना।

### जीएसटी में नया स्लैब जोड़ने की तैयारी

दरअसल टैक्स की रेट्स को बेतहाशा बढ़ाने के पीछे एक बड़ा खेल है। ये राजस्व बढ़ाने से ज़्यादा भ्रष्टाचार बढ़ाने और फिर अधिकारियों के माध्यम से दुकानदारों, कारोबारियों पर दबाव बढ़ाकर ज़्यादा वसूली की भाजपाई योजना है। दुनिया का नियम है कि जितनी अधिक कर की दर होती है, उतनी ही अधिक कर की चोरी होती है और जितनी अधिक कर की चोरी होती है, उतनी ही अधिक भ्रष्ट सत्ताधारियों की कमाई होती है। भाजपा सरकार में टैक्स चुराने के लिए और उससे वसूली के लिए, पिछले दरवाज़े के रास्ते पहले तैयार कर लिए जाते हैं, उसके बाद कोई नयी टैक्स प्लानिंग सामने के दरवाज़े से बाहर आती है। हर टैक्स को चुकाने का बोझ आखिर में जनता पर ही आता है, इसीलिए घूम फिरकर टैक्स की चक्की में जनता ही पिसती है, जनता ही मारी जाती है। बता दें कि वर्तमान समय में जीएसटी में चार स्तर पर 5, 12, 18 और 28 फीसद तक टैक्स लगता है लेकिन अब केंद्र सरकार इसमें नया स्लैब 35 प्रतिशत तक जोड़ने की तैयारी कर रही है। जो सबसे ज्यादा टैक्स की दर होगी। इस स्लैब में तंबाकू और उससे बने उत्पाद और कोल्ड ड्रिंक्स जैसे पेय पदार्थों को रखा जा सकता है। 21 दिसंबर को जीएसटी परिषद की बैठक में इस पर चर्चा की जा सकती है।

## तीन तलाक के बाद पत्नी पर बनाया नंदोई से हलाला का दबाव

कानपुर, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। कानपुर बाबूपुरवा में रात अजीब मामला सामने आया। जब एक व्यक्ति ने दहेज के लिए पत्नी को तीन तलाक दे दिया। इससे भी मन नहीं भरा तो दोबारा निकाह से पहले पत्नी के सामने नंदोई के साथ हलाला की शर्त रखी। विरोध करने पर ससुरालीजनों ने महिला को बुरी तरह पीट दिया। महिला ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बाबूपुरवा निवासी महिला के अनुसार उसका निकाह मार्च 2017 में भिंड मध्यप्रदेश निवासी युवक से हुआ था। निकाह के बाद ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये व कार की मांग करने लगे। अप्रैल 2018 में बेटी को जन्म देने के वाद ससुरालीजन मारपीट करते। पीड़िता के अनुसार अक्तूबर 2021 में ससुरालियों ने घर से निकाल दिया। पति ने सभी के सामने तीन तलाक दे दिया। वह और उसके पिता लगातार पति व ससुरालियों को समझाने का प्रयास करते रहे। आरोप है कि पति ने नंदोई के साथ हलाला करने पर दोबारा निकाह करने की बात कहीं। विरोध किया तो ससुरालीजनों ने पीटने के साथ जान से मारने की धमकी दी। बाबूपुरवा पुलिस पीड़िता की तहरीर पर पति समेत सात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच में जुट गई है।

# किसान आंदोलन के बीच 'संयुक्त किसान मोर्चा' के नेताओं में फूट, राकेश टिकैत ने किया किनारा



गाजियाबाद, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से यहां प्रदर्शन कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं में फूट पड़ गई है। बताया जाता है कि 10 संगठनों द्वारा इस आंदोलन को संचालित किया जा रहा था, लेकिन उसके प्रमुख घटक भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) और कई संगठनों ने इस धरना प्रदर्शन से किनारा कर लिया है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने गुरुवार की सुबह 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि किसानों के प्रदर्शन और समस्याओं को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने दो दिन पहले पांच सदस्यीय एक उच्च स्तरीय समिति बनायी। उन्होंने कहा कि उनका मत है कि किसान संगठन के लोग इस समिति के साथ धरना स्थल पर ही बातचीत करें तथा अपनी मांगों को उनके सामने प्रमुखता से रखें।

### दिल्ली कूच करने से समस्या का हल नहीं होगा- राकेश टिकैत

उन्होंने कहा कि धरना-प्रदर्शन के अलावा सरकार के नुमाइंदों से बात करके किसानों की समस्याओं का हल निकाला जा सकता है। टिकैत ने कहा कि दिल्ली कूच करने से समस्या का हल नहीं होगा क्योंकि इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर किसानों के सभी संगठनों का एक होना जरूरी है, तभी दिल्ली कूच सफल हो पाएगा। उन्होंने कहा कि किसान नेताओं को समिति के लोगों से बात करना चाहिए लेकिन कुछ नेता इसके लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने कहा कि इस वजह से भारतीय किसान यूनियन इस प्रदर्शन से अलग हो गयी है।

### किसानों की मूल समस्याओं का हल निकाला जाए

टिकैत ने कहा कि अन्य संगठन जैसा चाहें, वह कर सकते हैं। किसान संगठन के सूत्रों के अनुसार, कुछ अन्य किसान संगठनों ने भी अपने आप को इस प्रदर्शन से अलग कर लिया है। उनका भी मत है कि समिति के सामने अपना पक्ष रखकर किसानों की मूल समस्याओं का हल निकाला जाए। कुछ किसान नेताओं का मानना है कि हल टकराव से नहीं, आपसी बातचीत से निकलेगा। वहीं कुछ किसान नेताओं को लगता है कि समिति बनाकर सरकार ने एक 'लॉलीपॉप' दिया है क्योंकि पहले भी उच्च स्तरीय समिति बनी थी, लेकिन उसका नतीजा शून्य रहा।

# उन्नाव रेप केस: दो हफ्तों के लिए जेल से बाहर आएगा कुलदीप सिंह सेंगर, हाईकोर्ट ने दी जमानत

उन्नाव, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली हाई कोर्ट ने बीजेपी से निष्कासित विधायक और आरोपी कुलदीप सिंह सेंगर को मेडिकल आधार पर दो हफ्ते की अंतरिम जमानत दी है। हाई कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि उन्हें एम्स नई दिल्ली में भर्ती कराया जाए और उनका मेडिकल किया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि मेडिकल सुपरिटेंडेंट कोर्ट को सुझाव देंगे कि क्या उनका इलाज एम्स में संभव है। ऐसा दावा किया जा रहा है कि वह मधुमेह, मोतियाबिंद, रेटिना संबंधी समस्या और अन्य बीमारियों से पीड़ित हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने सीबीआई से बीजेपी से निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर की उस याचिका पर जवाब मांगा है, जिसमें उन्नाव रेप पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के लिए उन्हें दी गई 10 साल की जेल की सजा को मेडिकल आधार पर निलंबित करने की मांग की गई। वहीं हाई कोर्ट ने जेल अधिकारियों से सेंगर की मेडिकल स्थिति पर एक रिपोर्ट दाखिल करने को भी कहा और याचिका को अगले साल 13 जनवरी को आगे की सुनवाई के लिए रखा। जज मनोज कुमार ओहरी ने कहा, केवल मेडिकल आधार तक ही नोटिस जारी किया जाएगा। सीबीआई के वकील ने अदालत को बताया कि हाई कोर्ट ने इस साल जून में सेंगर को दोषी ठहराने के खिलाफ वाली उनकी अपील के लंबित रहने के दौरान निलंबित करने से इनकार कर दिया था। बता दें कि उन्नाव रेपकांड का मामला साल 2017 में सामने आया था। जब एक युवती ने कुलदीप सेंगर पर रेप का आरोप लगाया, यह मामला जब अधिक तेज हुआ जब साल 2018 में पीड़िता के पिता की पुलिस हिरासत में कथित तौर पर मौत हो गई। इस मामले में 13 मार्च, 2020 को निचली अदालत ने सेंगर को रेप पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में 10 साल की सजा और 10 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने सजा सुनाते हुए ने कहा था कि जिसकी मौत हुई है वह परिवार में अकेला कमाने वाला था इसलिए कोई नरमी नहीं बरती जा सकती।

# एसएसपी अचानक पहुंचे थाने, स्टेशन इंचार्ज से बोले- चलो गोली चलाओ फिर कर दिया सस्पेंड



बरेली, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बरेली में एसएसपी ने फतेहगंज पश्चिमी थाना के थाना प्रभारी को सस्पेंड कर दिया। एससपी अनुराग आर्य यहां वार्षिक निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। उन्हें थाने के अंदर कई खामियां दिखीं। इसके लिए पुलिस वालों को उन्होंने खूब लताड़ा। फिर थाना प्रभारी से कहा- चलो अपनी पिस्टल निकालो और फायरिंग करके दिखाओ। थाना प्रभारी जब पिस्टल नहीं चला पाया तो एससपी का पारा चढ़ गया। उन्होंने तुरंत प्रभाव से उसे सस्पेंड कर दिया। एससपी अनुराग आर्य बुधवार के दिन अचानक से फतेहगंज पश्चिमी थाना पहुंचे। वो यहां निरीक्षण करने पहुंचे थे। दारोगा राजेश बाबू मिश्रा यहां के थाना प्रभारी हैं। एससपी ने थाना प्रभारी से पिस्टल के बारे में जानकारी ली। थाना प्रभारी को अपनी पिस्टल की जानकारी नहीं थी।

आनन फानन में थाना प्रभारी ने अपनी पिस्टल निकाली। लेकिन एससपी का पारा तब चढ़ गया जब वो पिस्टल से गोली नहीं चला पाए। फिर राजेश बाबू को सस्पेंड कर दिया गया। उन्हें हैरानी इस बात की हुई कि यहां किसी भी पुलिसकर्मी के पास असलहा नहीं था। एसएसपी ने बताया- हमने महिला हेल्पडेक, मैस, मालखाना कंप्यूटर कक्ष के साथ थाना कार्यालय का निरीक्षण किया। इसी दौरान थाना प्रभारी से मैंने पिस्टल मंगाई और जानकारी ली। लेकिन थाना प्रभारी राजेश बाबू मिश्रा को पिस्टल के बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

## सेक्स रैकेट में फंसी लड़की होटल से कूदी

आगरा, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। असम में घर से नाराज होकर निकली 17 साल की लड़की सेक्स रैकेट के चंगुल में फंस गई। उसे एक महिला ट्रेन में बैठाकर आगरा ले आई। रात महिला और एक युवक लड़की को लेकर टेढ़ी बगिया में होटल राधाकृष्ण पहुंचे। तड़के होटल में दो युवकों ने लड़की से रेप की कोशिश की। दरिंदगी से बचने के लिए लड़की ने होटल की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। इससे उसका पैरा फ्रैक्चर हो गया है। इतने में आरोपी महिला और उसका साथी युवक मौके से भाग गया। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने लड़की के होटल से गिरने की सूचना पुलिस को दी। उसे हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। असम के गुवाहाटी की रहने वाली 17 साल की लड़की घर से नाराज होकर ट्रेन से अकेली जा रही थी। ट्रेन में उनकी मुलाकात एक अंजान महिला से हुई। महिला ने उसको टूंडला स्टेशन पर उतार लिया। महिला को लेने स्टेशन पर एक युवक आया था। महिला लड़की को अपने साथ आगरा के ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र के जलेसर रोड स्थित होटल श्रीराधे कृष्णा में ले आए। महिला और युवक भी उसके साथ रुक गए।

# 'मैं स्वयं कृष्ण भक्त हूं और इस्कॉन की अनुयायी हूं' बांग्लादेश हिंसा पर बीजेपी सांसद हेमा मालिनी का बयान



मथुरा, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की मथुरा लोकसभा सीट से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और हिंदू संत चिन्मय कृष्णदास की गिरफ्तारी की संसद में निंदा की। लोकसभा में शून्य काल के दौरान हेमा मालिनी ने कहा, मैं स्वयं कृष्ण भक्त हूं और इस्कॉन की अनुयायी हूं। मैं कृष्ण की पावन नगरी मथुरा की प्रतिनिधि हूं। हम धर्म पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह विदेश नीति का विषय नहीं है, बल्कि हमारी भावना का विषय है। बांग्लादेश सरकार को हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में चिन्मय कृष्णदास को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, जो बिल्कुल गलत है। वह हिंदुओं के खिलाफ हुए अत्याचार के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। वहां स्थिति खराब है। मैंने सरकार से अनुरोध किया है कि वह कार्रवाई करे और हमारे इस्कॉन भक्तों, हिंदू भाइयों को सुरक्षा दे। हम चुप नहीं रह सकते। यह कूटनीति का मुद्दा नहीं है, बल्कि हमारी भावनाओं और श्री कृष्ण के प्रति भक्ति से जुड़ा है। असम के दारांग-उदलगुड़ी लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले भाजपा सदस्य दिलीप सैकिया ने कहा, हम चाहते है कि संसद एक प्रस्ताव पारित करे, जिससे बांग्लादेश सरकार को संदेश दिया जा सके कि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार पूरी तरह से बंद हो। साल 1971 में बांग्लादेश के गठन के बाद से लाखों बांग्लादेशी मुसलमान असम में घुसपैठ कर चुके हैं और राजनीतिक और चुनावी प्रणाली में निर्णायक कारक बन गए हैं।

# अदालत को चालीस साल लग गए ये जानने में कि दूध में फैट कितना था

### 1982 में दर्ज हुए मामलों में सुनाई गई सजा



लखनऊ, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। दूध में फैट कम मिलने के करीब चार दशक पुराने तीन अलग-अलग मामलों में फैसले आए हैं। आरोपियों पर तीन-तीन हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। न्यायालय बंद होने तक उन्हें वहीं रुकने की सजा दी गई। ये फैसले अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम ने नवंबर माह में सुनाए हैं। अल्लूनगर डिगुरिया निवासी मोती लाल फेरी लगाकर दूध बेचते थे। 42 साल पहले 24 अक्तूबर 1982 को एफएसडीए की टीम ने दूध का सैंपल लिया था। जांच में मिला था कि फैट मानक के अनुरूप नहीं है। तब वाद दायर किया गया था। दोषी मिलने पर आर्थिक दंड लगाया गया। 22 जून 1988 को वायरलेस चौराहे पर इंदिरानगर निवासी दूध विक्रेता राम लाल से भी सैंपल लिया था। इसमें 30 फीसदी फैट कम मिला था। गोसाईंगंज के सेमराप्रीतपुर के केशव की डेयरी से भी दूध का सैंपल लिया गया था। इसमें फैट 22 फीसदी कम मिला। इन दोनों मामलों में भी वाद दायर किया गया था। इसका निर्णय नवंबर में हुआ था। इन दोनों पर भी खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम 1954 (पीएफए एक्ट 1954) के तहत दोषी पाते हुए तीन-तीन हजार का जुर्माना लगाया गया। बीकेटी के रहने वाले सुरेश चंद्र गुप्ता की दुकान से 8 सितंबर 2003 को एफएसडीए की टीम ने शक्कर का नमूना लिया था। जांच में शक्कर में सुक्रोज की मात्रा निर्धारित न्यूनतम सीमा से कम मिली थी। नमी भी पाई गई थी। मामले में सुरेश को दोषी पाया गया। उन पर छह हजार का जुर्माना लगाया गया। साथ ही न्यायालय के बंद होने तक उनको वहीं पर रुकने की सजा सुनाई गई।

# चारा घोटाले की सुनवाई करने वाले सेवानिवृत्त जज को मिली राहत, क्या है पूरा मामला



पटना, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। पटना हाईकोर्ट ने चारा घोटाला की सुनवाई करने वाले सेवानिवृत्त जज सुधांशु कुमार लाल को बड़ी राहत दी है। मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन एवं न्यायाधीश पार्थ सारथी की खंडपीठ ने उनकी रिट याचिका को स्वीकार करते हुए हाईकोर्ट प्रशासन द्वारा सात दिसंबर, 2009 को जारी आदेश को निरस्त कर दिया। 2009 में जारी आदेश में लाल के सुपर टाइम वेतनमान को एक वर्ष के लिए स्थगित कर दिया गया था, जिससे उनकी पेंशन और सेवानिवृत्ति के बाद अन्य लाभों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। इसके बाद उन्होंने आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट का रुख किया और अब उनके पक्ष में फैसला आया

### चारा घोटाला मामले में सुनवाई

जज सुधांशु कुमार लाल ने ही पटना में सीबीआई अदालत के विशेष न्यायधीष के रूप में चारा घोटाला मामले की सुनवाई की थी।

### फरवरी 2004 का है मामला

सेवानिवृत्त जज सुधांशु कुमार लाल के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई इस आरोप पर शुरू की गई थी कि 11 फरवरी, 2004 को जहानाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश (डीएसजे) के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने हाईकोर्ट प्रशासन को सूचित किए बिना अपना स्टेशन छोड़ दिया था। यह भी आरोप लगाया गया था कि उन्होंने बिना पूर्व अनुमति के पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश के शपथ ग्रहण समारोह में गुप्त रूप से भाग लिया था।

### कोर्ट ने पाया दोषी

इन आरोपों के आधार पर सुधांशु कुमार लाल को दोषी पाया गया और हाईकोर्ट प्रशासन ने उन्हें दंडित किया। 7 दिसंबर 2009 को जारी आदेश में जज सुधांशु कुमार लाल को सुपर टाइम वेतनमान को एक वर्ष के लिए स्थगित कर दिया था, जिससे उनकी पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति के बाद के लाभों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। लाल की ओर से वरीय अधिवक्ता जितेंद्र सिंह एवं अधिवक्ता हर्ष सिंह ने तर्क दिया कि विभागीय जांच त्रुटिपूर्ण थी। आरोपों को प्रमाणित करने के लिए जांच अधिकारी के समक्ष किसी गवाह की जांच नहीं की गई और उनके मुवक्किल के विरुद्ध आरोप अवैध तरीके से सिद्ध हुए।

### हाईकोर्ट से मिली राहत

न्यायालय ने रजिस्ट्रार जनरल को सेवानिवृत्त जज सुधांशु कुमार लाल के वेतन बकाया और पेंशन लाभों की पुनर्गणना करने तथा उनकी सेवा शर्तों पर सुपर टाइम वेतनमान लागू करने का निर्देश दिया। हालांकि, इसी पीठ ने एक अन्य मामले में उन्हें राहत देने से इनकार कर दिया, जहां लाल को बेगूसराय के डीएसजे के रूप में कार्य करते हुए निंदा की मामूली सजा दी गई थी।

# रशियन बिल्डिंग होगी कुर्क, लगी रहेगी सील कोर्ट ने डीएम के आदेश को रखा बरकरार

मथुरा, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। वृंदावन की रशियन बिल्डिंग कुर्क होगी। इस पर पूर्व में लगाई गई सील भी नहीं हटेगी। एडीजे पंचम गैंगस्टर कोर्ट ने पूर्व में जिलाधिकारी के दिए गए आदेश को बरकरार रखते हुए यह आदेश पारित किया। मूल रूप से रूस निवासी नतालिया क्रिवोनोसोवा उर्फ निष्ठा रानी देवी दासी और उनके पति यारोस्लोव रोमानेव उर्फ श्यामसुंदर चरण दास टूरिस्ट वीजा पर वृंदावन आए थे और यहां कृष्ण भक्ति करने लगे। पति-पत्नी ने ट्रस्ट बनाकर वृंदावन में रशियन बिल्डिंग बनाई, जो बनने के बाद से ही विवादों में घिर गई। यहां नियम कायदों तो ताक पर रखकर इस बिल्डिंग का निर्माण किया गया था। यहां प्राधिकरण से नक्शा पास कराया, इसके तहत केवल तीन मंजिला ही इमारत बनाई जा सकती थी, लेकिन इसे सात मंजिला बना दिया गया। अपार्टमेंट में करीब चार सौ फ्लैट विदेशी नागरिकों को केवल सौ रुपये के स्टांप पर समझौते के आधार पर ही दे दिए गए। इसके एवज में लोगों से लाखों रुपये लिए गए। फरवरी 2022 में जब कुछ फ्लैट के मालिकों को जानकारी हुई कि रशियन बिल्डिंग अवैध बनी है, तो उन्होंने इसकी शिकायत विकास प्राधिकरण में की। वर्ष 2023 में तत्कालीन डीएम ने बिल्डिंग के फ्लैट खाली कर इसे कुर्क करने के आदेश दिए थे। बड़ी संख्या में लोगों ने फ्लैट खाली भी कर दिए। बिल्डिंग से ही रूसी दंपती ने करोड़ों रुपये कमाए। इस मामले में दंपती के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई भी की गई थी। 30 जून 2023 को तत्कालीन जिलाधिकारी पुलकित खरे ने बिल्डिंग को कुर्क करने के आदेश जारी किए।जिलाधिकारी के इस आदेश को नतालिया क्रिवोनोसोवा उर्फ निष्ठा रानी देवी दासी और उनके पति यारोस्लोव रोमानेव उर्फ श्यामसुंदर चरण दास ने एडीजे पंचम गैंगस्टर कोर्ट डॉ। पल्लवी अग्रवाल की अदालत में चुनौती दी। विशेष लोक अभियोजक शैलेंद्र कुमार गौतम ने बताया, अदालत ने जिलाधिकारी के आदेश को बरकरार करते हुए रशियन बिल्डिंग को कुर्क रखने के आदेश जारी किए हैं।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में बड़ा खुलासा

## 'सलमान खान पर हमला करने चाहते थे शूटर, लेकिन वह अपनी प्लानिंग में कामयाब नहीं हो सके'

मुंबई, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या की जांच कर रही मुंबई क्राइम ब्रांच के सामने रोजाना नए-नए तथ्य सामने आ रहे हैं। मुंबई क्राइम ब्रांच के एक बड़े अधिकारी ने बताया कि पूछताछ और तथ्यों की जांच के दौरान उन्हें पता चला कि जिन हत्यारों ने बाबा सिद्दीकी की हत्या की थी, उनकी हिट लिस्ट में जीशान सिद्दीकी के साथ-साथ बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान का भी नाम था। बता दें इस मामले में क्राइम ब्रांच ने अब तक 26 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और इन सभी आरोपियों पर मकोका की गंभीर धाराएं भी जोड़ी गई हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ है कि शूटर सलमान खान को भी निशाना बनाना चाहते थे, लेकिन सलमान खान की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण वह अपनी प्लानिंग में



कामयाब नहीं हो सके।

**शूटर सलमान खान पर करना चाहते थे हमला**

जांच में यह बात भी सामने आई है कि आरोपी जब सलमान खान पर हमला करने में नाकामयाब रहे तो उन्होंने अपना पूरा ध्यान बाबा सिद्दीकी और उनके बेटे जीशान सिद्दीकी पर केंद्रित कर दिया। 12 अक्टूबर को वे बाबा सिद्दीकी की हत्या करने में सफल रहे, लेकिन जीशान बाल-बाल बच गए, क्योंकि वह हत्या से कुछ मिनट पहले ही अपने कार्यालय से निकल गए थे। एक अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान हमें जिस तरह की जानकारियां मिली हैं, वह इस ओर इशारा करती हैं कि आरोपियों ने सलमान खान के घर की एक बार रेकी की थी। तब उन्होंने देखा कि सलमान खान के घर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है। इसके अलावा उन्होंने यह भी पाया कि सलमान खान अपनी बिल्डिंग के अंदर से ही अपनी गाड़ी में बैठकर बाहर निकलते हैं, जिसकी वजह से उनके पास जाना नामुमकिन है। इसके बाद आरोपियों ने सलमान खान से ध्यान हटाकर बाबा सिद्दीकी पर ध्यान केंद्रित कर दिया। लॉरेंस गैंग की धमकियों के कारण अभिनेता पहले से ही वाई प्लस कैटेगरी की सुरक्षा में थे। बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद उनके सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों की संख्या और बढ़ा दी गई थी। फिलहाल उनकी सुरक्षा में लगभग 50-60 पुलिस अधिकारी तैनात हैं, साथ ही दो एस्कॉर्ट व्हीकल भी हैं।

## आशिक के साथ मिलकर बेटी को उतारा मौत के घाट

पटियाला, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। पटियाला में दिल दहला देने वाली घटना हुई है। यहां एक महिला ने अपनी बेटी को मौत के घाट उतार दिया। नाभा में मैक्सिमम सिक्योरिटी जेल के सामने पड़ती विकास कॉलोनी में महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर बेटी का निर्ममता हत्या की है। पुलिस ने घर से खून में लथपथ पड़ी युवती का शव बरामद किया है। मृतका की पहचान 25 साल की अनु के तौर पर हुई है। थाना नाभा कोतवाली पुलिस ने मामले में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करके आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन अभी प्रेमी फरार है। जानकारी के मुताबिक इस हत्याकांड में प्रेमी के साथ उसका एक साथी भी शामिल था। पुलिस दोनों की तलाश रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी प्रेमी ई-रिक्शा चालक है।

# बेटी के कहने पर कब्र से निकाला गया मुस्लिम महिला का शव, वजह जानकर पुलिस भी हैरान



पानीपत, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के पानीपत से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक मुस्लिम महिला के शव को कब्र से बाहर निकलवाया गया है। जिले के पलड़ी गांव में तीन दिन पहले घर में महिला की अधजली लाश मिली थी। परिजनों ने हादसा समझकर महिला का अंतिम संस्कार कर दिया था। जब महिला के शव को दफना दिया गया, तो बेटी ने देखा कि मां के कानों के सोने के जेवर गायब हैं। साथ ही मोबाइल भी नहीं मिल रहा था। वहीं चारपाई के पास खून के निशान भी दिखाई दिए। इसके बाद बेटी ने अपनी मां के फोन पर फोन किया जिसे कोई बार-बार काटता रहा। तब उसने पुलिस ताने में शिकायत की। मृतका की बेटी की बात सुनकर पुलिस वाले भी सन्न रह गए।

**मृतका की बेटी ने क्या कहा?**

वहीं केस दर्ज कर पुलिस की टीम मौके पर पुहंची। पुलिस ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में महिला के शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल हॉस्पिटल में भिजवा दिया है। अब पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से बुर्जुग महिला की मौत का राज खुलेगा। मृतका की बेटी की ओर से पुलिस में दी गई शिकायत के अनुसार, बेटी ने बताया कि मेरी मां सलामती देवी पैतृक गांव इसराना थाना के पालड़ी में रहती थीं। वहीं 2 दिसंबर को चाचा के लड़के फिरोज ने फोन करके बताया की ताई की मौत हो गई है। जब मैं गांव पहुंची तो देखा कि कमरे में आग लगने के कारण मेरी मां का आधा शरीर जल चुका था। कमरे में चारपाई और कपड़े भी जले चुके थे। पहले हमें यह एक हादसा लगा। इस घटना के एक दिन बाद जब उसने मां के फोन पर फोन किया तो घंटी बजी, लेकिन घर पर फोन नहीं मिला। इसके बाद उसे शक हुआ। बताया जा रहा है कि महिला के 17 बच्चे थे, जिनमें से 16 बच्चों की मौत हो चुकी है।

## आईसीआईसीआई के 3 ऑफिसों पर रेड, जीएसटी टीम कर रही तलाशी

मुंबई, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। देश के प्राइवेट बैंकों में सबसे बड़े बैंकों में से एक आईसीआईसीआई बैंक के तीन ऑफिसों में मुंबई में जीएसटी अधिकारियों की ओर से तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। जीएसटी की टीम ने आज गुरुवार सुबह सबेरे ही रेड डाल दिया। जानकारी के मुताबिक टीम अब तक बैंक के 3 ऑफिसों में तलाशी कर रही है। बैंक पर जीएसटी चोरी और आर्थिक अनियमितता बरतने के गंभीर आरोप हैं। महाराष्ट्र सरकार के जीएसटी अधिकारियों ने कल बुधवार को दूसरे सबसे बड़े प्राइवेट ऋणदाता बैंक आईसीआईसीआई के 3 ऑफिसों में तलाशी शुरू की थी जो आज भी जारी है। बैंक मांग के अनुसार सर्च कर रही टीम को आंकड़े मुहैया कराने में मदद कर रहा है। बैंक ने कल देर शाम ही एक्सचेंजों को तलाशी अभियान के




बार सूचित कर दिया था। बैंक ने एक बयान जारी कर रहा कि "कृपया ध्यान दें कि 4 दिसंबर, 2024 को जीएसटी के अधिकारियों की ओर से आईसीआईसीआई बैंक के तीन ऑफिसों में तलाशी शुरू की गई है। कार्रवाई अभी जारी है।" हालांकि बैंक की ओर से यह नहीं बताया गया कि तलाशी किन वजहों से की जा रही है। राज्य की जीएसटी विभाग ने भी इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है जीएसटी टीम यह तलाशी अभियान महाराष्ट्र जीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 67(1), (2) के अनुसार कर रही है।

# गश्त कर रहे वन विभाग कर्मचारियों को जीप समेत हाथी ने पलटा

# शीशे तोड़े, भयावह वीडियो आया सामने

नीलगिरी, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के नीलगिरी जिले में एक जंगली हाथी ने रात में गश्त कर रही वन विभाग की टीम पर हमला कर दिया। हाथी ने फॉरेस्ट टीम के वाहन के शीशे तोड़ डाले। हमले में वन विभाग के दो कर्मचारी घायल हो गये। मामला नीलगिरी जिले के पंदलूर का बताया जा रहा है। घटना कल रात की बतायी जा रही है। घटना का वीडियो वन विभाग की टीम ने मोबाइल फोन में कैद कर लिया।

**जीप को हाथी ने पटल दिया**

जानकारी के अनुसार, यह घटना तब हुई जब वन विभाग के अधिकारी जीप में गश्त कर रहे थे। गश्ती के दौरान एक हाथी सड़क पर आ गया। वनकर्मी अपनी गाड़ी को पीछे लेने की कोशिश कर रहे थे लेकिन अचानक हाथी ने दौड़ करक हमला कर दिया और वाहन का शीशा तोड़कर जीप को पलट



दिया। जैसे तैसे इन लोगों ने अपनी जान बचाई। इससे पहले नवंबर में नीलगिरी के मुदुमलाई टाइगर रिजर्व (एमटीआर) के मसिनागुडी वन रेंज में जंगली हाथी ने एक कर्मचारी को हमला कर घायल कर दिया था। वन सूत्रों ने कहा कि हालांकि हाथी वन कर्मचारी से 50 मीटर की दूरी पर खड़ा था, लेकिन शाम 4।30 बजे वह अचानक उनकी ओर दौड़ पड़ा, जिससे दहशत फैल गई। एक वन अधिकारी ने कहा कि मारन खतरे से बाहर है, लेकिन उसके कुछ दांत टूट गए हैं और उसके हाथ और कूल्हे पर चोट आई है। मासिनागुडी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद, उन्हें इलाज के लिए उधगमंडलम सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनके सिर का स्कैन कराने के लिए रेफर कर दिया।

**ओडिशा में हाथी के हमले में एक की मौत**

उधर, ओडिशा के बलांगीर जिले के बंधनपाली गांव के पास हाथी के हमले में एक 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और दो वन अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान देगांव गांव के रूपेश छत्रिया के रूप में की गई। घटना शाम करीब 4:30 बजे की है, जब एक वन गश्ती दल हाथी की गतिविधियों पर नज़र रख रहा था।

## चोरों ने थामी दिल्ली मेट्रो की रफ्तार ब्लू लाइन पर काट ले गए केबल



नई दिल्ली, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन सेवा गुरुवार सुबह से ही बाधित है। डीएमआरसी ने इसको लेकर जारी बयान में कहा कि दिल्ली मेट्रो ब्लू लाइन पर चोरों ने मोती नगर और कीर्ति नगर के बीच बिजली केबल की चोरी की है। इससे मेट्रो के परिचालन में समस्याएं उठ खड़ी हुई हैं। दिल्ली मेट्रो की ओर से जारी बयान के मुताबिक इस रूट पर यात्रा करने वाले लाखों लोगों को आज दिन भर परेशानी का सामना करना होगा। केबल चोरी की वजह से कम स्पीड में मेट्रो का परिचालन जारी रखने का निर्णय लिया गया है। दिल्ली मेट्रो प्रबंधन ने बताया कि बिजली केबल चोरी की वजह से ये हालात पैदा हुए हैं। इस समस्या का समाधान रात में मेट्रो सेवाएं बंद होने के बाद ही पूरी तरह से दुरुस्त करना संभव हो पाएगा। दिल्ली मेट्रो प्रबंधन ने ब्लू लाइन के यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा की मेट्रो की कम स्पीड को देखते हुए बनाएं। ऐसा इसलिए कि गुरुवार को यात्रा में कुछ अतिरिक्त समय लगेगा। दिल्ली मेट्रो ब्लू लाइन पर केबल चोरी की वजह से द्वारका, उत्तम नगर, नवादा, जनकपुरी, विकासपुरी, तिलक नगर, राजा गार्डन, रमेश नगर, मोती नगर, कीर्ति नगर, पटेल नगर, राजेंद्र प्लेस, करोल बाग, झंडेवालान, रामकृष्ण पुरम, राजीव चौक, मंडी हाउस, सुप्रीम कोर्ट, यमुना बैंक, लक्ष्मी नगर, प्रीति विहार, कंड़कड़डूमा, आनंद विहार, वैशाली, कौशांबी, मयूर विहार, न्यू अशोक नगर, नोएडा के यात्रियों को आज परेशानी का सामना करना होगा।

# हिंसक लड़ाई में स्कूली बच्चे की मौत सीएम आतिशी ने दिए जांच के आदेश



नई दिल्ली, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के वसंत विहार के चिन्मय स्कूल में मंगलवार को छठी क्लास के 12 वर्षीय एक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिसके बाद आज मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं, गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री ने मृतक बच्चे के परिजनों से मुलाकात कर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही दो तरीकों की जांच का आदेश भी दिया है। बच्चे के पिता सागर ने आरोप लगाया कि पुलिस जिस हिसाब से जल्दबाजी कर रही है, उससे लगता है कि वे आरोपियों को बचा रहे हैं। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि 2 दिन पहले वसंत विहार के एक स्कूल में संदिग्ध परिस्थिति में मौत हुई है। ये एक संदिग्ध मामला है, ऐसा क्या हुआ जोकि बच्चे की मौत हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने मामले में जांच के आदेश दे दिए हैं, अगर स्कूल की लापरवाही से मौत हुई, तो सख्त कार्रवाई होगी।

**पूरे मामले की होगी दो तरीके से जांच**

आतिशी ने कहा कि पूरे मामले की जांच होगी आखिर क्या हुआ था, सीसीटीवी मौजूद है, हमनें 2 तरह की जांच के आदेश दिए हैं। एक शिक्षा विभाग स्कूल की भूमिका पर जांच करेगा। दूसरी जांच एसडीएम करेंगे कि अस्पताल ले जाने में तो देरी नहीं हुई। जो इस मामले में दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बच्चे की मौत पर कहा कि ऐसा क्या हो रहा है कि छठवीं क्लास के बच्चे ऐसी हिंसल लड़ाई कर रहे हैं ? इसकी जांच करनी होगी, इसके लिए सभी दिल्ली वालों को एक साथ आना पड़ेगा। आज बच्चे हिंसा की खबरें रोज देख रहे हैं।पूरे समाज में क्राइम की खबरें हैं। इसका असर बच्चों पर हो रहा है।

**पुलिस आरोपियों को बचा रही- बच्चे का पिता**

बच्चे के पिता ने आरोप लगाते हुए कहा कि हमें शक है पुलिस स्कूल को और 5 बच्चों को बचाना चाह रही है। वीडियो में दिख रहा है, बच्चे उसका गला दबा रहे हैं। 10-11 वीं का बच्चा आया था उसने गला दबाया। बच्चे के पिता ने कहा कि उस दिन भी पुलिस ने अंतिम संस्कार की जल्दबाजी की, कल सुबह सुबह जल्दबाजी में पुलिस ने जबरदस्ती और वहां लाठीचार्ज भी हुआ। एंबुलेंस में बच्चे को डाला और अंतिम संस्कार हुआ।

## आतंकियों ने किया जवान की कार पर हमला पैर में लगी गोली

पुलवामा, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के त्राल गांव के सोफीगुंड अरिपाल इलाके में शाम को अज्ञात आतंकवादियों ने भारतीय सेना के एक जवान को गोली मार दी। जवान की पहचान सोफीगुंड निवासी दिलहर मुश्ताक के रूप में हुई है। बता दें कि मुश्ताक पर उस समय हमला किया गया, जब वह अपनी कार से घर जा रहे थे। यह घटना शाम को हुई है। आतंकियों ने जवान की कार पर कई गोलियां चलाईं, जिस कारण कार की खिड़की और दरवाजे पर कई गोलियां लगीं, जिसमें से एक गोली जवान के पैर में लग गई। इस हमले के कारण इलाके में उस समय से दहशत फैल गई। पैर में गोली लगने के बाद घायल जवान को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल, मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक जवान दिलहर मुश्ताक की हालत स्थिर है।

# दिल्ली में आप को बड़ा झटका !

## स्पीकर राम निवास गोयल ने चुनावी राजनीति से लिया संन्यास, बताई ये वजह



नई दिल्ली, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी के सीनियर विधायक राम निवास गोयल ने चुनावी राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है। राम निवास गोयल ने इस संबंध में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर कहा कि वह अब अपनी उम्र के कारण चुनावी राजनीति से दूर रहना चाहेंगे लेकिन पार्टी की सेवा करना जारी रखेंगे।

**केजरीवाल को लिखे पत्र में कही ये बातें**

पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल को लिखे पत्र में राम निवास गोयल ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से शहादरा विधान सभा के विधायक और विधानसभा अध्यक्ष के रूप में मैंने कुशलतापूर्वक अपना दायित्व निभाया है। आपने मुझे हमेशा बहुत सम्मान दिया है जिसके लिए सदा आपका आभारी रहूंगा। पार्टी और सभी विधायकों ने भी मुझे बहुत सम्मान दिया है, इसके लिए मैं सबका आभार प्रकट करता हूं। अपनी आयु के कारणों से स्वयं को चुनावी राजनीति से अलग करना चाहता हूं। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि मैं आम आदमी पार्टी में रहकर तन-मन-धन से सेवा करता रहूंगा। आपके द्वारा जो भी दायित्व मुझे सौंपा जाएगा उसको निभाने की कोशिश करुंगा।

**फरवरी 2015 से स्पीकर हैं गोयल**

आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को लिखे पत्र में 76 वर्षीय गोयल ने पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही उन्होंने कहा कि वह अपनी अगली जिम्मेदारी के लिए तैयार हैं। बता दें कि राम निवास गोयल शाहदरा से आम आदमी पार्टी के विधायक हैं। वह फरवरी 2015 से लगातार दिल्ली के स्पीकर हैं।

**केजरीवाल ने की स्पीकर की तारीफ**

स्पीकर के पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि रामनिवास गोयल जी का चुनावी राजनीति से अलग होने का निर्णय हम सभी के लिए एक भावुक क्षण है। उनके मार्गदर्शन ने वर्षों तक हमें सदन के अंदर और बाहर सही दिशा दिखाई है। अपनी बढ़ती उम्र और स्वास्थ्य के चलते उन्होंने हाल ही में अभी कुछ दिन पहले ही चुनावी राजनीति से अलग होने की अपनी इच्छा ज़ाहिर की थी। उनके निर्णय का हम सम्मान करते हैं। गोयल साहब हमारे परिवार के अभिभावक थे, हैं और हमेशा रहेंगे। पार्टी को उनके अनुभव और सेवाओं की भविष्य में भी हमेशा ज़रूरत रहेगी।

# भोपाल में क्यों लगा तंदूर पर बैन? प्रशासन को सताने लगी थी इस बात की टेंशन



भोपाल, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। तंदूरी खाने का स्वाद ठंड में भले ही लोगों को खूब पसंद आता है। लेकिन सर्दियों में भोपाल वासियों का जायका फीका पड़ने वाला है। क्योंकि बढ़ते वायु प्रदूषण की वजह से तंदूर में कोयला जलाने पर नगर निगम ने प्रतिबंध लगाया है। तंदूर जलाने वालों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। होटल वालों को अब तंदूरी रोटी और तंदूर से बनने वाले दूसरे व्यंजनों का विकल्प तलाशना पड़ रहा है। राजधानी में ठंड के शुरुआती दिनों में ही न्यूनतम पारा 8.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। इसी बीच बढ़ते वायु प्रदूषण ने प्रशासन सहित लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

शहर की आब-ओ-हवा को बेहतर बनाने के लिए तरह तरह के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें नगर निगम की ओर से तंदूर और अलाव पर बैन लगाने का फैसला लिया गया है। ताकि तंदूर का धुआं लोगों को बीमार न कर दे।

**3 हजार तंदूर रोजाना जलाए जाते हैं**

भोपाल को जायकों का शहर भी कहा जाता है। यहां रोजाना छोटे बड़े होटलों में करीब 3 हजार तंदूर जलाए जाते हैं, जिनसे जहरीली गैस फैलने का दावा है। जानकारों की राय में तंदूर का कोयला जलने पर पारा, सीसा, सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, पार्टिकुलेट और अन्य विभिन्न गैस पैदा करता है जो सांस रोग बढ़ाता है। इसलिए नगर निगम ने तंदूर पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है। इसके संबंध में आयुक्त नगर निगम ने बैठक में शहर के सभी जोन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। समझाइश देने के लिए पूरे शहर में ऐलान किया जाएगा। इसके साथ ही शादियों में भी तंदूर न जले इसकी भी निगरानी की जाएगी।

**भोपाल में प्रदूषण कितना?**

मध्य प्रदेश में भी दिल्ली जैसे हालात न हो जाएं, इसके लिए राज्य सरकार ओर शहर के नगर निगम भी सचेत है। अक्टूबर में ही एक्यूआई- 178 , मोडरेट स्थिति में पहुंचा। खुले में कचरा जलाना 2.9% तक एयर पॉल्यूशन बढ़ा रहा। धूल से 62.2% तक प्रदूषण फैल रहा है। कंस्ट्रक्शन से करीब 12.1% प्रदूषण बढ़ने का अनुमान है और परिवहन से 13.0% प्रदूषण बढ़ रहा है।

## 2 नशा तस्करों की 3 करोड़ से अधिक की संपत्तियां कुर्क

श्रीनगर, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। ग्रीष्मकालीन राजधानी में बुधवार को दो नशा तस्करों की तीन करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की गईं। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि जिला पुलिस ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट (एनडीपीएस) के तहत यह कार्रवाई की है। इसमें बानपोरा बटमालू में अब्दुल अहद भट का 65 लाख रुपये मूल्य का तीन मंजिला मकान कुर्क किया गया है। आरोपी के खिलाफ शहीद गंज पुलिस थाने में मामला दर्ज है। उसके घर से बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए गए थे।

एक अन्य मामले में नटीपोरा निवासी जान मंजूर भट का उमर लेन आजाद बस्ती में स्थित तीन मंजिला मकान कुर्क किया है, जिसकी कीमत करीब 2.5 करोड़ रुपये है।

# विधायक नरेश बाल्यान के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं'

## वीरेंद्र सचदेवा का अरविंद केजरीवाल से सवाल

नई दिल्ली, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली में एक तरफ विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है, तो दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी के उत्तम नगर से विधायक नरेश बाल्यान के खिलाफ दिल्ली पुलिस की कार्रवाई ने बीजेपी को हमला बोलने का मौका दे दिया है। इस मामले को लेकर बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पर निशाना साधा है। उन्होंने दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल से पूछा है कि आप विधायक बाल्यान की आपराधिक मामलों में संलिप्तता के बावजूद उन्होंने अभी तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सवालों के जवाब में कहा, आप विधायक नरेश बाल्यान को मकोका के तहत दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। गैंगस्टर, माफिया, ड्रग डीलर या हथियार



डीलर जैसे संगीन अपराध में शामिल लोग मकोका के तहत गिरफ्तार किए जाते हैं। उनका संबंध आप से निकलता है।

**पहले इस सवाल का जवाब दें केजरीवाल**

उन्होंने आगे कहा, इसका मतलब साफ है कि दिल्ली के (पूर्व) सीएम संगठित अपराधियों को पाल रहे हैं। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को जवाब देना चाहिए कि उन्होंने मकोका के उन अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की, जो दिल्ली में बैठे हैं और उसे लूट रहे हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को लेकर वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, आबकारी नीति मामले में पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल जेल गए। फिलहाल, जमानत पर बाहर हैं। उन्हें अपराध से बरी नहीं किया गया है। उन्हें इसकी सजा मिलेगी।

**बीजेपी भी फ्री बिजली-पानी देने के पक्ष में**

उन्होंने कहा कि जहां तक बिजली का सवाल है तो बीजेपी भी लोगों को दिल्ली में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के पक्ष में है। हमारा मानना है कि चाहे पानी हो, बिजली हो, स्वास्थ्य हो या शिक्षा हो, ये जनता के अधिकार हैं और उन्हें ये मिलने चाहिए। दरअसल, दो महीने बाद दिल्ली विधानसभा का चुनाव होना है। इसको लेकर सियासी दलों के बीच गहमागहमी चरम पर है। बीजेपी, आप और कांग्रेस एक-दूसरे पर जन विरोधी होने का आरोप लगा रहे हैं। ताकि चुनावी माहौल अपने पक्ष में करना संभव हो सके।

## डांस करते रहे बाराती, दूल्हे के रिश्तेदार के साथ हो गया बड़ा कांड

ग्वालियर, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में लुटेरे इतने बेखौफ हो गए हैं कि उन्होंने बारात के हुजूम के बीच ही लूट की वारदात को अंजाम दे डाला। बाइक पर सवार होकर आए लुटेरों ने चंद मिनटों में दूल्हे के रिश्तेदार के हाथों से डेढ़ लाख रुपए से भरा बैग छीन लिया और फरार हो गए। लूट की यह पूरी घटना शादी में वीडियोग्राफी कर रहे शख्स के कैमरे में कैद हो गई। वीडियो फुटेज के आधार पर अब पुलिस आरोपियों की पहचान के साथ ही पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। शिवपुरी जिले के बैराड़ से सुदेश सिंह सिकरवार की बारात ग्वालियर के पुरानी छावनी क्षेत्र के वृंदावन गार्डन में पहुंचनी थी। रात को दूल्हा घोड़ी पर सवार होकर बारात लेकर निकला। लगभग रात 9:45 बजे बारात पेट्रोल पंप से वृंदावन गार्डन के लिए रवाना हुई। बाराती नाचते हुए चल रहे थे। दूल्हे सुदेश की बहन के ससुर रायसिंह भदौरिया भी बारात के हुजूम में चल रहे थे।

स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 6 दिसंबर- 2024

## फडणवीस अग्रिम नेताओं में शामिल

महाराष्ट्र में भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने के बावजूद देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए कडी मशक्कत करनी पडी। उन्होंने हाईकमान द्वारा अपेक्षाकृत अज्ञात चेहरों को सीएम बनाने के पैटर्न को बदल दिया है। इस बीच वे सघन बातचीत और कई नाटकीयता से भी गुजरे। इस बार ने पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के मकसद से कुर्सी पर बैठे हैं। भाजपा के प्रदर्शन में फडणवीस ने अपने योगदान का पुरजोर दावा किया। वे चुनाव-प्रचार अभियान के दौरान पार्टी का मुख्य चेहरा थे और उन्होंने राज्य के सभी क्षेत्रों में 64 रैलियां कीं। सबसे बडी बात तो यह कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उन्हें अटूट समर्थन मिला। इसलिए मुख्यमंत्री के रूप में नाम तय होने के बाद फडणवीस ने सबसे पहले संघ मुख्यालय में ही फोन लगाया। संघ इस बात पर जोर दे रहा था कि भाजपा को कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए किसी लो-प्रोफाइल चेहरे को नहीं चुनना चाहिए। इसके लिए फडणवीस से मुफीद और कोई चेहरा नहीं था। संघ से मिले इस संदेश को हाईकमान नजरअंदाज नहीं कर सका। क्योंकि संघ के असहयोग की कीमत भाजपा को लोकसभा चुनावों में चुकानी पड़ी थी। लेकिन हरियाणा और महाराष्ट्र में अचानक आए बदलाव से यह स्पष्ट हो गया था कि संघ ने अपनी पूरी ताकत लगाई है। संघ प्रमुख मोहन भागवत हाल ही में जब दिल्ली में थे तभी महायुति के नेता भी अमित शाह के साथ सरकार गठन पर चर्चा के लिए दिल्ली में डेरा जमाए हुए थे। अमित शाह ने पहले दौर की वार्ता के लिए फडणवीस और अजित पवार से मिलने से पहले एकनाथ शिंदे के साथ आमने-सामने की बैठक की थी। और यहीं से समस्याएं शुरू हुईं। शिंदे ने मुख्यमंत्री पद के लिए अपना दावा इस आधार पर पेश किया कि उन्होंने अपने विकास कार्यक्रमों खास तौर पर लाड़की बहिन योजना के साथ महायुति की जीत में बराबर का योगदान दिया है। जबकि शिंदे को पता था कि जिस तरह के आंकड़े हैं उसके अनुसार सीएम पद की दावेदारी पर उनका पक्ष कमजोर पडेगा। भाजपा और अजित पवार के पास शिंदे के बिना भी सरकार बनाने के लिए बहुमत था। लेकिन उन्हें दिल्ली के राजनीतिक मूड का अंदाजा था। उन्हें पता था कि मोदी-शाह की जोड़ी महायुति की व्यापक जीत के बाद उसमें एकता बनाए रखने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने को तैयार है और उन्होंने उसी हिसाब से अपना खेल खेला। शिंदे को मनाने में दस दिन लग गए। जाहिर है यह अवधि फडणवीस को अनंतकाल की तरह लगी होगी। लेकिन उन्होंने धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा की और संघ की शाखाओं में सीखे अनुशासन का अच्छा उपयोग किया। उन्होंने अपने लिए जोरदार पैरवी की, लेकिन चुपचाप तरीके से। वे इस बात को लेकर सतर्क थे कि खुद पर ध्यान आकर्षित न करें और सार्वजनिक रूप से मुंह न खोलें, क्योंकि उन्हें पता था कि इससे बात बिगड़ सकती है। आम सहमति का पहला संकेत तब मिला, जब फडणवीस ने भाजपा विधायक दल की बैठक की पूर्व संध्या पर शिंदे से मुलाकात की, जिससे सीएम के रूप में उनके पदभार ग्रहण करने का मार्ग प्रशस्त हुआ। राजस्थान में वसुंधरा की जगह भजन लाल शर्मा को चुना गया, जबकि छत्तीसगढ़ में रमन सिंह को विष्णु देव साय के लिए नजरअंदाज किया गया। लेकिन अब फडणवीस, अमित शाह और योगी आदित्यनाथ के साथ अगली पीढ़ी के नेताओं की उभरती हुई पांत में जगह बनाने के लिए तैयार हैं, जिन्हें जरूरत पड़ने पर मोदी के बाद के परिदृश्य के लिए तैयार किया जा सकता है।

## जाति का विनाश ही होगी बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि




रघु ठाकुर

6 दिसम्बर बाबा साहब की पुण्यतिथि है तथा कई प्रकार से यादगार का दिन है। इतिहास के उन पन्नों को खोलने का भी दिन है जो डॉ.लोहिया और बाबा साहब के बीच में चल रहे वार्तालाप के अंतिम निष्कर्ष के पहुंचने के पहले ही समाप्त करने वाला दुःखद दिन बन गया। बाबासाहब अम्बेडकर और लोहिया के बीच मिलकर काम करने का निर्णय मानसिक तौर पर लगभग तय हो चुका था और बाबा साहब ने पत्र लिखकर दिसम्बर माह में ही लोहिया को बातचीत के लिये दिल्ली आंमत्रित किया था। परन्तु बातचीत की तिथि के कुछ दिनों पूर्व ही बाबा साहब का दुःखद निधन हो गया और एक बड़ी सामाजिक और वैचारिक क्रांति की उभरती संम्भावनाये समाप्त हो गई। चूंकि 6 दिसम्बर को ही आयोध्या में राममंदिर के निर्माण के आंदोलनकारियों या उपद्रवियों ने बाबरी मस्जिद को ध्वस्त किया था तथा 6 दिसम्बर 92 की इस घटना के बाद सारा देष साम्प्रदायिक तनाव में विभाजित हो गया था। बाबा साहब की पुण्यतिथि का दिन जो संविधान के अनुसार धर्मनिरपेक्षता का दिन होना चाहिये वह साम्प्रदायिक तनाव में विभाजित हो गया था। और हालत यह है कि जिस 6 दिसम्बर को भारत के संविधान पर चर्चा होना चाहिये संविधान को कितना लागू कर पाये या और क्या होना चाहिये, इसके बजाय 6 दिसम्बर को एक ऐसे दिन में बदल दिया गया जिससे ये मूल प्रष्न पीछे चले गये। भारतीय समाज और राजनीति की त्रासदी व विसंगति है कि वह विमर्ष के उन मुंों से छिटक गई है जो राष्टघ् के लिये जरुरी है। बाबा साहब चाहते थे कि देष में समाजवादी व्यवस्था कायम हो और वे तो संविधान के मूल अधिकार में उसे षामिल करना चाहते थे, ताकि सामाजिक कार्यक्रम या समता के कार्यक्रम किसी राजसत्ता के मुहताज न हो तथा संविधानिक अधिकार के रुप में नागरिक उन्हें हासिल कर सकें। भले ही 19:6 में भारतीय संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी षब्द जोडघ् दिया गया हो, परन्तु समता के कदमों को अमल में नही लाया गया। अगर संविधानिक समाजवाद स्थापित हुआ होता तो आज देष में जो विषमता बढ़ रही है अमीरी के टापू खड़े हो रहे है और गरीबी की खाई गहरी हो रही है, वह नहीं हुई होती। भारत के अनुसूचित जाति के लोगों ने भी बाबा साहब को पूज्यनीय बुत में सीमित कर दिया है। उनकी स्मृति में बड़ी संख्या में देष में अनुसूचित जातियो के लोग एकत्रित होते है उनकी आराधना करते है परन्तु उनकी कल्पना के भारत के निर्माण पर चर्चा नही ही करते। मैं 14 अप्रैल उनके जन्मदिवस और 6 दिसम्बर की पुण्यतिथि आयोजनों में अमूमन कहीं न कहीं हिस्सेदार होता हूं और इस आयोजनों की औपचारिकता तथा षाब्दिक व्याख्यानों को सुनता हूं। मैं उनमें खोजने का प्रयास करता हूं कि क्या बाबा साहब के विचारों पर कुछ चिंतन, मनन उनकी स्थापना के लिये पीड़ा या वेदना और संकल्प है पर षायद कही भी नजर नहीं आता। कई बार तो ऐसा महसूस होता है कि सत्ता प्रतिष्ठान एक संस्थागत लाचारी की औपचारिकता पूरी करता है और अनुसूचित जाति समाज के लोग भी बाबा साहब को जाति दायरे से बाहर निकालने का कोई प्रयास नहीं करते। कितने अनुसूचित जाति के नेताओं ने बाबा साहब और लोहिया के पत्राचार को पढ़ने का कष्ट किया है? उनका संवाद किन किन बिन्दुओं पर था? वे नजदीक आकर कैसा समाज बनाने के लिये संघर्ष करते? उनके सपने के समाज को साकार करने के लिये अब हमारे दायित्व क्या है? राजनीति की क्या दिषा इस उेष्य के लिये होना चाहिये। ऐसे गम्भीर प्रष्नों पर कोई चिंतन मनन नजर नही आता। बाबासाहब एक परिवर्तनषील विचार के व्यक्ति थे जिन्होंने स्वतः लिखा कि हमें विचारों के मामले में आने वाली पीढ़ी के लिये बांधना नहीं चाहिये। वे पुरातन पंथी या लकीर पीटू नही थे। बल्कि समाज की वास्तविकताओं और पीड़ाओं का एहसास कर उसके लिये मार्ग खोजने का प्रयास करते थे। आज अगर बाबासाहब होते तो वे किस प्रकार के बदलाव का प्रयास करते इसके संकेत उनके लेखन और विचार से मिल जाता है। वैष्वीकरण और निजीकरण उनके विचारों के विपरीत है। वे तो प्रमुख उद्योगों और विषयों को सरकार के माध्यम से समाज के नियंत्रण में रखने के पक्षधर थे। वे निजीकरण के खिलाफ थे। परन्तु वैष्वीकरण जो दुनिया की अर्थव्यवस्था का निजीकरण करने वाली प्रक्रिया है, को बाबा साहब कभी स्वीकार नहीं करते। देष में साम्प्रदायिक, मानसिक विभाजन की रेखा को मजबूत करने के लिये षायद दुनिया की कारपोरेटलॉबी ने जानबूझ कर 6 दिसम्बर का दिन चुना था ताकि बाबा साहब की वैचारिक स्मृतियों को पीछे धूमिल किया जा सके तथा मानसिक विभाजन इतना गहरा हो जाये कि बाबा साहब के स्थापित लक्ष्य समानता, संवैधानिक समाजवाद, राष्टघेय करण आदि पर चर्चा न हो सकें।

बाबा साहब के मानने वालों के या उनके प्रति सम्मान प्रकट करने वालों में तीन प्रकार के लोग हैं। सत्ता प्रतिष्ठान की औपचारिकता निभाने वाले समूह जिनके लिये वह लगभग वैधानिक प्रषासनिक और औपचारिक लाचारी है। 2. उनके जन्मना जाति समूह के लोग जो उन्हें पूज्यनीय, वंदनीय और भगवान जैसा स्थापित कर बुत परस्ती करते हैं पर जिन्हें उनके विचारों से कोई लेना देना नहीं है 3. हमारे जैसे लोहियावादी, समाजवादी जो बाबा साहब के विचारो में सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक समानता के विचारो तथा बदलाव के सूत्र खोजते हैं तथा उन्हें कैसे जमीन पर उतारा जाये इसके लिये चिंता व प्रयास करते है। गौतम बुद्व ने तर्क आधारित और विवेक संगत समाज की स्थापना की पहल की थी। वे कहते थे कि किसी बात को तब तक न मानो जब तक उससे सहमत न हो जाओ। उनके दर्षन ने भारतीय समाज की जातिगत जड़ता को हिलाया डुलाया था और धर्म के नाम पर चल रहे पाखण्ड, षोषण और पुरोहितवाद को कमजोर किया था। सामाजिक रुप से कमजोर माने जाने वाले लोगों में एक चेतना-बराबरी की ललक-तर्क एवं योग्यता तथा अन्धविष्वास को नकारने का साहस बुद्ध ने दिया था। महात्मा गांधी ने भी भारतीय समाज को जो हजारों साल के राजतंत्र और सामंतवाद के प्रभाव से भीरु और सपना विहीन समाज बन गया था को निर्भय बनाकर उनके सामने एक मानवीय सभ्यता का सपना प्रस्तुत किया था। बाबा साहब ने षायद इसलिये धर्म-परिवर्तन के नाम पर बुद्ध को चुना था क्योंकि बुद्ध उनके लिये धर्म दर्षन और आध्यातमिक तौर पर सबसे नजदीक दिख होगे। कुछ लोग अभी भी बाबा साहब के नाम से गांधी की आलोचना करने के खेल में फंसे रहते हैं। यह उनकी अज्ञानता भी हो सकती है और अतीत जीवी दकियानुसीपन भी। ऐसे लोग को लेकर गांधी की आलोचना करना अपनी षान और बुद्धिता समझते हैं। वे भूल जाते हैं या अपने राजनैतिक हितों के लिये जानबूझकर उन घटनाओं का जिक्र नहीं करना चाहते जो इतिहास में दर्ज है। पूनापेक्ट के बाद जब कुछ तत्कालीन अनुसूचित जाति के बुद्धिजीवियों ने पूनापेक्ट की आलोचना षुरु की तो उसका उत्तर स्वत : बाबा साहब ने अपनी सभाओं के माध्य से दिया था। उन्होंने कहा कि लोग यह मानते है कि पूनापेक्ट से कुछ भी हासिल नही हुआ वे गलती पर है। पूनापेक्ट से बहुत कुछ हासिल हुआ है। आज अगर भारतीय संविधान में अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगो को विधायिका और षासकीय सेवाओं में आरक्षण मिला है तथा जनतांत्रिक भूमिकाओं में उनका स्थान सुरक्षित है तो वह उस समझौते का ही परिणाम है। इन जाति नेताओं को इस बात का ऐहसास नहीं है कि गांधी को पूनापेक्ट के बाद कघ्रपंथी समाज ने कितनी गालियां दी थी और उनके प्रति कितनी घृणा का प्रदर्षन किया था। वह तो गांधी थे जो षिव के समान हलाहल खुद पी रहे थे और अमृत की जितनी बूंदे निकली वे अनुसूचित जाति के भाईयो को ही दे रहे थे। बाबा साहब टेघ्डघ् यूनियनिस्ट थे और तोप की मांग कर रिवाल्वर लेने की रणनीति के प्रखरज्ञाता थे। मजदूर आंदोलन में सौदेबाजी एक घ्कलेक्टिव बारगे निंगघ्स्वीकृत तरीका रहा है और बाबा साहब इस का चतुर प्रयोग गांधी के साथ करते थे।

## भाजपा को हिंदुत्व की राह पर ही दिख रही है भलाई



अशोक भाटिया

2024 लोकसभा चुनावों के बाद भारतीय जनता पार्टी में बहुत कुछ बदला है। लोकसभा चुनावों में शिकस्त मिलने के बाद केंद्र में सरकार तो बन गई पर फैसले लेने में सरकार पहले जैसी कॉन्फिडेंट नहीं दिख रही है। यही कारण है कि भाजपा ने अब हिंदुत्व की राह पर चलने का फैसला कर लिया है । इस हिंदुत्व के फैसले को बल देने के लिए भाजपा मुख्यमंत्रियों में होड़ लग गई है । असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पिछले दिनों ऐसे फैसले लिए हैं और ऐसे बयान दिए हैं कि योगी आदित्यनाथ भी फीके पड़ जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि दोनों मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हिंदुत्व से आगे निकलना चाहते हैं।यही नहीं योगी आदित्यनाथ भी इधर कुछ दिनों से लगातार उग्र हिंदुत्व की राह पर है।इस तरह पर तीन मुख्यमंत्रियों के बीच उग्र हिंदुत्व का झंडाबरदार बनने की होड़ लगी हुई है। हिमंता बिस्वा सरमा के मुसलमानों के खिलाफ लगातार बयान, इसके साथ ही चाइल्ड मैरिज के नाम पर मुस्लिम शादियों में रुकावट डालने तथा जुम्मे की नमाज को लेकर जो फैसले हुए हैं, उसे साफ तौर पर पता चलता है कि हिमंता हिंदुत्व की राह पर तेजी से दौड़ रहे हैं। अब असम विधानसभा मुस्लिम विधायकों को शुक्रवार को नमाज अदा करने के लिए दिए जाने वाले दो घंटे के अवकाश को खत्म करेगी। हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट किया कि 2 घंटे की जुम्मा छुट्टी को खत्म करके, असम विधानसभा ने उत्पादकता को प्राथमिकता दी है और औपनिवेशिक बोझ के एक और अवशेष को हटा दिया है। उन्होंने आगे लिखा कि यह प्रथा 1937 में मुस्लिम लीग के सैयद सादुल्ला द्वारा शुरू की गई थी। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए स्पीकर बिस्वजीत दैमारी और हमारे विधायकों को मेरा आभार। हिमंता बिस्वा सरमा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उनमें ''मूलतः राज्य के निवासी हिंदू विधायकों'' को विधानसभा में अपनी बात नहीं रखने देने की प्रवृत्ति विकसित हो गई है। असम भूमि एवं राजस्व विनियमन (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2024 पर चर्चा के दौरान, शर्मा ने अपनी पार्टी के विधायक भुवन पेगू के भाषण को बाधित करने के लिए भी विपक्षी सदस्यों की कड़ी आलोचना की। शर्मा ने पेगू का बचाव करते हुए कहा, मूलतः राज्य के निवासी हिंदू विधायकों को सदन में नहीं बोलने देने की एक नयी प्रवृत्ति उत्पन्न हो गई है। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है। कृपया इतने आक्रामक न हों। हमारी जमीन के बाद अब विधानसभा पर कब्जा करने की कोशिश न करें। पेगू तत्कालीन पूर्वी बंगाल से असम में लोगों के कथित प्रवासन और आक्रामकता के बारे में पुराने विधानसभा रिकॉर्ड का उल्लेख करते हुए एक बयान दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, आप हिंदू-मुस्लिम मुद्दों पर बात करना बंद नहीं कर सकते। ये जीवन की कठोर वास्तविकताएं हैं। हाल ही में राज्य विधानसभा में बोलते हुए, असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि – मैं असम को मियां लोगों की भूमि नहीं बनने दूंगा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को गोमांस खपत को प्रतिबंधित करने के लिए राज्य में बीफ प्रतिबंध को रेस्तरां, होटलों और सार्वजनिक कार्यक्रमों तक बढ़ा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में हमने निर्णय लिया है कि किसी भी रेस्तरां या होटल में गोमांस नहीं परोसा जाएगा और किसी भी सार्वजनिक समारोह या सार्वजनिक स्थान पर भी गोमांस नहीं परोसा जाएगा, इसलिए आज से हमने निर्णय लिया है कि होटल, रेस्तरां और में गोमांस का सेवन पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा।

हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि पहले हमारा निर्णय मंदिरों के पास गोमांस खाना बंद करने का था लेकिन अब हमने इसे पूरे राज्य में विस्तारित कर दिया है कि आप इसे किसी भी सामुदायिक स्थान, सार्वजनिक स्थान, होटल या रेस्तरां में नहीं खा पाएंगे। मौजूदा असम मवेशी संरक्षण अधिनियम 2021 के अनुसार, उन क्षेत्रों में गोमांस और गोमांस उत्पादों की बिक्री या खरीद पर प्रतिबंध लगा दिया गया था जो मुख्य रूप से हिंदू, जैन, सिख और अन्य गैर गोमांस खाने वाले समुदायों द्वारा बसाए गए हैं या किसी मंदिर या अन्य धार्मिक संस्थान के 5 किलोमीटर के दायरे में हैं। हिमंता के लिए हिंदुत्व का पोस्टर बॉय बनने की धुन आज की नहीं है। भारतीय जनता पार्टी जॉइन करने के बाद से ही उन्होंने हार्डकोर हिंदुत्व की राह पकड़ ली थी। मुस्लिम आबादी को लेकर लगातार बयान,चाइल्ड मैरेज के नाम पर मुस्लिम शादियों में रुकावट डालने की कोशिश या सीएए और एनआरसी की बात रही हो, कांग्रेस से भाजपा में आए हिमंता मुस्लिम समुदाय के खिलाफ इस तरह से आग उगलते हैं जिसका मुकाबला जन्मजात भाजपाई भी नहीं कर सकते। अभी पिछले हफ्ते की ही बात है हिमंता ने निजी स्वामित्व वाले विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेघालय (यूएसटीएम) से पढ़ाई करने वाले छात्रों को असम सरकार की नौकरियों में रोक लगाने की बात कही।एनआईआरएफ के तहत शीर्ष 200 विश्वविद्यालयों में से एक है। यह संस्थान असम के एक बंगाली-मुस्लिम महबुबुल हक के स्वामित्व वाले फाउंडेशन द्वारा संचालित है, जो संस्थान के चांसलर भी हैं। हिमंता का मानना है कि इस विश्वविद्यालय परिसर के निर्माण के लिए वनों और पहाड़ियों की कटाई का ही नतीजा है कि गुवाहाटी को अचानक बाढ़ का सामना करना पड़ा। सरमा का कहना है ये सब असम के खिलाफ बाढ़ जिहाद के कारण हुआ है।

सरमा ने इससे पहले बंगाली-मुस्लिम किसानों पर उर्वरक जिहाद का भी आरोप लगाया था। कहा था कि सब्जियां उगाने में उर्वरक के अनियंत्रित उपयोग के कारण लोगों में बीमारियां फैल रही हैं। उन्होंने राज्य में मुसलमानों पर भूमि जिहाद का आरोप लगाते हुए उन्हें जमीन की बिक्री पर अंकुश लगाने के फैसले की भी घोषणा की और कहा है कि सरकार लव जिहाद के लिए आजीवन कारावास की सजा वाला एक कानून लाएगी।यही सब कारण है कि असम में उनकी लोकप्रियता में लगातार इजाफा हो रहा है।

## देश की अस्मिता से जुड़ा है डैमोग्राफी को बचाने का मुद्दा !



मनोज कुमार अग्रवाल

हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जनसंख्या बढ़ोतरी की दर में गिरावट (प्रजनन दर) पर चिंता जताई है. उन्होंने कहा कि जब किसी समाज की जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से नीचे गिर जाती है, तो वह समाज धीरे-धीरे नष्ट हो जाता है. भागवत ने यह बयान एक कार्यक्रम के दौरान दिया, जिसमें उन्होंने जनसंख्या नीति को लेकर अपनी चिंता जाहिर की.भागवत ने कहा, आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की जनसंख्या (प्रजनन दर) 2.1 से नीचे चली जाती है, तो वह समाज दुनिया से नष्ट हो जाता है. वह समाज तब भी नष्ट हो जाता है जब कोई संकट नहीं होता है. इस तरह से कई भाषाएं और समाज नष्ट हो गए हैं. जनसंख्या 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि 2.1 की जनसंख्या वृद्धि दर बनाए रखने के लिए समाज को दो से अधिक बच्चों की आवश्यकता है, इस तरह उन्होंने तीन बच्चों की जरूरत पर जोर दिया। जनसंख्या विज्ञान भी यही कहता है. संख्या महत्वपूर्ण है क्योंकि समाज का बने रहना जरूरी है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने देश के बहुमय समाज को उस कड़वे सत्य से परिचित कराने का प्रयास किया है जिस का हिन्दू समाज अपनी उदासीनता के कारण सामना नहीं करना चाहता। मोहन भागवत ने 2021 के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे रिपोर्ट को सम्मुख रख अपनी चिंता प्रकट की है। लेकिन धरातल का सत्य है कि 1901 से 2001 के जनसंख्या आंकड़ों पर ध्यान दें तो बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिलता है। इतिहास में जाए तो अफगानिस्तान तक भारत था और पहां हिन्दू राजाओं का ही राज था। 1947 मैं जनसंख्या में आए बदलाव के कारण ही भारत का विभाजन हुआ था। आपको बता दें कि भारत की एकता व अखंडता तथा सनातन धर्म को बनाए रखना है तो हिन्दू परिवारों को 2 या 3 बच्चों को अवश्य जन्म देना होगा। विश्व पर नजर दौड़ाएं तो आप को संघ प्रमुख भागवत की चेतावनी व चिंता का कारण समझ आ जाएगा। विश्व के जिस क्षेत्र में ईसाईया मुस्लिम जनसंख्या बहुमत में आई है वहां की संस्कृति ही बदल गई वहां का मूल संस्कृति और इतिहास सब कुछ लुप्त हो गया।संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जिस समस्या को लेकर चिंता प्रकट की है अतीत में उसी को पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने विभिन्न ढंग से कहा है मुसलमान भारत पर 'राजनीतिक श्रेष्ठता' स्थापित करने के विचार को लेकर चलते हैं। अतः यह न धार्मिक समस्या है और न सामाजिक, यह तो सीधी राजनीतिक समस्या है।

भारत में इस्लाम मौलवी या फकीरों के प्रचार के द्वारा नहीं आया, अपितु यह आक्रमणकारियों के द्वारा आया सूफी फकीरों ने एक सोची समझी साजिश के तहत धर्मभीरू अंधविश्वासी आमजन को कनवर्जन के लिए नरम रुख दिखाया ताकि जोर-जबरदस्ती के साथ ही लचीला रुख दर्शा कर भी हिन्दू समाज को इस्लाम में कन्वर्ट किया जा सके। हिन्दुस्तान में ये आक्रान्ता लोग अपने आपको देशका मालिक समझने लगे। जो व्यक्ति हिन्दुस्तान में कनवर्जन कर मुसलमान बना, वह भी अपने आपको आक्रान्ताओं से जोड़कर देखने लगा और यहां की प्रत्येक विरासत से घृणा करने लगा। बाबर भारत में आक्रान्ता बतौर आया। यहां का एक बड़ा वर्ग खुद को देश की मूल सांस्कृतिक व धार्मिक विरासत से अलग कर उस के प्रति नफरत करने लगा इसका परिणाम मुसलमान के अन्तः करण में आज तक है। इस कारण यदि हम उसे कहें कि इस भूमि को भारत माता कह तो वह मानता नहीं। इसे माता न मानने के कारण ही पाकिस्तान बना।

हमने कहा राम और कृष्ण अपने पूर्वज हैं, परन्तु वह इन्हें अपना पूर्वज न मानकर अलग से दूसरे पूर्वजों को मानता है। इसलिए यह कहना पड़ता है कि यहां का मुसलमान राष्ट्रीय नहीं। हिन्दुस्तान विरोधी जो-जो चीजें होंगी, वह उनको ही अपनाता है। हमने भारत को मां कहा, परन्तु वह इसे दारूल हरब कहता है। हम गाय की पूजा करते हैं, परन्तु वह उसको काटता है। भारत में वह बकरीद कहकर त्यौहार मानता है। बकर का अर्थ अरबी में गाय होता है अर्थात जो गाय हमारे लिए पूजनीय है, वह इस त्यौहार पर बलि दी जाती है। यह हमारी श्रद्धा के विरुद्ध है।

आप को बता दें कि देश में लगातार बहुसंख्यक वर्ग की जनसंख्या दर में गिरावट और एक खास अल्पसंख्यक समुदाय की जनसंख्या वृद्धि दर में भारी बढ़ोतरी हो रही है। यह भारत की डैमोग्राफी के लिए खतरनाक हो सकता है।

## लोकतंत्र में अतिवाद और धार्मिक कट्टरता का कोई स्थान नहीं



संजीव ठाकुर

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया है। देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकतें हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता ही है कि जिसके कारण संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा,विवाद किसी भी मसले का कोई हल नहीं पर यह लोकतंत्र के लिए एक डाग के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है।भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं।

देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है।

## दाल में काला, चाय में घोटाला



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

पार्षदजी बड़े नेता थे। विकास के ठेके से लेकर चाय की दुकान तक हर जगह उनकी पकड़ थी। मोहल्ले में विकास कार्य का उद्घाटन करना हो या मच्छर मारने के लिए फॉगिंग मशीन लगवानी हो, उनकी उपस्थिति अनिवार्य थी। लोग कहते थे, “पार्षदजी हैं तो सब मुमकिन है। बस उनसे संपर्क साधिए और अपनी किस्मत की चाय पिए।” मोहल्ले के चौराहे पर एक दिन उन्होंने नया अभियान शुरू किया: 'शुद्धता की चाय, समाज की भलाई'। चाय मुफ्त थी, पर शर्त थी कि आप पार्षदजी का भाषण सुनकर ही चाय की चुस्की ले सकते थे। पार्षदजी का मानना था कि चाय में शुद्धता होनी चाहिए। “देखिए,” उन्होंने भाषण शुरू किया, “हमारे समय में चाय में दूध होता था, शक्कर होती थी, और सबसे बड़ी बात—चाय में चायपत्ती भी होती थी। लेकिन आज की चाय? बस नाम की चाय रह गई है। समाज का नैतिक पतन भी इसी कारण हो रहा है। चाय शुद्ध नहीं तो इंसान कैसे शुद्ध होगा?” चाय की दुकान वाले गंगाराम ने तुरंत हामी भरी। “पार्षदजी सत्य वचन बोल रहे हैं। मैंने तो अपने ग्राहकों को शुद्ध चाय पिलाने का प्रण ले लिया है। अब से केवल खालिस दूध और असली शक्कर ही इस्तेमाल करूंगा।” लेकिन गंगाराम की दुकान के पीछे खड़े चाय आपूर्ति करने वाले सप्लायर ने पार्षदजी के कान में फुसफुसाया, “साहब, दूध में पानी मिला रहेगा, थोड़ा चलता है। और शक्कर का दाम बढ़ गया है, नकली शक्कर डाल लें?” पार्षदजी गंभीर मुद्रा में बोले, “अरे, शुद्धता अभियान में थोड़ा असंशोधन चलता है। पर बात वही रहनी चाहिए। प्रचार जरूरी है।” कुछ दिन बाद मोहल्ले में शुद्धता का हल्ला मच गया। हर जगह 'शुद्ध चाय अभियान' के होर्डिंग लगे। लोग सोच रहे थे कि यह अभियान सिर्फ चाय तक सीमित रहेगा। लेकिन नहीं, पार्षदजी की दूरदर्शिता का दायरा विशाल था। उन्होंने अभियान को “समाज सुधार” का नाम देकर हर क्षेत्र में घुसा दिया। अब मोहल्ले के पानवाले को आदेश मिला कि खैनी की पुड़िया शुद्ध होनी चाहिए। चाटवाले से कहा गया कि गोलगप्पे का पानी आरओ फिल्टर से बने। मोहल्ले के पंचर वाले को भी सख्त निर्देश मिले कि टायर में हवा पूरी 'हाइजीनिक' होनी चाहिए। चाय के ठेके से शुरू हुआ अभियान अब बड़े-बड़े टेंडर तक पहुंच गया। चाय के लिए पार्षदजी ने सरकारी बजट से “शुद्धता प्रमाणीकरण मशीन” लगवाने का प्रस्ताव पास करवा लिया। मशीन की लागत दस लाख थी, लेकिन ठेकेदार का कहना था कि यह मशीन चीन से आयात करनी पड़ेगी, इसलिए खर्च थोड़ा बढ़ जाएगा। मोहल्ले में मशीन लगाई गई। हर दुकान पर पोस्टर लग गए: “यहाँ चाय शुद्धता प्रमाणित है।” पर असल में मशीन सिर्फ शोपीस थी। मोहल्ले के किसी भी व्यक्ति ने कभी मशीन को चालू हालत में नहीं देखा। एक दिन पार्षदजी ने बड़े धूमधाम से अभियान की सफलता का जश्न मनाया।

# विवाह पंचमी पर इन 5 विशेष कामों को करने से बढ़ता है पुण्य

## धन-धान्य से भरे रहते हैं भंडार

मार्गशीर्ष यानि अगहन महीने की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को प्रभु श्रीराम और माता सीता का विवाह हुआ था, इसलिए शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को विवाह पंचमी भी कहा जाता है। इस साल विवाह पंचमी 6 दिसंबर, शुक्रवार के दिन है। यह पर्व हर साल मार्गशीर्ष यानि अगहन महीने की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। कई लोगों का मत है कि विवाह पंचमी पर विवाह करने से पति-पत्नी का वैवाहिक जीवन संघर्षपूर्ण रहता है इसलिए इस दिन माता-पिता अपनी बेटी का विवाह नहीं करते। वहीं, कुछ लोगों का यह भी मानना है कि सभी लोगों के अपने कर्म और नियति है, उसी के अनुसार ही किसी का वैवाहिक जीवन चलता है, ऐसे में विवाह पंचमी के दिन अपनी पुत्री का विवाह करने से कोई हानि नहीं होती।

विवाह पंचमी के दिन कुछ ऐसे कार्य जरूर करने चाहिए, जिससे कि आपके पुण्य कर्म बढ़ सके। आइए, जानते हैं विवाह पंचमी पर क्या काम करना चाहिए।

आप अगर अपनी बेटी का विवाह इस दिन नहीं करना चाहते तो भी आपको ऐसी गरीब लड़की का कन्यादान जरूर करना चाहिए, जिसके माता-पिता नहीं है। शास्त्रों में कन्यादान को सबसे बड़े दानों में से एक माना जाता है इसलिए किसी गरीब और जरुरतमंद कन्या का कन्यादान करने से आपके पुण्य कर्मों में वृद्धि होती है।

विवाह पंचमी के दिन आपको दान भी अवश्य करना चाहिए। आप किसी संस्था, जरुरतमंद व्यक्ति, मंदिर आदि जगहों पर जाकर अपनी सामर्थ्यनुसार दान कर सकते हैं।

दान में अन्नदान, जलदान, कपड़े का दान या फिर किसी की जरुरत के अनुसार कोई भी चीज दी जा सकती है।

किसी भूखे के पेट को भरने को सबसे बड़ा पुण्य माना जाता है। आपके पास अगर भंडारा करने लायक धन नहीं है, तो भी आप किसी व्यक्ति, पशु या पक्षी के लिए अन्न की व्यवस्था कर सकते हैं। भंडारे का अर्थ किसी भूखे का पेट भरने से है। पशु और पक्षियों के लिए अनाज भी व्यवस्था करना भी भंडारे की श्रेणी में आता है।

पेड़-पौधे प्रकृति का हिस्सा हैं इसलिए विवाह पंचमी के दिन वृक्षारोपण करने से प्रकृति माता प्रसन्न होती है। आप अपनी पसंद के अनुसार अपने घर या फिर किसी अन्य स्थान पर राम और सीता जी के नाम पर कोई पौधा लगा सकते हैं। प्रकृति को पौधे भेंट स्वरूप देने से पुण्य कर्मों में वृद्धि होती है। साथ ही प्रभु श्रीराम और माता सीता की कृपा आप पर बनी रहती है।



विवाह पंचमी पर पुण्य प्राप्ति के लिए 5 विशेष कार्य

विवाह पंचमी का दिन भजन-कीर्तन, पूजा-पाठ और गंगा स्नान के लिए अति उत्तम माना जाता है इसलिए आपको विवाह पंचमी पर प्रभु श्रीराम और माता सीता की पूजा करके भजन-कीर्तन जरूर करना चाहिए। साथ ही विवाह पंचमी पर गंगा स्नान का भी बहुत महत्व है। भगवान विष्णु और लक्ष्मी जी रामजी और लक्ष्मी जी का रूप माने जाते हैं इसलिए विवाह पंचमी पर भगवान श्री विष्णु व माता लक्ष्मी की पूजा भी करनी चाहिए।

**-मुकेश ऋषि**

# घर में वास्तु अनुसार लगाएं पोछा

## नेगेटिव एनर्जी रहेगी दूर और पॉजिटिव एनर्जी से पाएंगे भरपूर लाभ

वास्तु शास्त्र में घर की साफ सफाई का विशेष महत्व बताया गया है। अगर आप अपने घर को साफ सुथरा रखते हैं तो इससे पॉजिटिव एनर्जी बनी रहती है, वहीं घर में इधर उधर सामान रहने से, गंदगी से, गलत जगहों पर चीजें रखने से नेगेटिव एनर्जी बढ़ती है, जिसका सीधा असर परिवार के सदस्यों पर पड़ता है। घर की साफ सफाई के लिए पोछा भी लगया जाता है, ऐसे में अगर आप वास्तु के अनुसार घर में पोछा लगाते हैं तो इससे ना सिर्फ पॉजिटिव एनर्जी का घर में प्रवेश होता है बल्कि घर के सदस्यों को जीवन में शुभ परिणामों की प्राप्ति भी होती है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर की साफ सफाई के लिए सबसे सही समय ब्रह्म मुहूर्त को माना गया है, ऐसे में आप इस समय पोछा लगा सकते हैं। ब्रह्म मुहूर्त का समय असल में सूर्योदय से पहले की अवधि होती है, जो 4 बजे से लेकर 5: 30 के बीच का समय होता है। ऐसे में इस समय घर में पोछा लगाने से पॉजिटिव एनर्जी बढ़ती है



और घर में माता लक्ष्मी का भी प्रवेश होता है। साथ ही घर के सभी सदस्यों पर इसका शुभ प्रभाव पड़ता है और घर में धन धान्य की कभी कमी नहीं होती है। इसके साथ ही सूर्योदय के दौरान या उसके तुरंत बाद पोछा लगाना भी अच्छा माना गया है। पोछा लगाते समय हमेशा ध्यान रखें कि पोछा हमेशा घर के मेन गेट से लगाना शुरू करें, इसके बाद ही घर के बाकी हिस्सों में पोछा लगाएं। अलग अलग कमरों में पोछा लगाते समय दक्षिणावर्त दिशा का पालन करना चाहिए, ऐसा करने से प्राकृतिक ऊर्जा का प्रवाह बना रहता है। पोछा लगाते समय इस बात का ध्यान रखें कि पोछा की शुरुआत मेन गेट से हो और समापन भी इसी स्थान पर हो।

# अन्न की कमी से जूझते इंसान को रातों-रात अरबपति बना सकता है राहु



राहु को प्रसन्न करने के ज्योतिष उपाय

ज्योतिष शास्त्र में नवग्रहों की अलग-अलग स्थिति बताई गई है। जैसे, राहु की बात करें, तो पाताल से पृथ्वी के मध्य जो कुछ भी है, वह सभी राहु है और पृथ्वी से आकाश के मध्य जो कुछ है वह केतु है।

ऐसे में राहु की स्थिति का प्रभाव सभी लोगों पर कहीं न कहीं पड़ता ही है। कुंडली में राहु की स्थिति शुभ होने पर व्यक्ति जीवन में तरक्की करता जाता है और राहु के अशुभ प्रभाव से सबसे पहले व्यक्ति की सोच-समझने की शक्ति कमजोर पड़ जाती है। राहु को प्रसन्न करने के लिए क्या करना चाहिए।

राहु को मायावी ग्रह कहा गया है, छाया ग्रह कहा गया है, यह सांसारिक रिश्ते नाते जो दिखते हैं, परन्तु होते नहीं हैं, यही राहु है, राहु भी छलावा देता है, पर अंत में कुछ भी प्राप्त नहीं होता है। राहु को शुभ करने के लिए सबसे पहले माता सरस्वती की आराधना करनी चाहिए क्योंकि राहु भ्रम की स्थिति पैदा करता है, जिससे सोचने-समझने की शक्ति कमजोर पड़ती जाती है।

वहीं, राहु की कुछ विशेषताओं पर ध्यान दें, तो राहु खर्चीला है, लेकिन कंजूस भी है। नवग्रहों में राहु अकेला ऐसा ग्रह है, जो गरीब से गरीब व्यक्ति को भी रातों-रात अरबपति बना सकता है। जानते हैं राहु को प्रसन्न करने के उपाय।

राहु की कारक वस्तुएं - शीशा, सर्प, काला रंग, काले तिल, जौ, सरसों का तेल, काले रंग के पुष्प, हाथी, कच्चे कोयले, अभ्रक, मछली, गर्म कपड़े, बिजली के यंत्र, नीलगाय, धुआं, कुंडली में राहु जिस ग्रह का प्रतिनिधित्व करता हो, उस ग्रह की वस्तुएं, गोमेद।

राहु को प्रसन्न करने के लिए जानवरों को रोटी जरूर खिलानी चाहिए। जानवरों पर राहु की विशेष कृपा होती है।

खासकर काले कुत्ते पर राहु की विशेष कृपा है इसलिए रोजाना काले कुत्ते को रोटी खिलाने से कुंडली में राहु की स्थिति मजबूत होती है।

शनिवार के दिन अपने वजन के समान जौ लेकर, उसके 18 एक समान भाग कर लें। प्रत्येक भाग को एक काले रंग के कपड़े में रखकर बांध कर रख दें। इसमें से प्रत्येक बुधवार एक पोटली ले, उस पर दूध का छींटा मार दें, और अपने सिर से घड़ी की दिशा के विपरीत दिशा में सात बार घुमा कर पोटली को बहते पानी में प्रवाहित कर दें।

प्रत्येक 18 बुधवार, सूर्यास्त के बाद, यह उपाय करें, सरसों के तेल का दीपक लेकर उसमें छाया देखकर, बाती डालकर जलाएं और सामने बैठकर **राहु मन्त्र-ॐ रां राहवे नमः** का कम से कम एक माला जाप करें। इससे कुंडली में राहु की स्थिति शुभ होती है।

# कर्ण के कवच-कुंडल दान में लेकर भी इस वजह से स्वर्ग नहीं ले जा पाए थे इंद्र

## अंत में हार मानकर भारत की इस जगह पर छुपाना पड़ा



महाभारत में कर्ण की दानवीरता की कई कहानियां सुनने को मिलती हैं। महाभारत की ऐसी ही कथा कर्ण के कवच-कुंडल से भी जुड़ी है। कुरुक्षेत्र के युद्ध में कर्ण ऐसा महान योद्धा था, जिसे हरा पाना किसी के लिए भी आसान नहीं था। खुद अर्जुन का पराक्रम भी कर्ण के सामने घटकर आधा रह जाता था।

श्रीकृष्ण यह बात जानते थे कि कर्ण को हराने के लिए उसके कवच-कुंडल को उसके पास से लेना बहुत जरूरी है, इसलिए श्रीकृष्ण ने इंद्रदेव को यह कार्य सौंपा। स्वर्ग के देवता देवराज इंद्र ने कर्ण के कवच-कुंडल स्वर्ग ले जाने की कोशिश की लेकिन अंत में हार मानकर समुद्र में छुपाने पड़े। इंद्र ने कर्ण के कवच-कुंडल कहां छुपाए थे।

श्रीकृष्ण ने कर्ण के कवच और कुंडल का रहस्य अर्जुन को बताया था। कृष्ण ने अर्जुन को अपने मानस पिता इंद्र से सहायता लेने का सुझाव दिया। तब कुंडल और कवच का रहस्य जानकर देवराज इंद्र एक साधु का वेश बनाकर कर्ण के पास पहुंचे। उस समय कर्ण स्नान करके नदी से निकल रहे थे।

अचानक एक साधु को अपने सामने खड़ा देखकर कर्ण ने उन्हें प्रणाम किया और सेवा बताने के लिए कहा। साधु का वेश लिए इंद्र ने अपना मायाजाल फेंका और गंभीर होते हुए कहा-वत्स! तुम बहुत बड़े योद्धा प्रतीत होते हो लेकिन मैं जिस दान की अपेक्षा रखता हूं, वो तुम नहीं दे सकते। साधु की बात सुनकर कर्ण ने उसे वचन दिया कि वे दान में जो कुछ भी पाने की इच्छा रखते हैं, कर्ण उसे जरूर देंगे।

कर्ण साधु बने देवराज इंद्र की बातों से अंदाजा लगा चुके थे कि सामने खड़ा साधु कोई साधारण व्यक्ति नहीं बल्कि किसी लक्ष्य के साथ आया कोई देवता है। फिर भी कर्ण ने साधु की बात का मान रखते हुए अपने कवच- कुंडल निकालकर देवराज इंद्र को दान में दे दिए। कवच-कुंडल को प्राप्त करने के बाद देवराज इंद्र अपने असली रूप में आ गए। कर्ण ने इंद्र को प्रणाम किया और मुस्कुराने लगे। कर्ण की दानवीरता देखकर इंद्र उनसे बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने अमोघ अस्त्र प्रदान किया।

कर्ण को अमोघ शस्त्र भेंट करके इंद्र कवच-कुंडल को लेकर स्वर्ग जाने लगे लेकिन इंद्र जैसे ही कवच-कुंडल को लेकर स्वर्ग की ओर प्रस्थान करते। कवच-कुंडल जड़ अवस्था में एक जगह पर टिके रह जाते। इसका सबसे बड़ा कारण यह था, कि इंद्र ने कर्ण के कवच-कुंडल को छल से प्राप्त किया था। छल से प्राप्त की हुई किसी चीज को स्वर्ग नहीं ले जाया जा सकता था। छल से लेने के कारण कवच-कुंडल में नकारात्मक ऊर्जा के कण भी आ चुके थे। इस कारण से इंद्र ने कर्ण के कवच-कुंडल को समुद्र में छुपाने का निर्णय लिया।

कर्ण के कवच-कुंडल एक प्रकाशमय ऊर्जा कणों के रूप में थे, जिसे देवराज इंद्र ने रात्रि के समय समुद्र में छुपा दिया। चंद्रदेव यह पूरा दृश्य देख रहे थे इसलिए उन्होंने कवच और कुंडल लेने का प्रयास किया लेकिन तभी समुद्र देव ने उन्हें टोककर कहा- चंद्रदेव! कर्ण के ये कवच और कुंडल मेरे संरक्षण में हैं इसलिए आप इसे बिना किसी अधिकार के नहीं ले सकते।

सूर्यदेव ने भी समुद्र देव का साथ दिया और हमेशा-हमेशा के लिए इन कवच-कुंडल के संरक्षण की जिम्मेदारी ली। मान्यता है कि इंद्र ने ओडिशा के पुरी के पास स्थित कोणार्क के समुद्र में कर्ण के कवच-कुंडल को सूक्ष्म रूप में छुपाया था। आज भी कई वैज्ञानिक कई अध्ययन करने के बाद भी इन कवच-कुंडल का पता नहीं लगा पाए हैं।

# आज बन रहा है रवि योग का शुभ संयोग

## सिंह समेत इन 5 राशियों को लक्ष्मी कृपा से होगा अच्छा धन लाभ

आज विवाह पंचमी के दिन रवि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग समेत कई अच्छे योग बन रहे हैं, जिससे सिंह, धनु, मीन समेत अन्य 5 राशियों के लिए अत्यंत फलदायक रहने वाला है। साथ ही शुक्रवार का दिन ऐश्वर्य, सौभाग्य, धन के कारक ग्रह शुक्र देव और विष्णु प्रिया माता लक्ष्मी को समर्पित है, ऐसे में इन 5 राशियों पर शुक्र देव और माता लक्ष्मी की भी कृपा रहेगी। वैदिक ज्योतिष के अनुसार, विवाह पंचमी के दिन बन रहे शुभ योग का फायदा 5 राशियों को मिलने वाला है। इन राशियों के साथ कुछ ज्योतिष उपाय भी बताए गए हैं, इन उपायों के करने से कुंडली में शुक्र ग्रह की स्थिति अनुकूल रहेगी और धन की देवी माता लक्ष्मी का आशीर्वाद भी मिलेगा।

**मिथुन राशि** वालों के लिए आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है। मिथुन राशि वाले कल परिवार और मित्रों के साथ यात्रा पर जाने के लिए समय निकालेंगे और आपके व्यक्तित्व में आकर्षण शक्ति भी बढ़ेगी। आपके द्वारा किए गए कार्यों से पूरे परिवार में आपका



गौरव बढ़ेगा और नाम भी ऊंचा होगा, जिससे मान सम्मान में अच्छी बढ़ोतरी होगी। परिवार में कल शादी विवाह या धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है, जिसकी वजह से पूरे दिन व्यस्तता भी बनी रहेगी। **उपाय :** परिवार में सुख-समृद्धि के लिए शुक्रवार को घर के मुख्य द्वारा पर गुलाल छिड़क दें और फिर देसी घी का दो मुख वाला दीपक जलाएं।

**सिंह राशि** वालों के लिए शानदार रहने वाला है आज। सिंह राशि वालों को कल माता लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होगा, जिससे जीवन में सकारात्मक बदलाव आएंगे और धन की वजह से आपका कोई भी कार्य अटका हुआ है तो वह भी पूरा हो जाएगा। आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी और माता पिता के साथ घर के रिनोवेशन या साज सजावट को लेकर चर्चा भी कर सकते हैं। **उपाय :** नौकरी व व्यवसाय में उन्नति के लिए पीपल के पेड़ के नीचे लोहे के बर्तन में जल, चीनी, दूध, घी मिलाकर पीपल की जड़ में डाल दें, ऐसा आप 21 शुक्रवार तक करते रहें।

**वृश्चिक राशि** वालों के लिए लाभदायक रहने वाला है आज। वृश्चिक राशि वालों के आसपास का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा और हर कार्य को करने के लिए काफी एक्टिव भी नजर आएंगे, जिससे आप कई कार्यों को पूरा कर पाएंगे।

**उपाय :** शुक्रवार को लाल रंग के कपड़े में सवा किलो साबुत चावल अपने हाथ में रख लें और फिर पांच माला 'ॐ श्रीं श्रीये नमः' मंत्र का जप करके पैसे रखने वाले स्थान पर रख दें।

**धनु राशि** वालों के लिए सकारात्मक रहने वाला है आज। धनु राशि वाले माता लक्ष्मी की कृपा से अच्छा खासा धन प्राप्त करने में कामयाब होंगे और प्राप्त धन से किसी अच्छी जगह निवेश भी कर सकते हैं।

**उपाय :** धन संबंधित समस्या दूर करने के लिए शुक्रवार को माता लक्ष्मी को खीर का भोग लगाएं और श्री लक्ष्मी नारायण का पाठ करें।

**मीन राशि** वालों के लिए दिन उत्साहवर्धक रहने वाला है। मीन राशि वाले कल निर्णय लेने की क्षमता का लाभ मिलेगा और भाग्य का हर कदम पर सहयोग मिलेगा। कल आप परिवार के किसी सदस्य से किया हुआ वादा पूरा करेंगे और अपने लिए ऑनलाइन शॉपिंग करने का अवसर भी मिलेगा। कल आप अपने लंबे समय से लंबित कार्यों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे और पूरे मन से उन्हें पूरा भी करेंगे।

**उपाय :** आर्थिक उन्नति के लिए पांच लाल फूल और पांच हल्दी में लिपटी हुई कौड़ियां मां लक्ष्मी को अर्पित करें और विधिवत पूजा करें। इसके बाद उनको लाल कपड़े में बांधकर तिजोरी या अलमारी में रख दें।

# बाबा बैद्यनाथ को लगाया गया नए अन्न का भोग

## नवान्न पर की गई विशेष पूजा-अर्चना, शुरू हुई देवघर वासियों के नए अन्न खाने की शुरुआत





देवघर में गुरुवार को नवान्न पारंपरिक तरीके से मनाया गया। सबसे पहले सुबह बाबा बैद्यनाथ को नए अन्न का भोग लगाया गया। इसमें नया चावल, घंघरा, दही-दूध, गुड़, चूड़ा सहित विभिन्न प्रकार के सामग्री मिलाकर भोलेनाथ को भोग लगाया गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने अपने-अपने घरों में पूजा-अर्चना कर नया अन्न ग्रहण किया। मंदिर प्रबंधन की ओर से मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष पंचमी के शुभ अवसर पर बाबा बैद्यनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की गई। स्थानीय तीर्थ पुरोहित राजू मिश्रा ने बताया कि बाबा पर शाकल्य के रूप में नए अन्न को चढ़ाया गया। देवघर में ऐसी मान्यता है कि सबसे पहले बाबा बैद्यनाथ को नए अन्न का भोग लगेगा, इसके बाद ही लोग इसे ग्रहण करेंगे। यह त्योहार मूलतः किसानों के लिए है, जो इस मौसम में धान की उपज करते हैं। अगहन मास में धान तैयार हो जाता है और उसे काटकर खलिहान में लाया जाता है। धान से चावल और चूड़ा तैयार करने के बाद नवान्न पर उससे पूजा की जाती है। इसके बाद उसे खाया या बेचा जाता है। वहीं, शाम में स्थानीय लोगों के घरों में जड़हन चावल से भात पकाया जाता है और पांच तरह की मौसमी सब्जी मिलाकर घघरघंट बनाया जाता है।

## सनी देओल ने मिलाया साउथ डायरेक्टर से हाथ, 67 की उम्र में दिया खतरनाक एक्शन सीन, 'जाट' का एक्शन टीजर आउट



67 वर्षीय सनी देओल एक बार फिर बड़े पर्दे पर एक्शन करते नजर आएंगे। सनी देओल की अपकमिंग फिल्म 'जाट' का एक्शन पैक्ड टीजर अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हो गया है। थियेटर्स में जब ट्रेलर आया तो सीटियों और तालियों से पूरा हॉल गूंज उठा। हालांकि यूट्यूब पर अभी तक फिल्म का टीजर नहीं आउट हुआ है।

सनी देओल को एक्शन अवतार में फिर से देखकर उनके फैंस काफी खुश हैं, और सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए नजर आ रहे हैं। फैंस सोशल मीडिया पर फिल्म जाट का टीजर शेयर कर रहे हैं। एक यूजर ने टीजर शेयर करते हुए लिखा है, 'जाट टीजर, सनी पाजी की एक और मास फिल्म लोडिंग'

लोग इस बात से काफी खुश हैं कि सनी देओल ने साउथ डायरेक्टर के साथ हाथ मिलाया है। सनी देओल अपनी अपकमिंग मूवी में तेलुगु डायरेक्टर गोपीचंद मालिनेनी के साथ कोलॉब कर रहे हैं। ये एक एक्शन ड्रामा फिल्म है। सनी देओल ने अपने जन्मदि नपर जाट का पहला पोस्ट शेयर करके फिल्म की अनाउंसमेंट की थी।

सनी देओल की अपकमिंग मूवी जाट का टीजर पुष्पा 2 के साथ दुनियाभर की 12,500 स्क्रीन पर प्रीमियर हुआ। सनी देओल की फिल्म जाट तब से चर्चा में है जबसे एक्टर ने इसका पहला लुक शेयर करके फिल्म का ऐलान किया था। यह किसी भारतीय फ़िल्म का सबसे बड़ा टीज़र लॉन्च है क्योंकि ये टीजर 12 हजार 500 स्क्रीन पर प्रीमियर हुआ।

गोपीचंद मालिनेनी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सनी देओल के साथ रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसंड्रा भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। जाट एक एक्शन जॉनर की फिल्म है जिसके टीजर ने ही तहलका मचा दिया है।

## 17 साल पहले सांवले रंग के किरदार से बनीं पहचान, अब फिर महिला सशक्तिकरण की कहानी से जुड़ी राजश्री



जी टीवी ने हाल ही में कानपुर में अपने नए शो 'बस इतना सा ख्वाब' का लॉन्च किया, जो एक महिला के संघर्ष और उसके सपनों की कहानी पर आधारित है। राजश्री ठाकुर, जो 17 साल बाद जी टीवी पर वापसी कर रही हैं, इस शो को लेकर बेहद उत्साहित हैं।


राजश्री ने कहा, '17 साल बाद जी टीवी पर वापसी मेरे लिए बेहद खास है। यह घर लौटने जैसा है, क्योंकि मेरी शुरुआत यहीं से हुई थी। मुझे उम्मीद है कि लोगों को यह शो पसंद आएगा। मैं अपनी टीम का शुक्रिया अदा करती हूं जिन्होंने मुझ पर फिर से विश्वास दिखाया।'

यह शो महिलाओं के संघर्ष और उनके सपनों को पूरा करने की कहानी पर आधारित है। राजश्री ने कहा, 'आज के दौर में महिलाओं का काम करना बेहद जरूरी है। यह न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करता है बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। हालांकि, इसके लिए परिवार का सहयोग होना चाहिए। जब महिलाएं परिवार के साथ बैलेंस बनाकर चलती हैं, तो वे हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकती हैं।' इस शो में राजश्री ठाकुर के अपोजिट एक्टर योगेंद्र विक्रम सिंह नजर आएंगे।

राजश्री ने 17 साल पहले 'सात फेरे' में डार्क स्किन वाले किरदार से पहचान बनाई थी। उन्होंने कहा, 'मुंबई में रंगभेद जैसी समस्याएं कम हैं, लेकिन छोटे शहरों में प्रमोशन के दौरान लड़कियों ने मुझे बताया कि उनके साथ भेदभाव होता है। मुझे खुशी है कि मेरा किरदार उनके लिए प्रेरणा बना।'

'सात फेरे' के अलावा, राजश्री ने 'सपना बाबुल का... बिदाई', 'शादी मुबारक', और 'अपनापन - बदलते रिश्तों का बंधन' जैसे शो में काम किया है।

## अक्षय कुमार पर चढ़ा गायिकी का खुमार 'मुझ में तू' गाना गुनगुनाकर जीत लिए दिल



अक्षय कुमार बॉलीवुड के सबसे व्यस्त अभिनेताओं में से एक हैं। उन्हें 2024 में कई फिल्मों में देखा गया और उनके पास आगे परियोजनाओं की एक रोमांचक लाइनअप है।

अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच, अक्षय ने एक शादी की शोभा बढ़ाई और अपनी फिल्म 'स्पेशल 26' का गाना 'मुझ में तू' गाकर मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्हें दूल्हा और दुल्हन पर प्यार बरसाते भी देखा गया। इवेंट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आते ही वायरल हो गया है।

अक्षय कुमार के एक फैन पेज ने हाल ही में एक शादी में प्रदर्शन करते हुए अभिनेता का एक वीडियो साझा किया। वीडियो में खिलाड़ी कुमार ऑल ब्लैक अटायर में बेहद डैशिंग लग रहे हैं। अक्षय ने आकर्षक ट्रेंच कोट और ट्राउजर के साथ काले जूते पहने थे। उन्होंने अपने लुक को सिल्वर चेन से एक्सेसराइज किया।

### 'मुझ में तू' गाना गाकर जीते दिल

वीडियो में अक्षय को स्टेज पर एक हाथ जेब में और दूसरे हाथ में माइक पकड़े देखा जा सकता है। भीड़ के हूटिंग करते ही उन्होंने 'मुझ में तू' गाना शुरू कर दिया। इसके बाद वह स्टेज पर बैठे दूल्हा-दुल्हन की ओर बढ़े। अक्षय उनके पीछे खड़े हो गए और अपना गाना जारी रखा। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, 'अक्षय कुमार ने पिछले हफ्ते एक शादी में गाना गुनगुनाया।'

## नितेश तिवारी की 'रामायण' का लक्ष्मण बना चर्चित टीवी स्टार रवि दुबे



अभिनेता रवि दुबे ने अपने प्रशंसकों को खुशखबरी सुनाई है। अभिनेता ने बताया है कि वह नितेश तिवारी की आगामी पौराणिक फिल्म 'रामायण' का हिस्सा बन गए हैं। इतना ही नहीं रवि ने फिल्म में अपने किरदार से भी पर्दा उठा दिया है। रणबीर कपूर और साई पल्लवी की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म में रवि लक्ष्मण का किरदार निभाएंगे। नितेश की 'रामायण' आने वाले वर्षों की सबसे प्रतीक्षित हिंदी फिल्मों में से एक है।

### 'रामायण' के लक्ष्मण बने रवि दुबे

एक हालिया इंटरव्यू में रवि दुबे ने फिल्म में अपनी भागीदारी का खुलासा किया और रणबीर कपूर के साथ काम करने के बारे में खुलकर बात की। 'रामायण' में अपनी भूमिका की पुष्टि करते हुए दुबे ने कहा, 'मैं फिल्म में लक्ष्मण का किरदार निभा रहा हूं। आखिरकार मुझे इसका खुलासा करने के लिए निर्माताओं से अनुमति मिल गई है।'

### खुलासा कर बढ़ाया उत्साह

रवि दुबे ने कहा, 'मैंने इतने समय तक इस बारे में बात नहीं की क्योंकि मैं गैर-जिम्मेदाराना बयान नहीं देना चाहता था और नमित (मल्होत्रा) और नितेश सर की कलाकारों का खुलासा करने की योजना को बर्बाद नहीं करना चाहता था।' उन्होंने आगे कहा, 'लक्ष्मण का किरदार निभाना एक सम्मान और जिम्मेदारी है। अपने भाई राम के प्रति उनकी भक्ति और उनके मूल्य ऐसे गुण हैं जिनकी मैं गहराई से प्रशंसा करता हूं।'

### रणबीर कपूर की तारीफों के बांधे पुल

रवि दुबे ने रणबीर कपूर के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने को लेकर कहा, 'वह दयालु हैं, गर्मजोशी से भरे हैं, वह सबसे बेदाग पेशेवर हैं जिनसे मैं कभी मिला हूं। मैं रणबीर कपूर जैसे मेगास्टार के साथ पहली बार काम कर रहा हूं। वह सभी के प्रति दयालुता, सहानुभूति और इज्जत रखते हैं।' इससे पहले, कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा ने खुलासा किया था कि लक्ष्मण का किरदार निभाने के लिए सही अभिनेता ढूंढना मुश्किल था।

### 'रामायण' की स्टारकास्ट, रिलीज

'रामायण' में रणबीर कपूर भगवान राम का किरदार निभाएंगे और पल्लवी सीता का किरदार निभाएंगी। वहीं, सुपरस्टार यश रावण की भूमिका में होंगे। यह फिल्म दो भागों में रिलीज होगी, जिसका पहला भाग 2026 में और दूसरा भाग 2027 में रिलीज होगा। रिपोर्ट्स यह भी बताती हैं कि सनी देओल भगवान हनुमान की भूमिका निभा सकते हैं, हालांकि, न तो अभिनेता और न ही निर्माताओं ने अभी तक इसकी पुष्टि की है।

## 'सर, जूनियर बच्चन को हिंदी में बोलने को कहिए' यूजर ने बिग बी से की गुजारिश तो मिला ये जवाब



अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर अक्सर हिंदी भाषा में पोस्ट साझा करते हैं। फेसबुक, ट्विटर और एक्स पर उनके पोस्ट हिंदी में होते हैं। हाल ही में एक यूजर ने बिग बी से गुजारिश करते हुए लिखा कि वे जूनियर बच्चन यानी अभिषेक बच्चन से कहें कि वे हिंदी में बोला करें। यूजर का यह पोस्ट बिग बी ने अपनी वॉल पर शेयर करते हुए मजेदार जवाब दिया है।

### बिग बी ने ली चुटकी

एक्स पर एक यूजर ने लिखा, 'सर जी जूनियर बच्चन जी को हिंदी में बोलने के लिए कहिए। इंग्लिश हमारी समझ में बराबर नहीं आती है।' दरअसल, यूजर ने यह बात अंग्रेजी में लिखी है। इस पर बिग बी ने जवाब लिखा है, 'वाह ! क्या दृष्टिकोण है आपका ! अद्भुत ! बोलने को कहते हो हिन्दी में और लिखते हो अंग्रेजी अक्षरों में' !

### यूजर्स ने दी ऐसी प्रतिक्रिया

अमिताभ बच्चन के इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। लिख रहे हैं, 'वाह, बच्चन साहब क्या जवाब दिया है'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'बात में दम है'। वहीं, कुछ लोग यूजर के पक्ष में बोलते दिखे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'उसने बोलने के संदर्भ में बात की है, लिखने के नहीं। ज्यादातर लोग अंग्रेजी नहीं समझ पाते। अभिषेक बच्चन से कहिए कि वे हिंदी में बोला करें। इस शख्स को अभिषेक बच्चन की बात में रुचि होगी'। कुछ यूजर सवाल कर रहे हैं, 'आपने ट्वीट में 'चुप' क्यों लिखा था'?

### गोलगप्पे का लुत्फ उठाते आए नजर

इसके अलावा बिग ने एक और पोस्ट साझा किया है। इसमें वे गोलगप्पे का लुत्फ उठाते नजर आ रहे हैं। तस्वीर में वे प्लेट में रखे गोलगप्पे की तरफ देखते नजर आ रहे हैं।

इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'आहाहाहा ! गये थे खाने ! पानी पूड़ी, पुचका, गोल गप्पा- नाम अनेक, संस्कार एक-चटपटा स्वाद' !!

## नागा-शोभिता की शादी के बाद सामने आई सामंथा की पहली पोस्ट, प्रशंसकों का खींचा ध्यान

नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला बुधवार, 4 दिसंबर को हैदराबाद के अन्नपूर्णा स्टूडियो में सात फेरे लेकर हमेशा के लिए एक-दूसरे के हो गए। यह चैतन्य की दूसरी शादी है क्योंकि उन्होंने पहले 2017 में अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु से शादी की थी। हालांकि, 2021 में दोनों ने अपनी राहें अलग कर लीं। वहीं, नागा और शोभिता की शादी के बाद की पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। इसी बीच सामंथा रुथ प्रभु की नई पोस्ट भी सोशल मीडिया पर लोगों का खासा ध्यान आकर्षित कर रही है।

### सामंथा रुथ प्रभु की पोस्ट ने खींचा ध्यान

सामंथा रुथ प्रभु ने अपनी हालिया रिलीज वेब सीरीज 'सिटाडेलः हनी बनी' का जश्न मनाते हुए अमेरिकी निर्देशक जोड़ी रुसो ब्रदर्स की इंस्टाग्राम स्टोरीज का एक स्क्रीनशॉट दोबारा साझा किया। राज और डीके द्वारा निर्मित 'सिटाडेलः हनी बन्नी' प्रियंका चोपड़ा-अभिनीत अमेरिकी सीरीज 'सिटाडेल' का भारतीय स्पिनऑफ है, जिसे रूसो ब्रदर्स द्वारा निर्मित किया गया था।

**रूसो ब्रदर्स ने**

**की राज और**

### डीके की तारीफ

'एवेंजर्सः एंडगेम' के निर्देशकों ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर राज और डीके के साथ अपनी तस्वीरें साझा कीं और लिखा, 'व्हाट ए जर्नी। अविश्वसनीय राज और डीके के साथ सिटाडेल हनी बनी पर काम करना सम्मान की बात है।' इससे पहले, नागा और शोभिता की शादी से पहले सामंथा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो साझा किया था।

### नागा-शोभिता की शादी पर सामंथा ने दी प्रतिक्रिया?

वीडियो में एक छोटी लड़की कुश्ती मैच में एक लड़के को पटकती हुई दिखाई दी थी। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, 'फाइट लाइक ए गर्ल।' कई लोगों ने इसकी व्याख्या पूर्व पति की दूसरी शादी पर उनकी प्रतिक्रिया के रूप में की। हाल ही में एक इंटरव्यू में सामंथा ने यह भी बताया कि तलाक के बाद उन्हें 'सेकंड हैंड' और 'इस्तेमाल किया हुआ' कहा गया। उन्होंने कहा, 'जब एक महिला तलाक से गुजरती है, तो बहुत शर्म और कलंक जुड़ा होता है। मुझे 'सेकंड हैंड, 'इस्तेमाल किया हुआ' और 'बर्बाद जीवन' जैसी बहुत सारी टिप्पणियां मिलती हैं।'

### तलाक पर दिया ये बयान

सामंथा ने कहा था, 'आपको एक ऐसे कोने में धकेल दिया जाता है जहां आपको ऐसा महसूस होने लगता है कि आप असफल हो गए हैं। मेरा मानना है कि यह उन परिवारों और लड़कियों के लिए वास्तव में कठिन हो सकता है जो इससे गुजर चुके हैं।'



## खुद को 70 नहीं 17 साल का मानती हैं रेखा

### 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में डांस करती नजर आईं अभिनेत्री

द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो में रेखा आने वाली हैं। शो का नया प्रोमो वीडियो जारी हुआ है। इस वीडियो में रेखा एंट्री के दौरान फिल्म 'ये कहां आ गए हम' गाने की लाइन के साथ एंट्री करती हैं। इस शो में रेखा की चुलबुलाहट भी देखने को मिलने वाली है। आइए आपको बताते हैं शो नए प्रोमो की खास बातें।

### रोमांटिक अंदाज में रेखा ने की एंट्री

रेखा ने कपिल के साथ रोमांटिक अंदाज में एंट्री की। उन्होंने कहा, 'मुझे दिल से चाहने वाले जहां प्यार है वहां मैं हूं, हमें मिलना ही था जानम, चाहे जिस राह गुजरते'। शो में वे कपिल के साथ कई सारी बातें करती नजर आने वाली हैं। शो में रेखा का चुलबुला सा अंदाज भी दिखने वाला है। रेखा इससे पहले भी शो में सिलसिला फिल्म का डायलॉग बोल चुकी हैं। रेखा ने कहा, 'ये रात है.. न तुम्हारी जुल्फें खुली हुई हैं.. है चांदनी या मेरी नजर से तुम्हारी राते धुली हुई हैं। ये चांद है या तुम्हारा कंगन.. सितारें हैं या तुम्हारा आंचल.. हवा का झोका है या तुम्हारे बदन की खुशबू.. ये पत्तियों की सरसराहट.. कि तुमने चुपके से कुछ कहा है। ये सोचता हूं मैं कब से गुमसुम.. कि जबकि मुझको भी खबर है कि तुम नहीं हो कहीं नहीं हो.. 'मगर ये दिल है कि कह रहा है तुम यहीं हो..'।



### रेखा ने किया ऐसा मजाक

रेखा से कपिल शर्मा कहते हैं आपका चार्म देखो मैम, लोग आपको देखते हुए प्रभावित होते हैं। इस पर रेखा कहती हैं, अभी मैं 70 साल की हो गई हूं। फिर रेखा कहती हैं क्या सुना आपने अभी 17 साल की हो गई हूं। इसके बाद रेखा हंसने लगती हैं।

### अमिताभ बच्चन को लेकर बोलीं रेखा

रेखा से कपिल ने कहा कि हम केबीसी में गए वहां बच्चन सर ने मम्मी से पूछा क्या खाके पैदा किया इन्हें। मम्मी बोली-दाल रोटी। रेखा ने भी दोहराया दाल रोटी। मुझसे पूछिए न एक एक डायलॉग याद है। रेखा ने इस दौरान शेर भी सुनाया। उन्होंने कहा, 'कुछ तो मेरे पिंदारे मोहब्बत का भरम रख। तू भी तो कभी मुझको मनाने के लिए आ'।

### कृष्णा के साथ रेखा ने किया डांस

रेखा इस शो में डांस करती नजर आने वाली हैं। उन्होंने कृष्णा अभिषेक के साथ जमकर ठुमके भी लगाए। रेखा का डांस उनके प्रशंसकों को भा रहा है। साथ ही इस शो का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## 'तुम क्या हो' में रोमांस करेंगे जॉन अब्राहम और संजीदा शेख

अभिनेता जॉन अब्राहम और अभिनेत्री संजीदा शेख एक साथ स्क्रीन साझा करने वाले हैं। जी हां, इन बॉलीवुड सितारों का नया गाना 'तुम क्या हो' जल्द ही रिलीज होने वाला है। इस एल्बम के रिलीज की घोषणा खुद अंकित तिवारी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर की है।

### अरिजीत सिंह ने गया गाना

इस एल्बम को केवल अंकित तिवारी ही नहीं अरिजीत सिंह ने भी आवाज दी है। सोशल मीडिया पोस्ट पर अंकित तिवारी ने बताया कि अरिजीत भी उनके साथ इस एल्बम में गाने के लिए तैयार हो गए।

### अंकित तिवारी ने पोस्ट पर कही ये बात

गायक अंकित तिवारी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट साझा कर अपने नए गाने की घोषणा की है। उन्होंने पोस्ट पर लिखा, इंडस्ट्री में मेरे दोस्त जॉन अब्राहम और संजीदा शेख जल्द ही एक एल्बम में नजर आने वाले हैं। तुम क्या हो गाना कल रिलीज होने वाला है। इस गाने को अरिजीत सिंह ने मेरे साथ गाने के लिए हामी भरी। भगवान वाकई बहुत दयालु है। अब आपको तय करना है कि हमें कितना प्यार देना है।

### प्रशंसकों ने दिया ऐसा रिएक्शन

इस पोस्ट पर अंकित तिवारी और अरिजीत सिंह के साथ ही जॉन अब्राहम और संजीदा शेख के प्रशंसकों ने अपनी उत्सुकता जाहिर की है। एक यूजर ने लिखा, 'अंकित भाई इसका इंतजार है'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'सर बहुत ज्यादा उत्साहित हूं। आप अरिजीत सिंह के साथ और भी गाने रिकॉर्ड कीजिए'। एक अन्य ने लिखा, 'इस नए हिट का इंतजार है'। बता दें, इस गाने के लिरिक्स अभेंद्र कुमार उपाध्याय ने लिखे हैं। इस गाने को सरमन जैन और प्रीत राजपूत ने निर्देशित किया है।







# बॉलीवुड से हुए बॉयकॉट, फिर भी 'फ्लॉप हीरो' ने खड़ा किया 1200 करोड़ का एंपायर

बॉलीवुड की चकाचौंध भरी दुनिया में नाम कमाना आसान नहीं है। फिर भले ही क्यों ना वो किसी स्टार का बेटा या बेटी ही क्यों ना हो। अगर आप दर्शकों स्क्रीन पर अपनी ओर खींचने में कामयाब नहीं हुए तो सफलता हाथ नहीं लग सकती है। साथ ही कुछ योगदान फिल्म इंडस्ट्री का भी है। अगर काम मिलेगा तब ही अपने आपको स्क्रीन पर प्रेजेंट किया जा सकता है। इसी में से एक विवेक ओबेरॉय रहे हैं, जिन्होंने अपने करियर में हिट और ब्लॉकबस्टर से ज्यादा फ्लॉप का सामना करना पड़ा। बावजूद इसके विवेक अमीरी में इंडस्ट्री के ए-लिस्टर अभिनेताओं से कम नहीं हैं। उनकी करोड़ों की हैरान कर देना वाली नेट वर्थ सामने आई है।



विवेक ओबेरॉय ने अपने करियर की शुरुआत साल 2002 में 'कंपनी' से की थी। इसके बाद उन्होंने 90 के दशक में 'साथिया' और 'ओमकारा' जैसी फिल्मों में अभिनय किया। लेकिन, उन्हें इससे कुछ खास पहचान नहीं मिल पाई थी। 22 साल के करियर में उन्होंने महज 4 हिट्स दी है। उन्होंने साइड में ऐसा बिजनेस शुरू किया कि आज वो अमीरी के मामले में बॉलीवुड के ए-लिस्ट एक्टर्स को भी टक्कर देते हैं। उनकी नेटवर्थ जानकर हैरानी होगी। इस मामले में वो रणबीर कपूर और अल्लू अर्जुन जैसे स्टार्स को भी पीछे छोड़ चुके हैं।

**विवेक ओबेरॉय की नेटवर्थ 1200 करोड**

दरअसल, इंस्टेंट बॉलीवुड के इंस्टाग्राम पेज से द स्टेट्समैन के हवाले से विवेक ओबेरॉय की नेटवर्थ की जानकारी शेयर की गई है, जिसमें बताया गया है कि विवेक की कमाई रणबीर कपूर और अल्लू अर्जुन से भी ज्यादा है। उनकी नेटवर्थ 1200 करोड़ बताई जा रही है। जबकि इंडस्ट्री के ए-लिस्ट एक्टर्स 'एनिमल' स्टार रणबीर कपूर की नेटवर्थ 350 करोड़ और अल्लू अर्जुन की नेटवर्थ 340 करोड़ रुपए बताी जा रही है।

इसके अलावा अगर विवेक ओबेरॉय की फिल्मों के अलावा कमाई की बात की जाए तो एबीपी न्यूज में छपी खबर के अनुसार, वो कई तरीकों से पैसे कमाते हैं। वो कर्मा इंफ्रास्ट्रक्चर नाम से रियल स्टेट कंपनी चलाते हैं। इसके अलावा उनके पास एक मेगा एंटरटेनमेंट नामक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी भी है, जिससे एक्टर मोटा पैसा कमाते हैं। इसके साथ ही विवेक ओबेरॉय ने कई स्टार्टअप्स में एंजेल निवेशक भी किया हुआ है। इतना ही नहीं, विवेक ओबेरॉय के पास लग्जरी गाड़ियां भी हैं। हाल ही में उन्होंने 12.25 करोड़ की नई रॉल्स रॉयस कुलिनन ब्लैक बैज खरीदी और सारी लाइमलाइट ही चुरा ली थी।

बहरहाल, अगर विवेक ओबेरॉय के प्रोफेशनल फ्रंट की बात की जाए तो एक्टर को रोहित शेट्टी की फिल्म से धमाकेदार वापसी करते हुए देखा गया था। उन्होंने प्राइम वीडियो की फिल्म 'इंडियन पुलिस फोर्स' से कम बैक किया था। इसमें उनके साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा और शिल्पा शेट्टी जैसे अन्य एक्टर्स भी अहम रोल में थे। इसमें विवेक का धांसू कमबैक रहा था और उनकी एक्टिंग को दर्शकों से भरपूर प्यार मिला था।

विवेक ओबेरॉय की नेटवर्थ को तो आपने पढ़ लिया। इसके साथ ही आप उनके बारे में ये भी पढ़ सकते हैं कि एक समय था जब उन्हें अंडरवर्ल्ड से धमकियां मिल रही थी और उन्होंने एक्टिंग छोड़ने का भी मन बना लिया था। फिल्म इंडस्ट्री में काम नहीं मिल रहा था।

# क्या है अनन्या की सबसे बड़ी कमजोरी?

अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर का अफेयर काफी वक्त तक मीडिया की सुर्खियों में रहा। दोनों को कई बार साथ देखा गया। हालांकि, अब इनका ब्रेकअप हो चुका है। इस बीच अनन्य का नाम वॉकर ब्लैंको के साथ जुड़ रहा है। कथित तौर पर दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। अपने अफेयर की सुर्खियों के बीच अनन्या ने प्यार को लेकर कुछ ऐसा कहा है कि यूजर्स भी उनकी बात से रिलेट कर रहे हैं।

अनन्या पांडे का कहना है कि वे अपने दिल की बातें खुलकर सामने रखती हैं। यह उनकी कमजोरी भी है। इसी के साथ उन्होंने प्यार, ब्रेकअप और प्यार न मिलने के दर्द पर भी अपने विचार साझा किए। रणवीर के पॉडकास्ट में अनन्या यह बातें कहती दिखीं। अनन्या ने कहा, 'प्यार महसूस न होगा, और ये किसी से भी हो सकता है...हकीकत में यह बहुत दुख देता है'।

**अनन्या को मिलती है ये सलाह**

अनन्या ने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि मेरे पास देने के लिए खूब सारा प्यार है और मैं जितना हो सके प्यार के मामले में उतनी ईमानदार रहने की कोशिश करती हूं। खुद मेरी टीम भी मुझे याद दिलाती रहती है कि हर कोई आपका सबसे अच्छा दोस्त नहीं होता, लेकिन मुझे हमेशा यही लगता है कि वो दोस्त हैं, हो सकते हैं'। अनन्या ने आगे कहा, 'मैं खुलकर रहने वाले इंसानों में से हूं। और जब कोई मुझसे कहता है कि तुम्हें बहुत ज्यादा चीजें शेयर नहीं करनी चाहिए, वे किसी और से चीजें शेयर कर सकते हैं। ऐसा सुनकर मुझे दुख होता है, क्योंकि मैं चीजों को इस तरह नहीं देखती। मैं लोगों में अच्छी चीजें देखना पसंद करती हूं'।



**अनन्या की झोली में दो बड़ी फिल्में**

अनन्या पांडे के वर्क फ्रंट की बात करें तो आने वाले साल में उनकी झोली में दो फिल्मे हैं। वे लक्ष्य के साथ रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगी। इसका निर्देशन विवेक सोनी कर रहे हैं। वहीं, इसे करण जौहर प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म का नाम है- 'चांद मेरा दिल'।

इसके अलावा करण सिंह त्यागी के निर्देशन में बनी फिल्म में भी अनन्या नजर आएंगी। इसका टाइटल अभी तय नहीं है। यह फिल्म भी अगले साल रिलीज होगी। हाल ही में अनन्या को फिल्म 'खो गए हम कहां' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस (फीमेल) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड दिया गया।

# बेकरी में काम किया, चिप्स बेचा, वेटर बने फिर विधु विनोद चोपड़ा की वजह से यूं पलटी बोमन ईरानी की किस्मत

**जब भी** सिनेमा जगत के प्रतिभाशाली एक्टर्स की बात होती है तो उसमें एक नाम बोमन ईरानी का भी लिया जाता है। वो इंडस्ट्री के मंझे हुए कलाकारों में से एक हैं। वो जब भी स्क्रीन पर आते हैं तो अलग ही छाप छोड़ देते हैं फिर चाहे वो नेगेटिव भूमिका हो या फिर कोई कॉमिक रोल। बोमन अपने हर किरदार को जीवंत कर देते हैं। फिर चाहे वो 'मुन्नाभाई MBBS' का डॉक्टर अस्थाना का रोल रहा हो या फिर '3 इडियट्स' का वीरू सहस्त्रबुद्धे यानी वायरस हो। इन किरदारों में उन्होंने बड़े पर्दे और दर्शकों के दिल पर अमिट छाप छोड़ी है। बोमन ईरानी आज भले ही एक सफल अभिनेता के तौर पर जाने जाते हैं लेकिन, क्या आपको पता है कि फिल्मों में आने से पहले उन्होंने कड़ा संघर्ष किया है। एक्टर ने बेकरी से लेकर वेटर तक का काम किया है। समय ऐसा भी आया जब उन्हें चिप्स भी बेचने पड़े थे। ऐसे में चलिए आपको उनकी लाइफ के बारे में बताते हैं।

दरअसल, बोमन ईरानी आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। वो 65 साल के हो गए हैं। उनका जन्म 2 दिसंबर, 1959 को मुंबई में हुआ था। उन्होंने अपनी पहली फिल्म 44 साल की उम्र में की थी और एक्टर ने इस बात से ये साबित कर दिया था कि सफलता की कोई भी उम्र हो सकती है। बोमन ने अपने करियर में 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया और स्क्रीन पर अलग ही छाप छोड़ी है। उनके करियर के दो किरदार 'मुन्नाभाई MBBS' के डॉक्टर अस्थाना और '3 इडियट्स' के वीरू सहस्त्रबुद्धे यानी वायरस काफी लाइमलाइट में रहे हैं। बोमन ईरानी आज भले ही एक सफल अभिनेता हैं लेकिन, इसका श्रेय उनकी एक्टिंग स्किल को तो माना ही जाता है साथ एक क्रेडिट प्रोड्यूसर विधु विनोद चोपड़ा को भी जाता है। चलिए बताते हैं कैसे

बोमन ईरानी फिल्मों में आने से पहले फोटोग्राफी और थिएटर करते थे। वो हफ्ते में 5 दिन फोटोग्राफी करते थे और दो दिन यानी कि शनिवार-रविवार को थिएटर करते थे। उनकी एक्टिंग काफी दिलचस्पी थी। 35 साल की उम्र में एक्टर ने एक इंग्लिश प्ले किया था, जिससे उन्हें काफी पॉपुलैरिटी हासिल हुई थी। उनका प्ले देखने के लिए डायरेक्टर्स और प्रोड्यूसर्स आते थे। उन्हें फिल्में भी ऑफर होती थीं। शुरुआती दौर में तो उन्होंने फिल्मों को ठुकरा भी दिया था क्योंकि वो अपना फोटोग्राफी वाला करियर छोड़ना नहीं चाहते थे।

**12 साल तक चलाई बेकरी**



बोमन ईरानी भले ही फोटोग्राफी करते थे लेकिन, इससे पहले भी वो अपने करियर में कई काम कर चुके हैं। शुरुआती समय में एक्टर बेकरी चलाया करते थे। उनकी बेकरी में आलू के चिप्स बनते थे, जिसे वो पैक करके दुकान पर बेचा करते थे। यहां उन्होंने करीब 12 साल तक काम किया। दैनिक भास्कर में छपी रिपोर्ट की मानें तो बोमन ईरानी बेकरी से ज्यादा पैसे नहीं कमाते थे लेकिन, घर का खर्च जरूर निकाल लेते थे। उन्हें बेकरी चलाने का शौक नहीं था। इसे उनकी मां चलाती थीं। उनके बीमार होने के बाद एक्टर ने परिवार के लिए इसका जिम्मा उठा लिया था। तब उन्हें मजबूरी में बेकरी संभालनी पड़ी थी।

इतना ही नहीं बोमन ईरानी को होटल में वेटर का भी करना पड़ा था। दैनिक भास्कर की खबर की मानें तो बेकरी से पहले बोमन मुंबई के ताज होटल में वेटर का काम किया करते थे। 1979 से 1980 के बीच उन्होंने रूम सर्विस, वेटर और बार टेंडर का काम किया। वहीं, उनके पेरेंट्स चाहते थे कि एक्टर लॉयर या डॉक्टर बने। हालांकि, ये पॉसिबल ना हो सका।

**विधु विनोद चोपड़ा की वजह से पलटी किस्मत**

बोमन ईरानी ने अपनी जिंदगी में काफी संघर्ष किया।

इन संघर्षों के बाद बोमन ईरानी के करियर में भी वो समय आया जब किस्मत ने उनका दरवाजा खटखटाया। वैसे तो किस्मत बार बार ही दरवाजा खटखटा रही थी लेकिन, वो काम करने से मना कर दे रहे थे।

आखिरकार वो समय भी आ गया है जब एक्टर ने फिल्मों में आने के लिए हां कर दिया था। ये सब विधु विनोद चोपड़ा की वजह से हो पाया। वो 42 साल के रहे होंगे जब उन्हें शॉर्ट फिल्म में काम करने का मौका मिला।

अब इस शॉर्ट फिल्म को विधु विनोद चोपड़ा ने देख लिया और उन्होंने उन्हें दो लाख का चेक थमा दिया था। इस चेक को देने के बाद प्रोड्यूसर ने कहा था कि वो अगले साल एक फिल्म करेंगे। इसके बाद क्या था मेकर ने बोमन को 'मुन्नाभाई MBBS' के लिए बुलाया था। इस मूवी से वो रातों रात सेंसेशन बन गए थे। इसके बाद एक्टर ने कभी भी पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा।

आपने बोमन ईरानी से जुड़ी ये खबर तो पढ़ ली। इसके साथ ही आप उनसे जुड़ी एक और खबर पढ़ सकते हैं कि बोमन ने फराह खान के साथ 'केबीसी 16' में शिरकत की थी, जिसमें उन्होंने अमिताभ बच्चन के घर 'जलसा' में शूटिंग करने की इच्छा जाहिर की थी।

# जब दीपिका पादुकोण के बचाव में आईं प्रियंका चोपड़ा रणवीर संग रिश्ते पर करण ने उठाया सवाल तो यूं बंद की थी बोलती



प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण बेशक बेस्ट फ्रेंड न हों, पर दोनों के बीच अच्छी बॉन्डिंग है। उन्होंने साथ में फिल्म 'गोलियों की रासलीलाः राम लीला' और 'बाजीराव मस्तानी' में भी काम किया था। हालांकि, कई साल पहले दीपिका और प्रियंका के बीच कैटफाइट की खबरें आई थीं, पर 'देसी गर्ल' ने इससे इनकार किया था। लड़ाई की खबरों पर उनका गुस्सा फूट पड़ा था। बेशक उनके बीच दोस्ती न हो, पर जब जरूरत पड़ी, वो एक-दूसरे के सपोर्ट में रहीं। 'थ्रोबैक थर्सडे' में एक ऐसा ही वाकया बता रहे हैं। जब दीपिका और रणवीर सिंह के रिश्ते पर सवाल उठाए गए, तो प्रियंका चोपड़ा ने उनका बचाव किया था।

यह वाकया करण जौहर के चैट शो 'कॉफी विद करण' के चौथे सीजन से जुड़ा हुआ है। उस एपिसोड में प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण साथ आई थीं। करण ने दीपिका से सवाल पूछ लिया था कि आखिर उन्होंने रणवीर सिंह संग अपने रिश्ते को छुपाकर क्यों रखा था।

**रणवीर और दीपिका ने सीक्रेट रखा था रिश्ता, इसी पर सवाल**

दरअसल जब दीपिका ने रणवीर को डेट करना शुरू किया था, तो उन्होंने अपने रिश्ते को एक सीक्रेट रखा था। दोनों छुपकर मिलते थे और अफेयर की खबरों पर भी रिएक्ट नहीं किया था। इसी को लेकर करण ने सवाल पूछ लिया था।

**प्रियंका ने किया था बचाव, करण को दिया था मुंहतोड़ जवाब**

करण के सवाल पर दीपिका ने कुछ जवाब नहीं दिया, पर प्रियंका ने उनका बचाव किया था। उन्होंने करण जौहर को जवाब दिया था, 'दीपिका और रणवीर ने इसलिए रिश्ता छुपाया क्योंकि कुछ लोग इसे निजी रखना चाहते हैं। कुछ लोग डिनर टेबल पर होने वाली गप्पों का हिस्सा नहीं बनना चाहते। मैं इनका पक्ष नहीं ले रही, पर ये बिल्कुल सही हैं। अगर इनकी 90 पर्सेंट लाइफ पब्लिक है, तो 10 पर्सेंट लाइफ इनकी खुद की भी होनी चाहिए, जो प्राइवेट हो।'

**रणवीर-दीपिका के अफेयर के बारे में जानती थीं प्रियंका?**

लेकिन करण जौहर कहां रुकने वाले थे। उन्होंने फिर प्रियंका चोपड़ा से ही पूछ लिया कि क्या उन्हें दीपिका और रणवीर के रिलेशनशिप के बारे में पता था। पर प्रियंका ने जवाब दिया कि इस बारे में बताने का फैसला सिर्फ और सिर्फ दीपिका का था।


दीपिका-रणवीर की शादी और बेटी

दीपिका और रणवीर ने छह साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद साल 2018 में शादी कर ली थी। सितंबर 2024 में वो बेटी के पैरेंट्स बने, जिसका नाम दुआ पादुकोण सिंह रखा है।

# भारत की सबसे अमीर फीमेल सिंगर कौन? न तो श्रेया घोषाल ना सुनिधि चौहान, 34 साल की इस हसीना की 210 करोड़ नेटवर्थ

हिंदी पॉप संगीत हमेशा से सिनेमा से जुड़ा रहा है। इंडस्ट्री में कलाकारों ने अपनी चमक बिखेरी है। भारत में टॉप सिंगर्स ने हमेशा फिल्मों के लिए काम किया है। कोई चौंकाने वाली बात नहीं कि भारतीय सिंगर्स हमेशा से ही सबसे अमीर रहे हैं। भारत की सबसे अमीर फीमेल सिंगर इस समय 200 करोड़ से अधिक की कुल नेटवर्थ होने का दावा करती हैं लेकिन वो इंडस्ट्री की टॉप सिंगर्स में से एक नहीं हैं। आइए बताते हैं वो कौन हैं!

टी-सीरीज के मालिक कुमार परिवार की बेटी तुलसी कुमार भारत की सबसे अमीर फीमेल सिंगर हैं। इंडियाटाइम्स के अनुसार, सिंगर की कुल नेटवर्थ लगभग 210 करोड़ है। यह उन्हें न केवल देश की हर दूसरी फीमेल सिंगर बल्कि कई टॉप बॉलीवुड स्टार्स से भी अधिक अमीर बनाता है। तुलसी ने फैमिली बिजनेस में अपनी हिस्सेदारी के जरिए यह उपलब्धि हासिल की है, जिसकी अनुमानित कीमत कई हजार करोड़ रुपये है। वह टी-सीरीज के यूट्यूब चैनल किड्स हट की भी मालकिन हैं, जिसमें बच्चों के कंटेंट रहते हैं, जिसमें नर्सरी की कविताएं और कहानियां होती हैं।




**तुलसी कुमार के गाने**

हालांकि, तुलसी का सिंगिंग करियर लगभग दो दशकों तक सफल रहा है। उन्होंने 'भूल भुलैया', 'रेडी', 'दबंग', 'कबीर सिंह' और 'सत्यप्रेम की कथा' जैसी फिल्मों के लिए कई हिट गाने गाए हैं। उन्होंने 2000 के दशक की शुरुआत में हिमेश रेशमिया के साथ एक सफल जोड़ी बनाई और 'हमको दीवाना कर गए', 'अक्सर' और 'अफसाना' जैसे गानों में अपनी आवाज दी।

**भारत की सबसे अमीर फीमेल सिंगर्स**

भारत की सबसे अमीर फीमेल सिंगर्स की लिस्ट में अगले कुछ नाम हैं जो इंडस्ट्री के टॉप सिंगर्स हैं। श्रेया घोषाल इस लिस्ट में दूसरा नाम हैं, जिसकी अनुमानित कुल नेटवर्थ कई रिपोर्ट्स के अनुसार 180-185 करोड़ है। सुनिधि चौहान 100-110 करोड़ की कुल नेटवर्थ के साथ दूसरे नंबर पर हैं, जबकि सिंगर आशा भोसले 80-100 करोड़ की कुल नेटवर्थ के साथ चौथे स्थान पर हैं।



# क्रिप्टो मार्केट पर चल गया 'ट्रंप कार्ड' बिटकॉइन पहली बार एक लाख डॉलर के पार



नई दिल्ली, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। जुलाई महीने के आखिरी दिनों में डोनाल्ड ट्रंप पर नैशविले बिटकॉइन कॉन्फ्रेंस पहुंचे थे, तब उन्होंने पूरी दुनिया को एक संदेश दिया था। उन्होंने कहा था कि जब वो सत्ता में आएंगे तो वह अमेरिका को दुनिया की क्रिप्टो कैपिटल बना देंगे। उस दिन बिटकॉइन की कीमतों में 4 फीसदी से ज्यादा का उछाल देखने को मिला था और कीमतें 67 हजार डॉलर के करीब थी। नवंबर के पहले हफ्ते या यूं कहें कि अमेरिकी चुनाव के नतीजे आ रहे थे, तब बिटकॉइन के दाम 67 से 68 हजार डॉलर के बीच थे। लेकिन इस बात का अंदाजा नैशविले कॉन्फ्रेंस के दौरान था और ना ही अमेरिकी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद कि दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत इतनी जल्दी एक लाख डॉलर के पार चली जाएगी। 5 नवंबर के बाद से बिटकॉइन की कीमत में 50 फीसदी से ज्यादा का इजाफा देखने को मिल चुका है। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर मौजूदा समय में बिटकॉइन में किस तरह का स्टेटस देखने को मिल रहा है।

**बिटकॉइन एक लाख डॉलर के पार**

कॉइनमार्केट के आंकड़ों के अनुसार बिटकॉइन के दाम 7 फीसदी से ज्यादा की तेजी के साथ 102,656.65 डॉलर पर कारोबार कर हा है। कारोबारी सत्र के दौरान बिटकॉइन की कीमतें 103,900.47 डॉलर पर भी पहुंची। कीमतों में जिस तरह की तेजी देखने को मिल रही है, उससे अनुमान लगाया जा रहा है कि दाम और भी ज्यादा बढ़ सकते हैं। वैसे बीते 24 घंटों में बिटकॉइन के दाम 94,660.52 डॉलर के साथ लोअर लेवल पर भी पहुंचे थे। अब अनुमान लगाया जा रहा है कि बिटकॉइन के दाम जल्द ही 1.25 लाख डॉलर पर जल्द ही दिखाई दे सकता है। अनुमान है कि 20 जनवरी 2025 के बाद ये आंकड़ा बिटकॉइन छू सकता है। तब तक डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रापति की शपथ लेंगे और क्रिप्टोकरेंसी और उसकी मार्केट को लेकर कुछ पॉजिटिव ऐलान भी हो सकते हैं।

**एक महीने में 50 फीसदी का इजाफा**

जब से अमेरिकी चुनाव के नतीजे आए हैं, तब से दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टकरेंसी बिटकॉइन की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल चुकी है। इसका मतलब है कि बिटकॉइन के दाम में 50 फीसदी से ज्यादा का इजाफा देखने को मिल चुकी है। बीते एक हफ्ते की बात करें तो बिटकॉइन ने निवेशकों को 8 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दिया है। वहीं बीते एक साल में बिटकॉइन निवेशकों को 145 फीसदी से ज्यादा की कमाई करा चुका है। जानकारों की मानें तो साल खत्म होने तक कमाई का ये आंकड़ा बढ़ता हुआ दिखाई देगा।

**बिटकॉइन ने कई देशों की जीडीपी को छोड़ा पीछे**

वहीं दूसरी ओर बिटकॉइन के मार्केट कैप ने दुनिया की कई देशों की जीडीपी को भी पीछे छोड़ दिया है। कॉइन मार्केट कैप के अनुसार मौजूदा समय में बिटकॉन का मार्केट कैप 2 ट्रिलियन डॉलर के पार चला गया है। मौजूदा समय में दुनिया की टॉप 11 इकोनॉमी बिटकॉन के मार्केट कैप से ज्यादा है। खास बात तो ये है कि रूस की जीडीपी और बिटकॉइन के मार्केट कैप में काफी मामूली अंतर है।

# चांदी 1,065 महंगी होकर 91,090 प्रति किलो हुई:सोना 146 बढ़कर 76,538 पर पहुंचा

## कैरेट के हिसाब से देखें गोल्ड की कीमत



नई दिल्ली, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 5 दिसंबर को बढ़त देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 146 रुपए बढ़कर 76,538 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 76,392 रुपए प्रति दस ग्राम थी। चांदी के दाम में भी तेजी है। ये 1,065 रुपए बढ़कर 91,090 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई। इससे पहले चांदी 90,025 रुपए पर थी। वहीं, 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए का और 30 अक्टूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**महानगरों सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78,040 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,890 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 71,400 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 77,890 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,890 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,450 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,940 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 77,890 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 71,400 रुपये है।

# जुलाई-सितंबर जीडीपी में हो सकता है संशोधन


## वित्त वर्ष 2025 में 6.5-7% की वृद्धि संभव, बोले सीईए नागेश्वरन



नई दिल्ली, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंथा नागेश्वरन ने गुरुवार को बताया कि अक्टूबर-नवंबर के दौरान कुछ क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आई है और चालू वित्त वर्ष में 6.5-7 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि दूसरी तिमाही के 5.4 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि अनुमान को आगे चलकर संशोधित किया जा सकता है, क्योंकि वर्तमान अनुमान मौसमी रूप से समायोजित नहीं हैं। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंथा नागेश्वरन ने गुरुवार को बताया कि अक्टूबर-नवंबर के दौरान कुछ क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आई है और चालू वित्त वर्ष में 6.5-7 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि दूसरी तिमाही के 5.4 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि अनुमान को आगे चलकर संशोधित किया जा सकता है, क्योंकि वर्तमान अनुमान मौसमी रूप से समायोजित नहीं हैं।नागेश्वरन ने कहा कि दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि में मंदी का कारण सितंबर में कुछ धार्मिक अनुष्ठान और अत्यधिक मानसूनी वर्षा हो सकती है, तथा यह अन्य दीर्घकालिक मुद्दों के कारण भी हो सकता है, जो उभरने लगे हैं। इसलिए स्पष्टीकरण सामान्य से लेकर अधिक गंभीर तक हो सकते हैं, उन्होंने कहा, यह दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि का पहला अनुमान है। नागेश्वरन ने कहा, इसे संशोधित करके बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 6.5-7 प्रतिशत का अनुमान लगाया है। पूरे वर्ष के लिए 6.5 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने में सक्षम होने के लिए, हमें अगली दो तिमाहियों में 7 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि की आवश्यकता है, जिनमें से तीसरी तिमाही के दो महीने पहले ही समाप्त हो चुके हैं। हम तीसरे महीने में हैं। नागेश्वरन ने एसोचैम के एक कार्यक्रम में कहा, मुझे लगता है कि यदि आप विशिष्ट क्षेत्रों में हुई कुछ प्रगति को देखें तो यह संभव है। इसलिए मेरा मानना है कि इस वर्ष 6.5-7 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करना संभव है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत बढ़ेगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष में विकास दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो वित्त मंत्रालय के आर्थिक सर्वेक्षण में लगाए गए 6.5-7 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**



श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत -2051,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय - 06-37
सूर्यास्त. - 17-37
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -197294912 5
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल -- पश्चिम - दही खाकर घर से निकले
तिथि- पंचमी 12-07 तक उपरान्त षष्ठी
मास - मार्गशीर्ष शुक्ल , शुक्रवार 06 December
नक्षत्र - श्रवण 17-8 तक उपरान्त
योग - धुव्र 10-42 तक उप व्याघात
करण- बालव 12-07 तक उप कौलव
विशेष:- व्रत -त्योहार - श्री राम जानकी विवाहोत्सव

| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | वृश्चिक | मे |
| चंद्र- | मकर | मे |
| मंगल | कर्क | मे |
| बुध- | वृश्चिक | मे |
| गुरु- | वृष | मे |
| शुक्र- | मकर | मे |
| शनि- | कुंभ | मे |
| राहु- | मीन | मे |
| केतु- | कन्या | मे |

| लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|
| वृश्चिक- | 05-06 | बजे |
| धनु---- | 07-20 | बजे |
| मकर... | 09-25 | बजे |
| कुंभ-- | 11-17 | बजे |
| मीन-- | 12-55 | बजे |
| मेष--- | 14-30 | बजे |
| वृष--- | 16-16 | बजे |
| मिथुन- | 18-16 | बजे |
| कर्क--- | 20-29 | बजे |
| सिंह--- | 22-41 | बजे |
| कन्या-- | 00-47 | बजे |
| तुला--- | 02-53 | बजे |

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 10:44 से 12:07 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल | 06:37 - 07:58 | शुभ | रोग. | 17:40 - 19:17 | अशुभ |
| लाभ | 07:58 - 09:21 | शुभ | काल | 19:17 - 20:54 | अशुभ |
| अमृत. | 09:21 - 10:44 | शुभ | लाभ | 20:54 - 22:31 | शुभ |
| काल. | 10:44 - 12:07 | अशुभ | उत्पात | 22:31 - 00:08 | अशुभ |
| शुभ | 12:07 - 13:31 | शुभ | शुभ | 00:08 - 01:44 | शुभ |
| रोग. | 13:31 - 14:54 | अशुभ | अमृत | 01:44 - 03:21 | शुभ |
| उत्पात | 14:54 - 16:17 | अशुभ | चंचल | 03:21 - 04:58 | शुभ |
| चंचल | 16:17 - 17:37 | शुभ | रोग. | 04:58 - 06:37 | अशुभ |

# गौतम हरि सिंघानिया को मिला शेयरधारकों का समर्थन,बन गए रेमंड लाइफस्टाइल के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन



नई दिल्ली, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। गौतम हरि सिंघानिया रेमंड लाइफस्टाइल लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन बन गए हैं।उन्हें आधिकारिक तौर पर कंपनी के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन के तौर पर नियुक्त करने को मंजूरी दे दी गई है।कंपनी के शेयरधारकों ने पोस्टल बैलेट और ई-वोटिंग के जरिए उन्हें चेयरमैन बनाने पर अपनी मुहर लगा दी। स्टॉक एक्सचेंज के पास सेबी के नियम के तहत रेगुलेटरी फाइलिंग में रेमंड लाइफस्टाइल लिमिटेड ने बताया कि 4 नवंबर, 2024 की पोस्टल बैलेट की सूचना में शामिल रिजॉल्युशन के सभी प्रस्ताव शेयरधारकों की ओर से बहुमत के साथ पारित कर दिया गया है।प्रस्तावों पर ई-वोटिंग की अंतिम तारीख 04 दिसंबर, 2024 थी और सभी प्रस्ताव पारित कर लिए गए हैं जिसमें गौतम हरि सिंघानिया के रेमंड लाइफस्टाइल लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन पद पर नियुक्ति और वेतन का निर्धारण शामिल है। रेमंड लाइफस्टाइल लिमिटेड ने सेबी को बताया कि 86.85 फीसदी वोट गौतम हरि सिंघानिया को एग्जीक्यूटिव चेयरमैन के तौर पर नियुक्त करने के रिजॉल्युशन के पक्ष में पड़े हैं।जबकि 13.15 फीसदी वोट रिजॉल्युशन के विरोध में पड़े हैं।अगले पांच वर्षों तक गौतम हरि सिंघानिया एग्जीक्यूटिव चेयरमैन पद पर बने रहेंगे।कॉरपोरेट गवर्नेंस एडवाइजरी फर्म एसईएस ने गवर्नेंस का हवाला देकर गौतम हरि सिंघानिया के नियुक्ति किए जाने पर सवाल खड़े किए थे।बहरहाल कंपनी ने रेमंड लाइफस्टाइल के ग्रोथ को रफ्तार देने के लिए गौतम सिंघानिया की नियुक्ति की गई है जिससे उनके अनुभव का फायदा उठाया जा सके।इस खबर के चलते रेमंड लाइफस्टाइल का स्टॉक 2 फीसदी के उछाल के साथ 2062 रुपये पर कारोबार कर रहा है।हालांकि स्टॉक अपने 3100 रुपये के हाई से काफी नीचे गिर चुका है।सितंबर 2024 में रेमंड से लाइफस्टाइल बिजनेस के डिमर्जर के बाद स्टॉक एक्सचेंज पर रेमंड लाइस्टाइल लिमिटेड के शेयर को स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट कराया गया था।

# अंबानी और टाटा के बीच शुरू हुई जंग कैसी, कौन किस पर भारी, किसे फायदा?



नई दिल्ली,5 दिसंबर (एजेंसियां)। रिलायंस और टाटा फिर आमने-सामने हैं। इस बार जंग सस्ते और फैशनेबल कपड़ों के बाजार में है। मुकेश अंबानी की रिलायंस रिटेल ने यूस्टा ब्रांड लॉन्च किया है। यह टाटा ग्रुप के जूडियो को टक्कर देगा। जूडियो अपने सस्ते दामों और स्टाइलिश कपड़ों के लिए जाना जाता है। इस मुकाबले से ग्राहकों को फायदा होगा। यूस्टा अगस्त 2023 में लॉन्च हुआ था। अपने पहले साल में ही इसके 50 स्टोर खुल गए हैं। जूडियो की तरह यूस्टा के सभी प्रोडक्ट 999 रुपये से कम में मिलते हैं। ज्यादातर प्रोडक्ट 499 रुपये से भी कम के हैं। रिलायंस रिटेल कमजोर डिमांड से जूझ रही है। यूस्टा के जरिए रिलायंस टाटा के जूडियो की सफलता दोहराना चाहती है।भारतीय कपड़ों के बाजार में वैल्यू फैशन सबसे तेजी से बढ़ने वाला सेगमेंट है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट ऐसा कहती है। ऐसे में रिलायंस का इस बाजार में उतरना कोई ताज्जुब की बात नहीं है। रिलायंस और टाटा के बीच यह प्रतिस्पर्धा ग्राहकों के लिए अच्छी खबर है। उन्हें ज्यादा विकल्प और कम दाम मिलेंगे।

**यूस्टा और जूडियो की सीधी टक्कर**

यूस्टा और जूडियो की सीधी टक्कर है। दोनों ब्रांड कम कीमत में स्टाइलिश कपड़े ऑफर करते हैं। जूडियो ने 2018 में अपना पहला स्टोर खोला था। तब से यह देश के सबसे बड़े अपैरल ब्रांड्स में से एक बन गया है। शुरुआत में जूडियो स्टार बाजार के अंदर एक छोटा सा सेक्शन था। 2018 में इसे एक अलग ब्रांड बना दिया गया। अब यह ट्रेंट के कुल रेवेन्यू का एक तिहाई से ज्यादा हिस्सा कंट्रीब्यूट करता है। कुछ साल पहले यह आंकड़ा सिर्फ 8 फीसदी था। ट्रेंट के लिए जूडियो सबसे तेजी से बढ़ने वाला फॉर्मेट है। स्टोर की संख्या में यह 2022 में वेस्टसाइड से आगे निकल गया। रेवेन्यू के मामले में यह 2024 में वेस्टसाइड से आगे निकल गया। इस साल जून तक कंपनी के 228 वेस्टसाइड स्टोर, 559 जूडियो स्टोर और 36 अन्य लाइफस्टाइल कॉन्सेप्ट स्टोर थे। कई रिटेलर्स एक दशक से भी ज्यादा समय से वैल्यू रिटेलिंग सेगमेंट में काम कर रहे हैं। लेकिन, जूडियो रेवेन्यू और स्टोर की संख्या दोनों में उन सबसे आगे निकल गया है। ट्रेंट की बिक्री 2023-24 में 50% बढ़कर 12,375 करोड़ रुपये हो गई। शुद्ध लाभ लगभग चार गुना बढ़कर 1,477 करोड़ रुपये हो गया। ट्रेंट का कंसोलिडेटेड रेवेन्यू पिछले पांच सालों में 45% की सीएजीआर से बढ़ा है। इसमें जूडियो का सबसे बड़ा योगदान है। जूडियो ने वित्त वर्ष 2023-24 में 7,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का रेवेन्यू कमाया है।

**जूडियो ने पकड़ ली नए उपभोक्ता वर्ग की नब्ज**

जूडियो ने भारत के छोटे शहरों के नए उपभोक्ता वर्ग की नब्ज पकड़ ली है। बढ़ती डिस्पोजेबल इनकम ने इन लोगों में खरीदारी की इच्छा जगाई है। इंटरनेट और सोशल मीडिया ने इन्हें फैशन के प्रति जागरूक बनाया है। पहले, भारत का कंजम्पशन स्ट्रक्चर कुछ अमीर उपभोक्ताओं पर केंद्रित था। अक्टूबर में ईटी की एक रिपोर्ट में ऐसा कहा गया था। लेकिन, अब अर्थव्यवस्था कई शहरों में फैल रही है। इसका असर कम आय वाले लोगों पर भी पड़ रहा है। इससे वैल्यू फॉर्मेट और वैल्यू ब्रांड्स के लिए अवसर बढ़ रहे हैं।जूडियो ने छोटे शहरों के इस बढ़ते बाजार का फायदा उठाया है। यहां के लोग अब फैशन के प्रति जागरूक हो गए हैं। जूडियो की सफलता का राज स्टाइल और कम कीमत का कॉम्बिनेशन है। टाटा का नाम भी इसमें मदद करता है। टाटा दशकों से भारतीयों के लिए क्वालिटी का प्रतीक रहा है।जूडियो की सफलता के पीछे एक्सक्लूसिव डिजाइन और कम ग्रॉस मार्जिन (35-40%) है। इससे कंपनी हाई स्टोर प्रोडक्टिविटी हासिल कर पाती है। इसका प्रति वर्ग फुट रेवेन्यू 16,300 रुपये है, जो उद्योग के औसत से दोगुना है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के रिटेल डिवीजन का ग्रॉस रेवेन्यू दूसरी तिमाही में 76,302 करोड़ रुपये रहा। यह साल-दर-साल 1.1% की गिरावट है। कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार, फैशन और लाइफस्टाइल (एफ एंड एल) सेगमेंट में कमजोर मांग, ऑपरेशंस को सुव्यवस्थित करने के प्रयास और बी2बी बिजनेस में मार्जिन सुधारने के लिए सोचे-समझे कदमों के कारण ग्रोथ प्रभावित हुई है। रिलायंस यूस्टा के जरिये जूडियो की सफलता को दोहराना चाहती है।आरआईएल ने पिछले वित्त वर्ष में रिलायंस रिटेल में कर्ज के रूप में लगभग 14,839 करोड़ रुपये डाले थे।

# बाजार में आईटी ने दिखाया दमखम

## मिडकैप-स्मॉलकैप की तेजी से सेंसेक्स 800 अंक ऊपर बंद

नई दिल्ली, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। रिजर्व बैंक की क्रेडिट पॉलिसी गुरुवार को आएगी और इससे एक दिन पहले शेयर बाजार में तेजी के साथ बाजार बंद हुआ है।निफ्टी के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में जोरदार तेजी देखी गई।इसके साथ निफ्टी आईटी बाजार का हीरो रहा जिसने बाजार को ऊपर ले जाने में अहम योगदान दिया है।मिडकैप, स्मॉलकैप शेयरों में उछाल के दम पर बाजार झूमा और शेयर बाजार में आज टाटा समूह के शेयरों में खासी उछाल देखी गई।

**कैसी रही शेयर बाजार की क्लोजिंग**

बीएसई का सेंसेक्स 809.53 अंकों या एक फीसदी की उछाल के साथ 81,765 पर बंद हुआ है और एनएसई का निफ्टी 234.90 अंकों या 0.96 फीसदी की ऊंचाई के साथ 24,702 के लेवल पर क्लोज हुआ है.बैंक निफ्टी में आज 336.65 अंक या 0.63 फीसदी की उछाल के साथ 53,603 के लेवल पर कारोबार बंद हुआ है।बैंक निफ्टी में बराबर-बराबर का मामला रहा और 6 शेयर उछाल के साथ बंद हुए तो 6 ही शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।बीएसई सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 शेयरों में उछाल के साथ कारोबार बंद हुआ है और केवल 3 शेयरों में गिरावट पर कारोबार देखा जा रहा है।चढ़ने वाले शेयरों में टीसीएस, इंफोसिस, टाइटन, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर सबसे ज्यादा उछाल के साथ बंद हुए हैं.निफ्टी के शेयरों का अपडेट देखा जाए तो ट्रेंट, इंफोसिस, टीसीएस, टाइटन और डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज के शेयरों में उछाल देखा गया है और निफ्टी के 50 में से 41 शेयर मजबूती के साथ कारोबार कर रहे हैं।9 शेयरों में गिरावट के रुख के साथ क्लोजिंग देखी गई है।गिरने वाले शेयरों में एसबीआई लाइफ, एचडीएफसी लाइफ, बजाज ऑटो, एनटीपीसी और ग्रासिम के साथ कारोबार बंद हुआ है.

1275 शेयरों में आज उछाल के साथ कारोबार बंद हुआ और 1145 शेयरों में गिरावट के साथ कारोबार बंद हुआ और एडवांस-डेक्लाइन शेयरों में बराबर-बराबर कारोबार देखा जा रहा है।

# पश्चिम बंगाल से 'पलायन' कर रही हैं हजारों कंपनियां?

नई दिल्ली,5 दिसंबर (एजेंसियां)। ममता बनर्जी की अगुवाई वाली तृणमूल कांग्रेस के शासन वाले राज्य पश्चिम बंगाल से हजारों में कंपनियों ने अपना रजिस्टर्ड ऑफिस दूसरे राज्यों में शिफ्ट किया है। पिछले पांच साल में 2227 कंपनियां पश्चिम बंगाल से दूसरे राज्यों में शिफ्ट हुई हैं। ये कंपनियां मैन्यूफैक्चरिंग, फाइनेंस, कमीशन एजेंट्स और ट्रेडिंग से जुड़ी हैं। इनमें 39 लिस्टेड कंपनियां शामिल हैं। केंद्र सरकार ने संसद में यह जानकारी दी है। कारपोरेट अफेयर्स मिनिस्ट्री में राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2013 के कंपनी कानून की धारा 13 (4) के तहत कंपनियों को अपना रजिस्टर्ड ऑफिस एक राज्य से दूसरे राज्य में शिफ्ट करने की अनुमति है। कंपनियों का कहना है कि उन्होंने विभिन्न कारणों से पश्चिम बंगाल से अपने ऑफिस दूसरे राज्यों में शिफ्ट किए हैं। इनमें एडमिनिस्ट्रेटिव, ऑपरेशनल, कनवीनियंस और लागत से जुड़े कारण शामिल हैं।

# मानक मंथन स्मार्ट वाटर उपयोग प्रबंधन मानकों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




विजयवाडा, 4दिसंबर, स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के तत्वावधान में मानक मंथन स्मार्ट जल उपयोग प्रबंधन मानक मामले पर राज्य सरकार के अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें विजयवाड़ा शहर निदेशक और वैज्ञानिक एफ/सीनियर, बीआईएस प्रमुख एम.ए.जे. विनोद ने संबंधित स्मार्ट वाटर उपयोग प्रबंधन मानकों के परिधि पर विचार विमर्श किया। उन्होने समुदायों में जल दक्षता बढ़ाने के मानकों के बारे में भी जानकारी दी।एम.जे. विनोद ने यह भी बताया कि, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत कार्यरत बीआईएस , यह एक राष्ट्रीय मानक निकाय है, जो बीआईएस अधिनियम 2016 के तहत (माल, प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन और संबंधित मामलों के लिए आईएसआई मार्क) प्रमाणित है। जिसमें उपभोक्ताओं के लिए स्वास्थ्य जोखिम कम करना; निर्यात और आयात प्रतिस्थापन को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है। इस बारे में अधिकारियों ने यह भी बताया कि, स्मार्ट वाटर उपयोग प्रबंधन मानकों पर मंथन कार्यक्रम का एकमात्र लक्ष्य पेयजल और अन्य जल प्रबंधन में मानकों के अनुप्रयोगों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। इस दौरान पाइप पेयजल और घरेलू जरूरतों पर संक्षेप में चर्चा की गयी। साथ ही इस कार्यक्रम में जल प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों को प्रशिक्षित भी किया गया और कृषि, कृषि उद्योग, सेवाओं और शहरों जैसे कई क्षेत्रों में लागू जल प्रणालियों की जल दक्षता और स्थिरता के लिए संबंधित तकनीक में सुधार किया गया। इस दौरान वैज्ञानिक डी/संयुक्त निदेशक रमाकांत सागर ने स्वच्छता फिटिंग और उपकरणों, जल कोठरी, भंडारण टैंक, मिठाई कूलर, वाशिंग मशीन, जल आपूर्ति प्रणाली, ड्रिप सिंचाई के लिए स्मार्ट जल उपयोग प्रबंधन मानकों पर ध्यान केंद्रित किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने अपने संबोधन में बीआईएस केयर ऐप और आईएसआई मार्क, हॉलमार्क, पंजीकरण मार्क जैसे उत्पाद प्रमाणन चिह्नों के बारे में भी विचार विमर्श किया। कार्यक्रम में, विजयवाड़ा नगर निगम, गुंटूर नगर निगम, एपी सर्प, जिला विज्ञान अधिकारी (कृष्णा जिला) तथा अभियांत्रिकी अधिकारियों ने भी भाग लिया।

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,)
आज का दिन नई शुरुआत के लिए बिलकुल सही है । आप अपने आपको पीछे धकेलने वाली चीजों से आज मुक्त महसूस करेंगे । किसी नए अवसर में जिंदगी बदलने की क्षमता है लेकिन आपको उसे समय रहते पकड़ना होगा । समय रहते लिया गया निर्णयात्मक फैसला आपके लिए काफी महत्वपूरण एवं लाभकारी बदलाव ला सकता है ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
आज का दिन अपने जीवन की वर्त्तमान स्थिति का मूल्यांकन करने और अपनी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर बांटने के लिए बिलकुल उपयुक्त है । अगर आप पिछले कुछ समय से आलसी महसूस कर रहे हैं और काफी सारा काम इकठ्ठा हो गया है,आज अपने अन्दर असीमित ऊर्जा अनुभव करेंगे जिससे आपके ये अधूरे काम संतोषजनक ढंग से पूरे हो पायेंगे ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
आज आप एडजस्ट करने के मूड में रहेंगे । आपकी लोगों से मिलकर और बातचीत के जरिये किसी समझौते पर पहुचने की कोशिश से आप सबको बहुत अच्छे लगेंगे । आप तुरंत किसी भी समस्या का समाधान निकाल लेंगे । आप इस बात का भी ध्यान रखते हैं कि किस तरह आपके आसपास और खुद को भी खूबसूरत बनाकर रखा जाए और सारे कार्यक्रम तय योजना के अनुसार अच्छे से पूरा हो जाए ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
ऐसी स्थितियां आ सकती हैं जो आपको बिना सोचे काम करने के लिए उकसायें । यह सही समय है जब आपको सब कुछ अपने नियंत्रण में रखकर युद्ध स्तर पर काम करना है । अपने बच्चों या छोटे बहन भाइयों के लिए सुरक्षात्मक रवैया अपनाएँ । आप बहुत अच्छी तरह सामाजिक गतिविधियों में शामिल होंगे और यहां आपका बहुत अच्छा स्वागत होगा।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
सामान्यत आप काफी स्पष्ट सोच रखते हैं ,लेकिन आज आप अपनी निजी समस्याओं और अपनी असुरक्षाओं से घिरे होने के कारण स्पष्ट नही सोच पायेंगे । इसलिए आज का दिन किसी नए काम को हाथ में लेने या नयी साझेदारी के लिए उपयुक्त नही है ।आपके आज के फैसले गलत हो सकते हैं । इसीलिए भविष्य के कार्यक्रमों की योजना आज बनाना सही नही है ।आज आराम करें ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आज के दिन आपका भाग्य आपके साथ है । आज आप ऐसा भी कुछ कर सकते हैं जिसके बारे में आपने कभी सोचा भी ना हो । आपके सभी प्रयासों में भाग्य आपका साथ देगा । आपको पता है कि मेहनत से ही सफलता मिलती है । अभी तक आपका भाग्य आपके साथ नही था ,लेकिन आज आप अपने समर्पण की बदौलत कुछ भी हासिल कर पायेंगे ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
आज आपको अपनी मेहनत का फल मिलेगा । पहचान और इज्जत भी मिलेगी । वित्तीय स्थिति बेहतर होगी,ऑफिस में तारीफ़ मिलेगी । वेतन में बढ़ोतरी भी संभव है । सेल्स क्षेत्र वाले लोग भी लक्ष्य हासिल क्र पायेंगे । आज अपने परिधान में नीला रंग शामिल करें । इससे सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
आज का दिन मौज मस्ती के नाम रहेगा । आज सगे सम्बन्धियों से मुलाकात हो सकती है ,फोन या मेल के द्वारा भी संपर्क हो सकता है । वर्त्तमान समय अपने सामाजिक कौशलों को निखारने तथा आने वाली पार्टियों के लिए खुद को तैयार करने का बिलकुल सही समय है । दिन के आगे बढ़ने के साथ साथ वित्तीय परेशानियां अपने आप दूर होती जायेंगी ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
पिछले कुछ समय से आप जिस असंतुष्टि के दौर से गुजर रहे हैं,अंतत अब उससे बाहर आ पायेंगे । आपको खुद ही पता चल जाएगा कि आपने जीवन में अपना उत्कृष्ट प्राप्त कर लिया है और अब अपने सपने पूरे करने के लिए भी कोशिश कर सकते हैं । आप यह भी समझ पायेंगे कि अपने काम और अपनी सेहत दोनों को बेहतर बनाने के लिए कुछ बदलाव करने जरूरी हैं ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आपके अफसर आपसे पुरानी रंजिश निकालने के लिए आपके काम में देर कर सकते हैं । आप इसके कारण बहुत चिंता करेंगे,क्योकि इससे न केवल आपकी वर्त्तमान स्थिति बल्कि आगे आने वाली योजनायें भी प्रभावित होंगी । इस समय अपनी घरेलू खुशियों के कारण खुश रहें क्योकि इससे आपको नया उत्साह मिलेगा ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
आपकी निजी और कामकाजी जिन्दगी में कुछ बदलाव आने वाले हैं जिनसे आप असुरक्षित और चिंतित महसूस करेंगे । लेकिन इसे अपने ऊपर हावी ना होने दें और संतुलन बनाये रखें । कोई आपसे बदला लेने की कोशिश में है,इससे स्थिति और भी खराब हो सकती है । त्योहारों के इस मौसम में आपने खूब मजे किये हैं ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
आप आसानी से आगे होने वाली बातों का अनुमान लगा लेते हैं । आपकी संचार क्षमता भी प्रभावशाली और नजरिया खुला है,इसीलिए जो आप चाहते हैं उसके लिए बहुत मेहनत करें । हमेशा गलतियाँ ढूँढने की फिराक में रहने वाले आक्रामक लोगों के साथ उलझने से बचें । आपमें बेहतरीन प्रशिक्षक होने की प्राक्रतिक योग्यता है ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# साउथ कोरिया में रक्षा मंत्री का इस्तीफा

## मार्शल लॉ लगाने की जिम्मेदारी ली, कहा- मैंने संसद में सेना भेजी, देश में नया डिफेंस मिनिस्टर नियुक्त

सियोल, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। साउथ कोरिया में मार्शल लॉ को लेकर हो रहे विवाद के बीच रक्षा मंत्री किम योंग-ह्यून ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कोरियाई न्यूज एजेंसी योनहाप के मुताबिक किम योंग ने कहा कि वे देश में हुई भारी उथल-पुथल की जिम्मेदारी ले रहे हैं। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि राष्ट्रपति यून सुक योल ने रक्षा मंत्री का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। रक्षामंत्री किम की सलाह पर ही राष्ट्रपति ने मार्शल लॉ लगाने की घोषणा की थी। गुरुवार को मीडिया ब्रीफिंग में उप-रक्षा मंत्री ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि किम योंग के आदेश पर ही सेना संसद में घुसी थी। उप-रक्षा मंत्री ने यह भी कहा उन्हें मार्शल लॉ के बारे में कुछ भी नहीं पता था। इसकी जानकारी उन्हें टीवी पर मिली। वे इस बात से दुखी हैं कि उन्हें कुछ पता नहीं था और इस वजह से सही समय पर इस घटना को रोक नहीं सके। किम योंग की जगह अब चोई ब्युंग-ह्यूक को साउथ कोरिया का नया रक्षा मंत्री बनाया गया है। वे सेना में फोर स्टार जनरल रह चुके हैं और फिलहाल सऊदी अरब में साउथ कोरिया के राजदूत के पद पर हैं। विपक्षी पार्टी के सांसद किम मिन सोक ने आरोप लगाया है कि देश में मार्शल लॉ लगाने के पीछे 'चुंगम गुट' का हाथ है।



चुंगम राजधानी सियोल में एक हाई स्कूल है जहां से राष्ट्रपति और उनके दोस्तों ने पढ़ाई की है। राष्ट्रपति बनने के बाद यून ने अपने दोस्तों को अहम पदों पर नियुक्त कर दिया। इन सभी के पास मार्शल लॉ लागू करने को लेकर कई अधिकार थे और ये कई महीने से इसकी तैयारी कर रहे थे। रक्षा मंत्री किम भी चुंगम से ही पढ़ चुके हैं और राष्ट्रपति के पुराने दोस्त हैं। रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति ने मार्शल लॉ लगाने से 3 घंटे पहले एक कैबिनेट मीटिंग बुलाई थी, जिसमें उनके अलावा 4 लोग शामिल थे। प्रधानमंत्री के अलावा, वित्त और विदेश मंत्री ने मार्शल लॉ लगाए जाने का विरोध किया था। हालांकि, राष्ट्रपति ने उनकी सलाह को नजरअंदाज कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने रॉयटर्स को बताया कि मार्शल लॉ लगाने से चार घंटे पहले उन्हें राष्ट्रपति कार्यालय से नेशनल पुलिस चीफ को मैसेज मिला था और उन्हें स्टैंडबाय पर रहने को कहा गया था। दक्षिण कोरिया की संसद में कुल 300 सीटें हैं। इस साल की शुरुआत में हुए चुनाव में जनता ने विपक्षी पार्टी डीपीके को भारी जनादेश दिया था। सत्ताधारी पीपल पावर को सिर्फ 108 सीटें मिलीं, जबकि विपक्षी पार्टी डीपीके को 170 सीटें मिलीं। बहुमत में होने की वजह से विपक्षी डीपीके, राष्ट्रपति सरकार के कामकाज में ज्यादा दखल दे रही थी, और वे अपने एजेंडे के मुताबिक काम नहीं कर पा रहे थे। राष्ट्रपति योल ने 2022 में मामूली अंतर से चुनाव जीता था। इसके बाद से उनकी लोकप्रियता घटती चली गई। उनकी पत्नी के कई विवादों में फंसने की वजह से भी उनकी इमेज पर असर पड़ा। फिलहाल राष्ट्रपति की लोकप्रियता 17% के करीब है, जो कि देश के तमाम राष्ट्रपतियों में सबसे कम है। इन सबसे निपटने के लिए राष्ट्रपति ने मार्शल लॉ लगा दिया। उन्होंने डीपीके पर उत्तर कोरिया के साथ सहानुभूति रखने और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया। पत्नी और फर्स्ट लेडी किम कियोन के एक लग्जरी ब्रैंड का बैग गिफ्ट लेने की वजह से राष्ट्रपति की साख में बट्टा लग गया। दरअसल इस साल की शुरुआत में एक यूट्यूबर ने वीडियो लीक कर दिया जिसमें राष्ट्रपति की पत्नी को एक पादरी से महंगा गिफ्ट लेते हुए दिख रही थीं।

# मोहम्मद यूनुस बोले- शेख हसीना ने देश बर्बाद किया

## कहा- ट्रायल के बाद भारत से प्रत्यर्पण की मांग करेंगे, फिलहाल चुनाव कराने से इनकार

ढाका, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर देश में सब कुछ बर्बाद करने का आरोप लगाया। यूनुस ने कहा कि हसीना ने 15 साल के कार्यकाल में देश के सरकारी तंत्र को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। हमारे ऊपर लोकतंत्र, आर्थिक स्थिरता और जनता के विश्वास को बहाल करके इसे फिर से खड़ा करने की बड़ी जिम्मेदारी है। यह बात उन्होंने जापान के अखबार निक्की एशिया को दिए इंटरव्यू में कही। यूनुस ने फिलहाल बांग्लादेश में चुनाव की संभावनाओं से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि हम हसीना पर ट्रायल पूरा होने के बाद भारत से उनके प्रत्यर्पण के लिए आधिकारिक तौर पर मांग करेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री हसीना बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद निर्वासित जीवन व्यतीत कर रही हैं। यूनुस ने आरोप लगाया कि हसीना के शासन काल में लोकतांत्रिक सिद्धांतों की पूरी तरह से अनदेखा किया गया।

हसीना ने तीन लगातार कार्यकाल में वोटर्स की भागीदारी के बिना नकली चुनाव कराए। उन्होंने खुद को और अपनी पार्टी को बिना किसी लड़ाई के जीता हुआ घोषित किया। संविधान और न्यायपालिका में बदलाव के बाद ही देश में चुनाव कराए जाएंगे।

# कनाडा में भारत को पसंद करने वाले घटे

## सिर्फ 26% का भारत की तरफ पॉजिटिव नजरिया 39% बोले ट्रूडो के रहते रिश्ते नहीं सुधरेंगे

ओटावा, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत और कनाडा के बीच हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से जारी तल्खी का असर आम कनाडाई की सोच पर भी पड़ा है। यही वजह है कि कनाडा में भारत को पसंद करने वालों की तादाद साल 2020 के 56% मुकाबले आधी रह गई है। एंगस रीड इंस्टीट्यूट (एआरआई) और एशिया पैसिफिक फाउंडेशन ऑफ कनाडा के सर्वे के मुताबिक, आज के वक्त कनाडा में सिर्फ 26% लोग ही भारत के लिए पॉजिटिव नजरिया रखते हैं।

सर्वे में 39% कनाडाई ने माना कि जब तक जस्टिन ट्रूडो कनाडा के प्रधानमंत्री हैं, तब तक भारत के साथ रिश्तों में सुधार नहीं होगा। 34% लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में भी यही सोचते हैं। सर्वे के मुताबिक, 39% कनाडाई मानते हैं कि ट्रूडो सरकार भारत के साथ अच्छे से रिश्ते मैनेज नहीं कर पाई, जबकि 32% लोगों की सोच इसके उलट थी। 29% लोगों की इस बारे में कोई स्पष्ट राय नहीं थी।

**कनाडा में अब भी रूस-चीन से ज्यादा भारत पसंद**

20 महीने पहले 52% कनाडाई लोगों ने कहना था कि ओटावा और नई दिल्ली को एक दूसरे के साथ जरूरी पार्टनर के तौर पर दोस्ताना रिश्ते रखने चाहिए। हालांकि, अब इन लोगों की संख्या सिर्फ 24% रह गई है।

सर्वे में यह भी पता चला कि कनाडा में अभी भी भारत को रूस और चीन के मुकाबले ज्यादा पॉजिटिव नजरिए से देखा जाता है। हालांकि, नई दिल्ली पर उनका भरोसा सिर्फ 28% ही है।


कनाडा में 2025 में संसदीय चुनाव होने जा रहे हैं और विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है । लोगों के मुताबिक, अगर कंजर्वेटिव पार्टी जीतती है तो पियरे पॉलिवर कनाडा के प्रधानमंत्री होंगे, जिससे बाइलैटरल रिलेशन्स को फिर से बेहतर बनाने का मौका मिलेगा।

तनावपूर्ण रिश्तों के बाद भी 64% कनाडाई लोगों का मानना है कि देश को फिर से भारत के साथ बिजनेस डायलॉग शुरू करने की कोशिश करना चाहिए। लोगों की इस सोच पीछे की खास वजह ट्रम्प की तरफ से कनाडाई एक्सपोर्ट पर 25% टैरिफ लगाने की धमकी भी है। एंगस रीड इंस्टीट्यूट की स्थापना अक्टूबर 2014 में डॉ. एंगस रीड ने की थी। यह एक नॉट फॉर प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन है। इसकी स्थापना कनाडा और और उससे जुड़े मुद्दे जैसे फाइनेंस, सोशल, गवर्नेंस, चैरिटी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, घरेलू और विदेश नीति पर कनाडाई लोगों की राय जानने के लिए किया जाता है।

# रूस की परमाणु मिसाइल जिसे पुतिन ने बताया था तबाही का हथियार

## अब निकली पीआर स्टंट, अपने लोगों ने ही खोली पोल

मॉस्को, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। रूस ने नवम्बर में यूक्रेन के निप्रो शहर पर परमाणु हमला करने में सक्षम मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'ओरेशनिक' दागी थी। रूसी राष्ट्रपति ने इस मिसाइल को हाइपरसोनिक श्रेणी की बताया था, जिसकी 'दुश्मन के पास कोई काट नहीं' है। इसके साथ ही उन्होंने कीव को धूल में मिलाने की धमकी दी थी। हालांकि, ब्रिटिश मीडिया आउटलेट द सन ने रूस के अंदरूनी सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि ओरेशनिक नाम का ये नया सुपर हथियार काफी हद तक पश्चिम को डराने के लिए एक प्रचार मात्र है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने हमले के बाद इस बारे में जानकारी देते हुए अपने नए हथियार की जमकर तारीफ की थी और ओरेशनिक मिसाइलों के अपने शस्त्रागार में बढ़ाने की बात कही है। लेकिन रूस के अंदरूनी सूत्रों ने इस दावे की धज्जियां उड़ाई हैं और कहा है कि ओरेशनिक का डर दिखाना असल में पुतिन और उनके समर्थकों का एक झूठा दावा है।



**पुतिन ने किया झूठा दावा?**

द सन ने मॉस्को टाइम्स की एक रिपोर्ट का हवाला दिया है जिसमें चार अंदरूनी सूत्रों ने बताया है कि इस हथियार का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाने और कीव को नष्ट करने के लिए लगभग असंभव है। रिपोर्ट के अनुसार, रूसी सूत्रों ने खुलासा किया है कि यह रूस का एक क्लासिक सैन्य प्रचार अभियान है, जिसे रूसी डिफेंस इंडस्ट्री को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने के लिए डिजाइन किया गया है।

**अमेरिका और ब्रिटेन को डराने की कोशिश**

रूसी शासन में इस बात पर विचार किया गया कि अमेरिका और ब्रिटेन ने यूक्रेन को रूस के खिलाफ लंबी दूरी की मिसाइलों के इस्तेमाल की मंजूरी दी है, उसका जवाब देने की जरूरत है। यूरोप को डराया जाए ताकि वे दोबारा ऐसा न करें। एक अन्य रूसी अधिकारी ने बताया कि यह सिर्फ एक शो था और इसके कई एपिसोड थे, जिन्हें मंचित किया गया और जनता के सामने पेश किया गया।

# अमेरिकी इंश्योरेंस कंपनी के सीईओ की गोली मारकर हत्या

न्यूयॉर्क, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी कंपनी यूनाइटेड हेल्थकेयर की इंश्योरेंस यूनिट के सीईओ ब्रैन थॉम्पसन की बुधवार सुबह न्यूयॉर्क में गोली मारकर हत्या कर दी गई। थॉम्पसन को न्यूयॉर्क के हिलटन होटेल के सामने हमलावर ने शूट किया है। न्यूज पोर्टल ब्लूमबर्ग ने पुलिस अधिकारियों के हवाले से लिखा है कि थॉम्पसन को सीने में गोलियां मारी गई थीं। थॉम्पसन बुधवार को कंपनी की इन्वेस्टर डे कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने के लिए होटेल पहुंचे थे। कंपनी ने बताया कि उनके एक कर्मचारी की मेडिकल कंडीशन की वजह से कॉन्फ्रेंस को समय से पहले खत्म कर दिया गया है। न्यूयॉर्क पोस्ट की खबर के मुताबिक एक नकाबपोश व्यक्ति ने थॉम्पसन पर गोलिया चलाई थीं। गोली लगने के बाद थॉम्पसन को माउंट सिनाई अस्पताल ले जाया गया था, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। न्यूयॉर्क पोस्ट ने प्रत्यदर्शियों के हवाले से बताया है कि हमलावर काफी देर घटना वाली जगह पर घूम रहा था। जैसे ही थॉम्पसन होटेल के बाहर पहुंचे, उसने गोलियां चलानी शुरू कर दी थी। गोली चलाने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गया।

फिलहाल पुलिस हमलावर की तलाश में है। पुलिस ने मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं की है। पुलिस बताया है कि हमलावर एक श्वेत व्यक्ति था।

# तालिबान ने महिलाओं की नर्सिंग की पढ़ाई पर लगाई पाबंदी

काबुल, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। तालिबान ने अफगानिस्तान में महिलाओं की नर्सिंग की ट्रेनिंग पर बैन लगा दिया है। काबुल में स्वास्थ्य अधिकारियों की हाल ही में बैठक हुई थी जिसमें तालिबान सरकार का फैसला सुनाया गया।

अफगानिस्तान में स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है लेकिन बैठक के दौरान ही उन्हें कहा गया कि महिलाएं और लड़कियां अब इन संस्थानों में पढ़ाई नहीं कर सकती हैं। इसकी कोई वजह नहीं बताई गई।

किक्रेटर राशिद खान ने तालिबान के फैसले पर चिंता जताते हुए कहा कि तालिबान के इस फैसले का अफगानिस्तान पर गहरा असर पड़ेगा क्योंकि देश पहले से ही मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र मिशन ने भी तालिबान सरकार से अपने फैसले पर फिर से विचार करने की अपील की है। मिशन ने कहा कि इस फैसले से देश के हेल्थ सिस्टम और विकास पर बुरा असर पड़ेगा। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा कि अफगानिस्तान में सबसे ज्यादा महिलाओं की मौत बच्चों को जन्म देने के दौरान हो जाती है। देश में पहले से ही मेडिकल स्टाफ की कमी है। तालिबान के फैसले से देश पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा।

तालिबान के इस फैसले से देश में महिलाओं की पढाई का आखिरी रास्ता भी बंद हो गया है। तालिबान ने 2021 में अफगानिस्तान पर दोबारा कब्जा कर लिया था। इसके बाद से वह महिलाओं पर कई पाबंदियां लगा चुका है। सबसे पहले अलग-अलग सरकारी संस्थानों में काम कर रही महिलाओं से उनकी नौकरियां छीनी गई। फिर उनकी पढ़ाई पर पाबंदियां लगाई गई। अफगानिस्तान में महिलाएं सिर्फ छठी कक्षा तक ही पढ़ाई कर सकती हैं।

# सुखबीर बादल पर हमला पंजाब में आतंकवाद की वापसी के संकेत

## बादल पर हमला करने वाले बब्बर खालसा के आतंकी नारायण चौड़ा को देखते ही गोली मारनी चाहिए : शांडिल्य

अंबाला, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्व हिन्दू तख्त के अंतरराष्ट्रीय प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने आज पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात कर पंजाब में बढ़ती आतंकी गतिविधियों और सुरक्षा से संबंधित गंभीर मुद्दों पर चर्चा की।

इस दौरान उन्होंने धार्मिक स्थलों की सुरक्षा और खालिस्तानी गतिविधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की माँग की । इस अवसर पर सुरेंद्र पाल केके, मनीष पासी, गोल्डी पाहवा व कई फ्रंट सदस्य मौजूद रहे।

वीरेश शांडिल्य ने राज्यपाल से शिरोमणि अकाली दल के सुखबीर सिंह बादल पर हुए हमले की जाँच के लिए उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने इस घटना को पंजाब में बिगड़ती कानून व्यवस्था का परिणाम बताया और दोषी खालिस्तानी आतंकवादी पर सख्त कार्रवाई की माँग की। शांडिल्य ने पंजाब के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात करने की मांग की। मुलाक़ात के दौरान वीरेश शांडिल्य ने बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेंद्र शास्त्री को धमकी देने वाले कट्टरपंथी बरजिंदर सिंह परवाना की तत्काल गिरफ्तारी की भी माँग की। उन्होंने खालिस्तानी आतंकी बलवंत सिंह राजोआना को पटियाला जेल से तिहाड़ जेल में स्थानांतरित करने की भी मांग की। शांडिल्य ने कहा कि ऐसे आतंकियों का पंजाब में रहना खतरनाक है।



मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए वीरेश शांडिल्य ने खालिस्तानी गतिविधियों पर एक सख्त कानून बनाने की अपील की।


उन्होंने कहा, "खालिस्तानियों को देखते ही गोली मारने का कानून बनाया जाए ताकि पंजाब और देश की अखंडता को बनाए रखा जा सके।

शांडिल्य ने राज्यपाल से पंजाब में आतंकवादी जरनैल सिंह भिंडरावाला के खिलाफ बयान देने वाले हिंदू नेताओं पर दर्ज मुकदमों को रद्द करने की अपील की। राज्यपाल ने एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया द्वारा सौंपे गए ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए गृह मंत्रालय को ज्ञापन भेजा और पंजाब सरकार को कार्रवाई के लिए लिखित आदेश दिए हैं।

# जेल में बंद ईरान की नोबेल विजेता नरगिस मोहम्मदी रिहा

## 3 हफ्ते की जमानत, हिजाब के खिलाफ बोलने पर 31 साल की सजा मिली है

तेहरान, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। जेल में बंद ईरान की नोबेल विजेता महिला अधिकार कार्यकर्ता और पत्रकार नरगिस मोहम्मदी को 3 हफ्ते के लिए जमानत पर रिहा किया गया है। नरगिस नवंबर 2021 से जेल में बंद हैं। उन्हें ईरान की सरकार ने मृत्युदंड और हिजाब के खिलाफ अभियान चलाने के लिए गिरफ्तार किया था। नरगिस को 2023 में महिलाओं की आजादी और उनके हक की आवाज उठाने के लिए नोबेल का पीस प्राइज दिया गया था। नरगिस की रिहाई की जानकारी उनके वकील मुस्तफा नीली ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट कर दी है। पोस्ट में बताया गया है कि डॉक्टर्स की सलाह पर सरकार ने नरगिस की सजा को 3 हफ्ते के लिए निलंबित कर दिया है। साथ ही उन्हें रिहा भी कर दिया गया है। नरगिस की सिर्फ 3 हफ्ते की रिहाई पर उनके परिवार वालों और समर्थकों ने नाराजगी जताई है। नरगिस के परिवार ने कम से कम 3 महीने की रिहाई की मांग की है।



52 साल की नरगिस को ईरान की इवान जेल में कैद रखा गया था। उन्हें 31 साल की जेल और 154 कोड़ों की सजा सुनाई थी। 2023 में नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में नरगिस का परिवारजन उनका नोबेल प्राइज लेने पहुंचे थे। इसके बाद ईरान की सरकार ने नरगिस को 15 महीने की अतिरिक्त सजा सुनाई थी। नरगिस का जन्म कुर्दिस्तान ईरान के जंजन शहर में 21 अप्रैल 1972 में हुआ। उन्होंने फिजिक्स की पढ़ाई की थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने इंजीनियर के तौर पर काम किया। वो कॉलमनिस्ट भी रहीं। कई अखबारों के लिए लिखती थीं। 1990 के दशक से ही नरगिस महिलाओं के हक के लिए आवाज उठा रही थीं।

2003 में उन्होंने तेहरान के डिफेंडर्स ऑफ ह्यूमन राइट सेंटर में काम शुरू किया। नोबेल प्राइज की वेबसाइट के मुताबिक, नरगिस मोहम्मदी को जेल में बंद कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों की सहायता करने की कोशिश करने के आरोप में पहली बार 2011 में जेल हुई थी। पिछले साल जून में न्यूयॉर्क टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में नरगिस ने कहा था कि उन्होंने 8 साल से अपने बच्चों को नहीं देखा है। उन्होंने आखिरी बार अपनी जुड़वा बेटियों अली और कियाना की आवाज एक साल पहले सुनी थी। नरगिस की दोनों बेटियां उनके पति तागी रहमानी के साथ फ्रांस में रहती हैं। दरअसल, तागी भी एक पॉलिटिकल एक्टिविस्ट हैं। जिन्हें ईरान की सरकार ने 14 साल जेल की सजा दी थी। नरगिस ने एक किताब भी लिखी है, जिसका नाम व्हाइट टॉर्चर है। ईरानी हुकूमत की तमाम कोशिशों के बावजूद, मोहम्मदी की आवाज दबाई नहीं जा सकी।

# फ्रांस में 3 महीने में गिरी पीएम बार्नियर की सरकार

## पहली बार किसी पीएम को अविश्वास प्रस्ताव से हटाया गया, राष्ट्रपति मैक्रों को इस्तीफा सौपेंगे

पेरिस, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। फ्रांस में 3 महीने पहले बनी पीएम मिशेल बार्नियर की सरकार बुधवार को गिर गई। फ्रांस की संसद में पीएम बार्नियर की सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास हो गया। अब उन्हें अपनी पूरी कैबिनेट के साथ राष्ट्रपति मैक्रों को इस्तीफा सौंपना पड़ेगा। फ्रांस के 62 साल के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब संसद में अविश्वास प्रस्ताव के पास होने के कारण किसी प्रधानमंत्री को सत्ता गंवानी पड़ रही है। संसद में वामपंथी एनएफपी गठबंधन की ओर से पेश अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 331 वोट पड़े, जबकि प्रस्ताव के पास होने के लिए 288 वोट ही काफी थे। 3 महीने पहले ही अपॉइंट किए गए कंजर्वेटिव नेता बार्नियर गुरुवार को इस्तीफा दे सकते हैं। उन्हें फ्रांस के इतिहास में सबसे कम दिनों तक सरकार चलाने वाला प्रधानमंत्री माना जाएगा। बार्नियर ने अविश्वास प्रस्ताव से पहले अपने आखिरी भाषण में कहा था- फ्रांस और फ्रांसीसियों की सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात है।

फ्रांस की संसद का निचला सदन यानी नेशनल असेंबली में किसी भी एक पार्टी के पास बहुमत नहीं है। इसमें 3 पार्टियां हैं। मैक्रों का सेंट्रिस्ट अलायंस, वामपंथी गठबंधन न्यू पॉपुलर फ्रंट और दक्षिणपंथी पार्टी नेशनल रैली।

वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट और दक्षिणपंथी नेशनल रैली फिलहाल विपक्ष में हैं। ये दोनों आम तौर पर एक-दूसरे के खिलाफ रहते हैं, लेकिन अविश्वास प्रस्ताव में दोनों पार्टियां साथ आ गई।

हाल ही में बार्नियर ने नया बजट पेश किया था। इसमें उन्होंने टैक्स बढ़ाने का फैसला किया।

फ्रांस में आम तौर पर बजट को नेशनल असेंबली में वोटिंग के बाद पास किया जा सकता है, लेकिन बार्नियर ने बजट को बिना वोटिंग के ही पास करवाया और लागू कर दिया। इसके विरोध में वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट और दक्षिणपंथी नेशनल रैली एकजुट हुए। उन्होंने बार्नियर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया, जो पास भी हो गया। फ्रांस के संविधान के मुताबिक, बार्नियर के इस्तीफे के बाद मैक्रों को एक नया पीएम नियुक्त करना होगा, क्योंकि फ्रांस में जुलाई 2024 में ही चुनाव हुए थे। ऐसे में जुलाई 2025 तक चुनाव नहीं हो सकते हैं।

# ब्रिटेन में अलोकप्रिय हो रहे पीएम किएर स्टार्मर

लंदन, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर जल्द ही ब्रिटेन में किए गए चुनावी वादों को निभाने के लिए नई योजना लेकर आने वाले हैं। दरअसल, लेबर सरकार के पांच महीने पहले सत्ता में आने के बाद से ही उस पर वादों को न निभाने के आरोप लगे हैं। इतना ही नहीं, हाल ही में उनकी सरकार के एक मंत्री ने भी इस्तीफा दे दिया। ऐसे में प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर और उनकी लेबर पार्टी की लोकप्रियता भी लगातार गिर रही है।

अब लेबर पार्टी जल्द ही अपनी नई नीतियों के लिए कुछ लक्ष्य निर्धारित करने पर विचार कर रही है, जिससे मतदाता उनके प्रशासन के कामकाज को परख सकें। लेबर सरकार का कहना है कि इस तरह लक्ष्य निर्धारित करने से जनता को साफ पता चलेगा कि उनके शासन में कितना काम हुआ है और वादों को किस तरह से निभाया गया। गौरतलब है कि किएर स्टार्मर की सरकार अब तक अपने वादों से पीछे हटने और कुछ विवादित फैसलों के चलते मुश्किल में घिरी है। खासकर पेंशन लेने वाले लोगों को सर्दी में ईंधन के लिए दी जाने वाली रकम की कटौती, बच्चों को मिलने वाले फायदों को रोकने और अमीर दानकर्ताओं से गिफ्ट लेने के आरोपों के चलते नई सरकार का अब तक का कार्यकाल विवादों से भरा रहा है। इतना ही नहीं बीते पांच महीनों में लेबर सरकार को कई इस्तीफों का भी सामना करना पड़ा है। कुछ समय ही प्रधानमंत्री कार्यालय में अधिकारियों के दो धड़ों में बंटने की खबरों के बाद चीफ ऑफ स्टाफ स्यु ग्रे के इस्तीफा देना पड़ा था।

# बांग्लादेशी गृहमंत्री बोले- भारत में यूएन पीस-कीपिंग फोर्स तैनात हो

## ममता के बयान पर पलटवार, अगले हफ्ते बांग्लादेश जा सकते हैं भारतीय विदेश सचिव

ढ़ाका, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत-बांग्लादेश में बढ़ते तनाव के बीच बांग्लादेश के गृह मंत्री जहांगीर आलम चौधरी ने भारत विरोधी बयान दिया है। चौधरी ने कहा कि यूनाइटेड नेशंस पीस कीपिंग फोर्स (शांति सेना) को बांग्लादेश में नहीं बल्कि भारत में तैनात किया जाना चाहिए। उनका यह बयान पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की बांग्लादेश में पीस कीपिंग फोर्स तैनात करने की मांग के बाद आया है, जिसमें उन्होंने पीएम मोदी से बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए व्यक्तिगत हस्तक्षेप करने की अपील की थी।

इसी बीच भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री अगले हफ्ते ढाका जा सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मिस्री दोनों देशों के बीच 9 और 10 दिसंबर को होने वाली फॉरेन ऑफिस कन्सलटेशन(एफओसी) में हिस्सा लेंगे।

बांग्लादेश के विदेश सलाहकार तौहिद हुसैन ने बताया कि एफओसी 10 दिसंबर को होनी थी, लेकिन अब यह 9 दिसंबर को हो सकती है। बैठक में बांग्लादेशी विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन भी शामिल होंगे।

शेख हसीना पर बांग्लादेश इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल में केस चल रहा है। वे जुलाई और अगस्त में हुए विरोध के दौरान नरसंहार की आरोपी हैं। 5 अगस्त को सरकार गिरने के बाद वे वहां से भागकर भारत आ गई थी, जिससे दोनों देशों में तनाव बढ़ गया। हाल ही में हिंदु धर्म गुरू चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी की बाद यह तनाव और बढ़ गया है। एफओसी भारत और बांग्लादेश के बीच हर साल होने वाली उच्च स्तरीय वार्ता है। इसमें दोनों देशों के बीच वीजा, पॉलिसी, व्यापार और दूसरे मुद्दों पर बातचीत होती है। पिछले साल यह मुलाकात 24 नवंबर को दिल्ली में हुई थी। इसमें भारत की तरफ से तत्कालीन विदेश सचिव विजय मोहन क्वात्रा और बांग्लादेश की तरफ से मसूद बिन मोमेन शामिल हुए थे। इसमें सीमा सुरक्षा, व्यापार और भारत बांग्लादेश के बीच संबंधों को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर बातचीत हुई थी। उस समय यह तय हुआ था कि अगली मुलाकात बांग्लादेश में होगी।



# ईआरसीपी को लेकर दिल्ली से आई बड़ी खुशखबरी

## राजस्थान में लगेंगे एक लाख 60 हजार बोरवेल



जयपुर, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान की सबसे अहम परियोजना पार्वती-कालीसिंध-चंबल ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। दिल्ली दौरे पर पहुंचे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में पीकेसी-ईआरसीपी को लेकर राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकार के बीच एमओयू हुआ। ऐसे में 20 साल पुराना विवाद भी सुलझ गया है। साथ ही राजस्थान में एक लाख 60 हजार बोर लगाए जाएंगे।

**राजस्थान में लगेंगे एक लाख 60 हजार बोरवेल**


बैठक के बाद केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने पीएम मोदी का संकल्प है कि जल संचय, जनभागीदारी, जन आंदोलन में परिवर्तित होना चाहिए। उसी योजना को आगे बढ़ाते हुए राजस्थान, मध्यप्रदेश और बिहार के लिए एक योजना बनी थी, जिसके अंदर कर्मभूमि से जन्मभूमि का कार्यक्रम तय हुआ था। तीन राज्यों के व्यापारी जो सूरत में हैं, उन लोगों ने करीब एक लाख 60 हजार बोर राजस्थान में, 15 हजार बोर मध्यप्रदेश में और बिहार में 10 जिलों के सभी गांवों में चार-चार बोर लगाए जाएंगे। यह काम शुरू हो चुका है। राजस्थान के सिरोही और जोधपुर में काम चल रहा है।

**सीएम बोले-राजस्थान के लिए वरदान साबित होगी ये योजना**

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में एक लाख 60 हजार बोर लगाए जाएंगे। ऐसे में कर्मभूमि से जन्मभूमि कार्यक्रम राजस्थान के वरदान साबित होगा। क्योंकि राजस्थान में पानी की बहुत कमी रहती है। राजस्थान सहित एमपी और बिहार में जो बहुत बड़ा काम होने वाला है, उसके लिए मैं पीएम मोदी और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को धन्यवाद देना चाहता हूं।

# धर्मस्थलों को खोदने का कोई अंत नहीं

## मुद्दों से ध्यान भटकाकर तनाव पैदा कर रही है सरकार : पायलट



टोंक, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। पायलट ने कहा कि सरकार का पहला साल जनता की उम्मीदों और वादों को पूरा करने के लिए होता है लेकिन भाजपा सरकार ने किसानों की मांगों और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों पर कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री के राजस्थान दौरे पर ईआरसीपी को लेकर कहा कि राजस्थान, मध्यप्रदेश और केंद्र में भाजपा सरकारें होने के बावजूद इस प्रोजेक्ट पर कोई स्पष्टता नहीं है। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी को लेकर कोई डॉक्यूमेंट जनता के सामने नहीं रखा गया। सरकार किसानों के आंदोलन का हल निकालने में नाकाम रही है लेकिन मंदिर-मस्जिद जैसे मुद्दों पर सुर्खियां बनाने में सबसे तेज है।

पायलट ने धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों पर तनाव बढ़ने की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि संसद ने 1991 में धार्मिक स्थलों की यथास्थिति बनाए रखने का कानून पारित किया था, लेकिन आज लोअर कोर्ट्स में ऐसे मुद्दे उभर रहे हैं, जिनसे बेवजह तनाव पैदा हो रहा है। उन्होंने संभल और अजमेर जैसी घटनाओं का जिक्र करते हुए भाजपा पर ध्रुवीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोगों को बांटने वाली ताकतों से हमे परहेज करना होगा। राहुल जी और प्रियंका जी को संभल जाने से रोका गया, वे मृतकों के परिजनों से मिलने जा रहे थे लेकिन उन्हें रोक दिया गया। भाजपा की राजनीति ध्रुवीकरण पर टिकी हुई है। भाजपा के लोग हमेशा कुछ ना कुछ सुलगाने की कोशिश करते रहते हैं। अगर आप देश में यह मुहिम छेड़ दें कि हमें धर्मस्थलों या मकानों को खोदना है और उसके नीचे क्या निकलेगा, यह देखना है तो इसका कोई अंत नहीं है। उन्होंने कहा कि देश को बांटने वाली ताकतों से बचने की जरूरत है।

महाराष्ट्र, हरियाणा और राजस्थान में विधानसभा उपचुनाव परिणाम पर पायलट ने कहा कि यह परिणाम बिल्कुल चौंकाने वाले थे। राजस्थान में भी हमारा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा, यहां हम केवल एक ही सीट जीत पाए। पार्टी जब चुनाव जीतती है तो उसका श्रेय सब लेते हैं आज अगर हम जीत नहीं पाए तो उसकी जिम्मेदारी भी सभी लोगों की है । उन्होंने कहा कि पार्टी को अपनी कमजोरियों पर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दौसा में हम जीत हासिल करने में कामयाब रहे, लेकिन अन्य जगह परिणाम हमारे पक्ष में नहीं रहे।

# सफाईकर्मियों की भर्ती को लेकर गरमाई सियासत

## टीकाराम जूली ने सरकार पर बोला बड़ा हमला





जयपुर, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। भजनलाल सरकार ने प्रदेश के शहरी निकायों में हो रही 23820 सफाईकर्मियों की भर्ती को लेकर यू-टर्न ले लिया है। सरकार ने विसंगति बताकर भर्ती को निरस्त कर दिया है। इन पदों के लिए करीब 3.50 लाख लोगों ने आवेदन किया था। स्वायत्त शासन विभाग ने भर्ती आदेश को वापस ले लिया। इस मामले पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार पर जमकर निशाना साधा है।

टीकाराम जूली ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट कर लिखा कि 'भाजपा सरकार की विफलता एक बार फिर से सामने आई है। 23,820 पदों पर सफाई कर्मियों की भर्ती रद्द करना लाखों युवाओं की उम्मीदों पर पानी फेरने का काम है। यह सरकार की नाकामी और भ्रष्टाचार को दर्शाता है। भाजपा सरकार को बार-बार अपने आदेश वापस लेने पड़ रहे हैं, यह उनकी विफलता को दर्शाता है। अनुभव प्रमाणपत्रों में भ्रष्टाचार, भाजपा का शिष्टाचार बन गया है। यह सरकार बार-बार नियम बदल कर भी भर्ती नहीं करा पा रही है, यह उनकी अक्षमता को दर्शाता है।'

उन्होंने आगे लिखा कि 'भाजपा सरकार ने नौकरी की उम्मीद लगाए बैठे लाखों युवाओं की उम्मीदों पर पानी फेरा है। युवाओं याद रखना, भाजपा ने 1 साल में 1 लाख नौकरी देने की बात कही थी, लेकिन अब तक कुछ भी नहीं किया गया है। यह सरकार की विफलता और झूठे वादों को दर्शाता है। मैं इस सरकार की विफलता की घोर निंदा करता हूं और राजस्थान के युवाओं से अपील करता हूं कि वे अपने अधिकारों के लिए आवाज़ उठाएं, कांग्रेस पार्टी आपके साथ खड़ी है।'

**भर्ती को निरस्त करने का निर्णय स्वागत योग्य**

वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र राठौड़ ने सफाई कर्मचारियों की विसंगतियों से भरी भर्ती को निरस्त करने के निर्णय का स्वागत किया है। राठौड़ ने कहा कि वाल्मीकि समाज वर्षों से स्वच्छता और सेवा के कार्य में योगदान दे रहा है। उनके हितों और अधिकारों की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। सरकार अब जो नई भर्ती निकाले, उसे इस समाज के लिए ही आरक्षित करने का फैसला ले तो उचित होगा।

# कपास के गोदाम में लगी भीषण आग

## लाखों का नुकसान, 3 इलाकों की दमकलों ने मिलकर कई घंटों में पाया काबू



जयपुर, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान की राजधानी जयपुर से बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल जयपुर के चार दरवाजा इलाके में एक कपास के गोदाम में बुधवार देर रात आग लग गई। आग को काबू में करने के लिए आसपास के तीन इलाकों से करीब 7 दमकल की गाड़ियां पहुंची, जिन्होंने कई घंटों तक चली मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

आग लगने से गोदाम में रखा सारा माल जलकर राख हो गया, जिससे लाखों का नुकसान हो गया। राहत की बात ये रही कि इस हादसे में किसी व्यक्ति को चोट

आग लगने के कारणों का पता लगाने को लेकर पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने पर तुरंत दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग पर काबू पा लिया गया।

आग के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने गोदाम के मालिक और कर्मचारियों से पूछताछ की।

पुलिस ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं लगा है, लेकिन जांच जारी है।

# किरोड़ी लाल मीना के खिलाफ सीआई कविता शर्मा की रिपोर्ट

## लिखा- मंत्री ने पहुंचाई राजकार्य में बाधा





जयपुर, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में एसआइ भर्ती परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे परीक्षार्थियों पर कार्रवाई करने के दौरान मंगलवार देर रात पुलिस व मंत्री किरोड़ीलाल मीना में विवाद हो गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक बाद में महेश नगर एसएचओ कविता शर्मा ने रोजनामचा में रिपोर्ट डाली।

रिपोर्ट में बताया कि अधिकारियों के कहने पर कार्रवाई करने गई थी। तब एक संदिग्ध की सूचना पर मंत्री किरोड़ी लाल भी आ गए। मंत्री ने कहा कि यह मेरा आदमी है। तुम यहां क्यों आई हो। मैं तुम्हारे खिलाफ केस दर्ज करवाऊंगा।

रिपोर्ट में आगे लिखा है कि अधिकारियों को स्थिति की जानकारी देकर वहां से पुलिस टीम के साथ लौटने लगी, तभी मंत्री के साथ आए लड़कों ने पुलिस गाड़ी में बैठी युवती को नीचे उतार लिया और साथ ले गए। वहीं, मंत्री किरोड़ी लाल ने गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म से मुलाकात कर देर रात पुलिस की कार्रवाई को लेकर विरोध जताया।

जवाहर सिंह बेढ़म से मुलाकात के बाद किरोड़ी लाल मीना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि महेश नगर सीआई कविता शर्मा फर्जी तरीके से नौकरी लगी है, कविता शर्मा को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। वो खिलाड़ी नहीं है फिर भी खेल कोटे से नौकरी हासिल की है, उस पर केस होनी चाहिए।

उन्होंने 2017 का मामले का जिक्र करते हुए कहा कि डीसीपी संजीव जैन ने इसकी जांच की थी। इसके खिलाफ मुकदमा दर्ज है, मुकदमा नंबर भी बताया है। इसकी जांच एटीएस ने की है। उन्होंने कहा कि एटीएस ने प्रमाणति कयिा है क‍ि कविता शर्मा दोषी है।

# ज्वेलर्स की दुकान से 12 किलो चांदी और 10 तोला सोना ले उड़े चोर

## सीसीटीवी पर कपड़ा डाला

चित्तौड़गढ़, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। शहर के सदर थाना इलाके में स्थित सेगवा हाउसिंग बोर्ड स्थित ज्वेलर्स की दुकान को निशाना बनाते हुए चोरों ने यहां से 12 किलो चांदी और करीब 10 तोला वजनी सोने के आभूषण चुरा लिए। जानकारी मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की छानबीन की। चोरों ने दुकान के सीसीटीवी कैमरों पर कपड़े डाल दिए थे और बाद में डीवीआर ही उठाकर ले गए। सदर थाना पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर जांच शुरू कर दी है। इस वारदात से प्रार्थी को 20 लाख से ज्यादा के नुकसान का अनुमान है। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। सेगवा हाउसिंग बोर्ड में मुख्य मार्ग पर विकास सोनी की श्री सांवलिया ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। रात करीब 9 बजे वह दुकान का कामकाज निपटाकर अपने घर पर चला गया था, जहां देर रात को चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। आज सुबह करीब 6 बजे दुकान के पास संचालित दूध डेयरी बूथ के मालिक ने दुकान के ताले टूटे हुए तो उसने मामले की सूचना दुकान मालिक विकास सोनी को दी। दुकान का सारा सामान भी अस्त-व्यस्त हालत में था और दुकान की दोनों तिजोरी और काउंटर के ताले भी टूटे हुए थे। दुकान मालिक ने जानकारी देते हुए बताया कि चोर दुकान में रखी करीब 12 किलो चांदी और 10 तोला वजनी सोने के आभूषण चोरी करके ले गए।

# नीमराणा के होटल किंग फायरिंग मामले में लेडी डॉन से पूछताछ

## पुलिस के हाथ लगे अहम सुराग



अलवर, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। नीमराणा के होटल किंग में 8 सितंबर को 5 करोड़ रुपये की रंगदारी के लिए हुई ताबड़तोड़ फायरिंग के मामले में गिरफ्तार कौशल गैंग की सरगना लेडी डॉन मनीषा चौधरी को राजस्थान पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर भोंडसी जेल से नीमराणा लेकर आई है। पूछताछ के लिए पुलिस अधीक्षक दुष्यंत खुद मंगलवार देर शाम नीमराणा पहुंचे।

फायरिंग की घटना में मनीषा चौधरी मुख्य आरोपी है। उसने न केवल पूरी घटना की साजिश रची थी, बल्कि मौके पर मौजूद रहकर रंगदारी की पर्ची भी दी थी। इस मामले में पुलिस अब तक मनीषा सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस की टीमें अन्य दो मुख्य अभियुक्तों नरेंद्र और पुनीत की तलाश में जुटी हुई हैं।

गौरतलब है कि मनीषा चौधरी गुरुग्राम के एक होटल मालिक से 2 करोड़ रुपये की फिरौती मांगने के मामले में भी आरोपी है और उस पर हरियाणा पुलिस ने 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ है। साथ ही उसे पहले भी खांडसा मंडी प्रकरण में एसटीएफ द्वारा मानेसर से गिरफ्तार किया जा चुका है।

एसपी दुष्यंत ने मनीषा से दो घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। पुलिस को आशंका है कि मनीषा बाहर से कौशल गैंग को निर्देश देकर वारदातों को अंजाम देती थी। नीमराणा फायरिंग मामले में मनीषा की भूमिका अहम मानी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मनीषा चौधरी गैंग के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाती थी और उसी ने होटल किंग पर फायरिंग की पूरी योजना बनाकर इसे अंजाम देने के लिए शार्प शूटरों का इस्तेमाल किया था। घटना के समय वह खुद मौके पर मौजूद थी।

पुलिस ने बताया कि फायरिंग में शामिल दोनों शार्प शूटरों को पकड़ने के लिए राजस्थान पुलिस अन्य राज्यों की पुलिस के साथ मिलकर काम कर रही है। जल्द ही इन दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस घटना ने नीमराणा और आसपास के इलाकों में कौशल गैंग के प्रभाव और उसके डर को उजागर किया है। पुलिस ने स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया है कि गैंगस्टर और उसके नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दुष्कर्म के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

## दो महीने पहले नाबालिग का अपहरण कर की थी वारदात



केकड़ी, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। दो महीने पहले नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में सारवाड़ थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नाबालिग के पिता ने पुलिस में मामला दर्ज कराते हुए बताया था कि दो युवकों ने उसकी बेटी का अपहरण कर दूर खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को कुछ भी बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामचन्द्र सिंह व पुलिस उपअधीक्षक हर्षित शर्मा के निकटतम सुपरविजन में उपरोक्त प्रकरण की जांच केकड़ी शहर थानाधिकारी के जिम्मे की गई। तत्पश्चात आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस ने केकड़ी शहर थाना एवं सरवाड़ थाना दोनों थाना पुलिस की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया और आरोपियों की तलाश शुरू की और सरवाड़ थानांतर्गत बागरियों की ढाणी ग्राम स्यार निवासी राजेश बागरिया पुत्र किशनलाल एवं सुरेश बागरिया पुत्र रामनारायण को दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया।

# बीकानेर में 18 घंटों में 2 जवानों का सुसाइड

## बीसएफ हेड कॉन्स्टेबल ने घर के बेसमेंट में फंदा लगाया दूसरे जवान ने रेंज कैंप में आत्महत्या की

बीकानेर 5 दिसंबर (एजेंसियां)। बीकानेर में 18 घंटे में 2 जवानों ने सुसाइड कर लिया। गुरुवार दोपहर 12:30 बजे बीएसएफ के हेड कॉन्स्टेबल बंशीलाल सारस्वत (41) ने अपने ही घर के बेसमेंट में रस्सी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। 15 साल की नौकरी के बाद कुछ महीनों पहले ही उन्हें गृह जिले पोस्टिंग मिली थी।

वहीं महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में तैनात सेना के जवान संतोष पंवार (30) ने अपने कमरे में फंदा लगा लिया था। उनके साथी जवानों ने कई देर तक उनके कमरे का दरवाजा खटखटाया। कोई जवाब नहीं मिलने पर दरवाजा तोड़ा तो वे पंखे से लटके मिले। दोनों ही मामलों में पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

जयनारायण व्यास कॉलोनी थानाधिकारी सुरेंद्र पचार ने बताया- बीएसएफ जवान बंशीलाल सारस्वत (41) के सुसाइड की सूचना पर शिवबाड़ी पहुंचे। उनका शव बेसमेंट में पंखे से लटका था। मामले की मर्ग दर्ज की गई है। बंशीलाल 15 साल से बीएसएफ में तैनात थे। वर्तमान में बीएसएफ में बंशीलाल हेड कॉन्स्टेबल पद तैनात थे। मामले को लेकर बंशीलाल के भाई दामोदर ने बताया कि उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं थी। हमें कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।

भाई दामोदर ने बताया- बीएसएफ में 15 सालों की नौकरी के दौरान बंशीलाल देश के अलग-अलग हिस्सों में रहे। कुछ महीनों पहले ही उन्हें बीकानेर में स्थित रेंज मुख्यालय में पोस्टिंग मिली थी। इसी कारण बीएसएफ से 1 किमी दूर स्थित शिवबाड़ी क्षेत्र में ही अपना घर बना लिया था। बच्चों की पढ़ाई भी बीकानेर से हुई है। ऐसे में वे अपने गांव हेमेरां कम ही आते थे। खास मौके पर ही गांव आते थे। जानकारी के अनुसार, बंशीलाल के सुसाइड का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। सुसाइड के वक्त उन्होंने शूज पहने हुए थे और खादी का मफलर लगाया हुआ था।

# देश से बाहर जा रहा हमारे आयुर्वेद का महान ज्ञान

## अब दुर्लभ औषधियों का पेटेंट जरूरी- राज्यपाल



जोधपुर, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि आयुर्वेद के भारतीय ज्ञान को युगानुकूल बनाते हुए इससे जुड़ी दुर्लभ औषधियों का पेटेंट, प्रमाणीकरण और इससे जुड़े स्वास्थ्यवर्धक गुणों का अधिकाधिक प्रसार किया जाए। उन्होंने आयुर्वेदिक औषधियों पर शोध और अनुसंधान को बढ़ावा देने के साथ असाध्य रोगों में भी इनके उपयोग के परीक्षण और प्रसार की दिशा में कार्य करने आह्वान किया है।

बागड़े गुरुवार को जोधपुर में राष्ट्रीय आयुर्वेद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'आयुर्वेदिक औषधि मानकीकरण-चुनौतियां और समाधान' विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक औषधियों की ब्रांडिग और पैकेजिंग भी इस तरह से हो कि वह उपयोग के लिए आकर्षित करे। उन्होंने इनके विपणन की कारगर नीति पर भी कार्य करने पर जोर दिया।

राज्यपाल ने प्राचीन भारतीय आयुर्वेद ज्ञान की चर्चा करते हुए आत्रेय, चरक, सुश्रुत आदि द्वारा प्रवर्तित चिकित्सा प्रणालियों के उपयोग और संभावनाओं पर कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे आयुर्वेद के महान ज्ञान को सुनियोजित तरीके से देश से बाहर ले जाया गया। उस ज्ञान में कुछ हेर-फेर कर उसे अपना बनाने के प्रयास निरंतर हुए। इसलिए यह जरूरी है कि जो उपलब्ध ज्ञान हमारा है, आयुर्वेद की दुर्लभ औषधियां हैं, उनके पेटेंट की दिशा में निरंतर कार्य हो।

उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय में आयुर्वेद के महान ज्ञान से जुड़ी किताबों की चर्चा करते हुए कहा कि बख्तियार खिलजी ने देश के उस महान ज्ञान को सदा के लिए समाप्त करने के लिए नालंदा पुस्तकालय में आग लगा दी, लेकिन भारतीय ज्ञान को कोई मिटा नहीं सका है। उन्होंने आयुर्वेदाचार्यों से आग्रह किया कि वे प्राचीन भारतीय ज्ञान की धरोहर को जन-जन तक सुलभ कराएं। उन्होंने औषधीय प्रयोजनों के लिए जड़ी-बूटियों के उपयोग और लिखित ग्रंथों के महत्व पर भी कार्य करने पर जोर दिया।

# अपहरण व हत्या के आरोपी ने पुलिस बैरक में रजाई से फंदा बनाकर की आत्महत्या

श्री गंगानगर, 5 दिसंबर (एजेंसियां)। अपहरण व हत्या के एक तीन माह पुराने मामले में गिरफ्तार आरोपी ने बुधवार देर रात्रि पुलिस बैरक में रजाई के कवर से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सिटी पुलिस बुधवार देर शाम ही आरोपी को गिरफ्तार कर लाई थी। आरोपी को बैरक में तीन अन्य जनों के साथ बंद किया गया था। पुलिस हिरासत में आरोपी के आत्महत्या करने की सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासन में हड़कम्प मच गया।

घटना की सूचना मिलने पर श्रीगंगानगर से गुरुवार अलसुबह चार बजे फोरेंसिक टीम सिटी थाना पहुंची और साक्ष्य जुटाए। वहीं गुरुवार सुबह जिला कलक्टर डॉ. मंजू, एएसपी रघुवीर, एडीएम कन्हैयालाल सोनगरा, एसडीएम संदीप काकड़ सिटी थाना पहुंचे। मामले की न्यायिक जांच के लिए सूरतगढ़ अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपेंद्र मीणा सिटी थाना में पहुंचे और पुलिस तथा परिजनों के अलग-अलग बयान दर्ज किए। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रीगंगानगर से एएसपी स्पेशल सैल रामेश्वर, सीओ श्रीगंगानगर, कुलदीप वालिया, सीओ ग्रामीण राहुल यादव के साथ हनुमानगढ़ जिला सीओ रणवीर सांई, सीओ रमेश माचरा सहित अन्य पूर्व में यहां पदस्थापित पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। विधायक डूंगरराम गेदर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष परसराम भाटिया भी सिटी पुलिस थाना पहुंचे और पुलिस अधिकारियों तथा मृतक के दादा मनीराम कुलड़िया से बात की।

जानकारी के अनुसार अपहरण व हत्या के मामले में वांछित गांव डीडवाना निवासी नरेश उर्फ नरसी पुत्र पालाराम को सिटी पुलिस ने बुधवार शाम को उसके गांव से गिरफ्तार किया था। आरोपी को पुलिस बैरक में अन्य तीन जनों के साथ रखा गया था। पुलिस के अनुसार नरेश ने बुधवार रात्रि करीब दो बजे रजाई के कवर का एक हिस्सा फाड़कर फंदा बना लिया। इसके बाद वह करीब चार फीट ऊंचे जंगले से फंदा बांधकर अपने घुटने मोड़कर लटक गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रात्रि करीब 1 बजकर 50 मिनट पर ही संतरी बैरक चैक करके गया था। जब संतरी 2 बजे वापिस जांच के लिए आया तो नरेश फंदे से लटका मिला।

# सीएम ने इंदिरा महिला शक्ति बाजार का उद्घाटन किया



हैदराबाद, 5 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने आज हैदराबाद में राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा के साथ माधापुर, इंदिरा महिला शक्ति बाजार का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य एक करोड़ महिलाओं को करोड़पति बनाना है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राज्यपाल का आभार व्यक्त करते हुए महिला सशक्तिकरण योजनाओं को शुरू करने के लिए सरकार को बधाई दी। सरकार ने महिला समूहों को करोड़पति बनाने और सौर ऊर्जा उत्पादन परियोजनाओं की स्थापना में अदाणी और अंबाणी के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए योजनाओं की परिकल्पना की और आगे बढ़ रही है। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वयं सहायता समूहों की संख्या 65 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ की जानी चाहिए। छह गारंटी के हिस्से के रूप में, राज्य सरकार ने आरटीसी बसों में महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा प्रदान की। इस वर्ष मुफ्त बस यात्रा सेवा का लाभ उठाने के लिए महिलाओं की ओर से आरटीसी को 4,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया। सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए कुछ और योजनाएं तैयार कर रही है। दुनिया को महिलाओं की शक्ति और विशेषज्ञता दिखाने के लिए हाई-टेक सिटी में स्टॉल लगाएं। महिला समूहों की भी जिम्मेदारी है कि वे अपनी शक्ति को शानदार तरीके से प्रदर्शित करें। उन्होंने कहा कि 9 दिसंबर को राज्य सचिवालय में तेलंगाना तल्ली प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। सभी महिला समूहों को कार्यक्रम में शामिल होने और एक लाख महिलाओं की भीड़ के साथ इसे सफल बनाने के लिए आमंत्रित किया जाता है। आइए हम सभी समूह सदस्यों की जय-जयकार के बीच तेलंगाना तल्ली प्रतिमा का अनावरण करें।

## यूजीसी ने दूरस्थ शिक्षा में दाखिले के लिए नालसार पर लगाया प्रतिबंध

हैदराबाद, 5 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। नालसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ को बड़ा झटका देते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने हाल ही में राज्य के प्रमुख लॉ विश्वविद्यालय को शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) कार्यक्रम पेश करने से प्रतिबंधित कर दिया है।

यूजीसी द्वारा हाल ही में जारी एक नोटिस में कहा गया है कि आयोग ने 3 अक्टूबर, 2024 को आयोजित अपनी 584वीं बैठक में यूजीसी (मुक्त और दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम और ऑनलाइन कार्यक्रम) विनियम, 2020 के तहत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार, शैक्षणिक सत्र अक्टूबर 2024 (जुलाई-अगस्त 2024 से संशोधित) से शुरू होने वाले शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए ओडीएल कार्यक्रमों की पेशकश करने से नालसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, तेलंगाना को प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया। सूत्रों के अनुसार, विश्वविद्यालय पर प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है क्योंकि उसने कथित तौर पर यूजीसी के नियमों का उल्लंघन किया है।

## शांति और विकास के लिए एकता आवश्यक है : भट्टी

### *गुमनाम नायकों की भूमिका उजागर होनी चाहिए : रघु ठाकुर*

### *डिप्टी सीएम ने 'ब्लड स्पीक्स टू' पुस्तक का विमोचन किया*




हैदराबाद, 5 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने गुरुवार को रवीन्द्र भारती में एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में कहा कि शांति और विकास के लिए विभिन्न समुदायों के बीच एकता और विश्वास बहुत महत्वपूर्ण हैं। वे सैयद शहनवाज अहमद कादरी द्वारा लिखित पुस्तक "ब्लड स्पीक्स टू: द रोल ऑफ मुसलिम्स इन इंडिया'ज़ इंडिपेंडेंस" के विमोचन पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के विकास में एकता महत्वपूर्ण है। इस मौके पर लेखक ने कहा, यह पुस्तक न केवल 1857 से 1947 तक मुस्लिम स्वतंत्रता सेनानियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालती है, बल्कि यह विविध समुदायों के योगदान को मान्यता देने और सम्मानित करने का आह्वान भी करती है।

तेलंगाना पीसीसी के सदस्य मोहम्मद जावेद ने कहा, यह पुस्तक समय की मांग थी, क्योंकि वर्तमान सरकार के कुछ लोग यह दावा करते हैं कि मुसलमानों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अधिक योगदान नहीं दिया। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सुरेश खैरनार ने इस भावना का समर्थन करते हुए कहा, यह पुस्तक ऐसे समय में आई है जब मुसलमानों के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर सवाल उठाए जा रहे हैं। प्रमुख विचारक रघु ठाकुर ने कहा, अगर कोई भगत सिंह का नाम लेता है, तो अशफाक उल्ला खान के बलिदान का भी जिक्र होना चाहिए। 'ब्लड स्पीक्स टू' ने इस महत्वपूर्ण काम को अंजाम दिया है कि इन गुमनाम नायकों की भूमिका को उजागर किया जाए। पूर्व सांसद मौलाना ओबेदुल्लाह खान आज़मी ने टिप्पणी की, मुसलमानों ने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना खून बहाया और योगदान दिया, लेकिन आज उन्हीं समुदाय के लोगों को पीटा जा रहा है और उनके घरों को बुलडोज़ किया जा रहा है। जामिया निज़ामिया के चांसलर मौलाना मुफ्ती खलील अहमद ने इतिहास से जुड़े रहने के महत्व पर जोर दिया। एक ऐसा समुदाय जो अपने अतीत से जुड़ा नहीं है, वह अपने भविष्य में आगे नहीं बढ़ सकता। यह पुस्तक आज की और आने वाली पीढ़ियों को उनके अतीत से जोड़ने का एक शानदार प्रयास है। पुस्तक का अंग्रेजी में अनुवाद करने वाले परवेज़ आलम सिद्दीकी ने इसके आज के सामाजिक-राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता को रेखांकित किया। वहीं, तेलंगाना सेंट्रल लाइब्रेरी के चेयरमैन डॉ. रियाज ने घोषणा की कि "ब्लड स्पीक्स टू" की प्रतियां तेलंगाना की सभी 600 लाइब्रेरी में उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि इन अनकही कहानियों के बारे में व्यापक जागरूकता फैलाई जा सके।

## महिलाओं को दी जाने वाली नि:शुल्क बस यात्रा की सुविधा एक वरदान है : कलेक्टर




कुमरमभीम आसिफाबाद, 5 दिसंबर ( स्वतंत्र वार्ता)। जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि सरकार द्वारा महालक्ष्मी योजना के माध्यम से महिलाओं को दी जाने वाली नि:शुल्क बस यात्रा की सुविधा एक वरदान है। गुरुवार को टीजी बस डिपो में आयोजित नि:शुल्क बस यात्रा विजय कार्यक्रम में शामिल जिला कलेक्टर ने कहा कि महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, जो सरकार द्वारा महालक्ष्मी योजना के हिस्से के रूप में शुरू की गई थी, महिलाओं के लिए एक बड़ा अवसर था।

उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार के गठन का एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर किये गये जन शासन समारोह का आयोजन अधिकारियों के समन्वय से जिले में भव्यतापूर्वक किया जायेगा। उन्होंने कहा कि महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को दी गई मुफ्त बस यात्रा से पिछले कुछ वर्षों में कई महिलाओं को लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि अधिकारी, चालक, क्लीनर, मैकेनिक और कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। सरकार कर्मचारियों के स्वास्थ्य के लिए कई पहल करेगी और जिले में महालक्ष्मी योजना में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा सुचारू रूप से चल रही है।

अधिकारियों को डिपो में नई बसें उपलब्ध कराने, यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पेयजल और मूत्रालय उपलब्ध कराने और यात्रियों को किसी भी असुविधा के बिना रात में रोशनी सुनिश्चित करने के उपाय करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जिले के सुदूर गांवों तक भी बस सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाये जाने चाहिए। बाद में नौकरी, व्यवसाय एवं कामकाज के लिए विभिन्न स्थानों पर जाने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित किया गया तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में डिपो मैनेजर विश्वनाथ, आर.टी.सी. अधिकारियों, कर्मचारियों एवं यात्रियों ने भाग लिया।

## झूठी अफवाहें फैलाने वालों पर कार्रवाई होगी : नीरज कुमार

कुमरमभीम आसिफाबाद, 5 दिसंबर ( स्वतंत्र वार्ता)। जिला वन्यजीव अधिकारी नीरज कुमार टिबरेवाल ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि जिले में बाघों की आवाजाही की पृष्ठभूमि में लोगों को केवल स्पष्ट जानकारी देने का प्रयास किया जाना चाहिए। ऐसा देखा जा रहा है कि झूठी अफवाहें और खबरें फैलाई जा रही हैं।दावा है कि झूठे प्रचार से लोगों को आतंकित किया जा रहा है। दहशत फैलाना ठीक नहीं है। सोशल मीडिया से मिली जानकारी को प्रकाशित करने से पहले लोगों को विभाग के अधिकारियों से पुष्टि करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि झूठी खबरें फैलाने के लिए सोशल मीडिया का प्रयोग करेंगे तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।



**पारसीगुटा स्थित श्री आईमाता बडेर में देवड़ा परिवार द्वारा आयोजित महिला संगीत व अतिथियों के सम्मान समारोह कार्यक्रम में उपस्थित सीरवी समाज अध्यक्ष मोहनलाल हाम्बड़, सचिव नारायणलाल काग, कोषाध्यक्ष खंगारसिंह लचेटा, सलाहकार चोलाराम हाम्बड़, परसराम बर्फा, पूर्व सचिव किशनसिंह राठौड़, महाराष्ट्र भाजपा प्रदेश निमंत्रित सदस्य उमेश चौधरी, महिला अध्यक्षा सुशीला देवड़ा, सचिव निर्मला देवड़ा, आयोजक जसवन्त देवड़ा, महेन्द्र देवड़ा, ओमप्रकाश देवड़ा, सरोज, मन्जु, निर्मल, सोनिया देवड़ा, गणेशराम बर्फा व समाज बन्धु।**



**के.बी.आर. पार्क स्थित इच्छा पूर्ति गणेश भगवान की पूजा करते हुए राजेंद्र कुमार अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, संध्या रानी अग्रवाल, संतोष बाईं अग्रवाल, विजय कुमार अग्रवाल, गोपाल बलदवा, सुरेश कुमार, डॉ. राधा कृष्णा, प्रमोद कुमार सरायवाला, विट्ठल दास अग्रवाल, नरेंद्र कुमार चोपड़ा, दीपक सरायवाला, अशोक कुमार सरायवाला, विनोद टिकमानी, अशोक रुंगटा, पी.सी. जैन, डॉ. गुप्ता, राहुल सिंघल।**

## 8 दिसंबर को नौवें सिख गुरु की 349वीं शहादत का स्मरण करेंगे सिख

हैदराबाद, 5 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के सिख 8 दिसंबर को नौवें सिख गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर साहेबजी का 349वां शहीदी दिवस मनाएंगे। प्रबधक समिति के अध्यक्ष एस प्रताप सिंह, सचिव एस रंजीत सिंह और सेवादार एस जसविंदर सिंह ने कहा कि विशाल कीर्तन दरबार 8 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक नगरपालिका मैदान, चिलकलगुडा में आयोजित किया जाएगा।

तख्त श्री दमदमा साहिब, भटिंडा के भाई बिंदर सिंहजी तांतीसाज वाले, ज्ञानी निशान सिंह गंडीविंड, हेड ग्रंथी, बाबा बुड्ढा साहेब और अन्य रागी जत्थे शबद कीर्तन और कथा प्रस्तुत करेंगे। सभी श्रद्धालुओं को गुरु का लंगर परोसा जाएगा। शाम को करीब 4.30 बजे गुरुद्वारा साहिब सीताफलमंडी से एक रंगारंग नगर कीर्तन निकाला जाएगा जो गुरु तेग बहादुर भवन, दीप लाइफ स्टाइल, पी पी ट्रेडर्स के मुख्य गलियारों से होते हुए वापस गुरुद्वारा साहिब में पहुंचेगा।

